इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति" ।।

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

शुक्ला मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
किडनी एवं मूत्र विशेषज्ञ
डॉ. तरुण ध्रुव
MBBS, FID, CCIDS, FIN
CONSULTING PHYSICIAN
IN NEPHROLOGY
डायलिसिस व सभी प्रकार के पथरी का इलाज उपलब्ध
प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार
समय: सुबह 9:30 से 11:30
बसंतपुर, राजनांदगांव (छ.ग.)
Mo. 9301033013, 9752899208

वर्ष- 44 | अंक - 292 | राजनांदगांव, गुरूवार 11 सितम्बर 2025 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

## नेपाल विद्रोह में अब तक 30 की मौत, 1000 घायल: 13,500 कैदी फरार, पुलिस से झड़प में 5 नाबालिग कैदी की मौत

काठमांडू। नेपाल में सोशल मीडिया बैन और भ्रष्टाचार के खिलाफ छिड़े हिंसक प्रदर्शन का फायदा उठाकर 13,500 से ज्यादा कैदी भाग निकले। जबकि हिरासत में लिए गए 560 आरोपी भी फरार हो गए।

इसके अलावा पश्चिमी नेपाल की एक जेल में सुरक्षाकर्मियों और कैदियों के बीच झड़प हो गई। इसमें पुलिस की गोलीबारी से पांच नाबालिग कैदियों की मौत हो गई और चार गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि एक सुधार गृह में कैदियों ने सुरक्षाकर्मियों के हथियार छीनने की कोशिश की, जिसके बाद पुलिस को गोली चलानी पड़ी। इस प्रदर्शन में अबतक 1000 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं और 30 मारे जा चुके हैं। वहीं, लोकल मीडिया में दावा किया गया है कि देश की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की नेपाल की अंतरिम प्रधानमंत्री बन सकती हैं। इन्हें Gen-Z का समर्थन मिला है।

### हिंसा रोकने के लिए लगाया गया कर्फ्यू

वहीं, नेपाल की सेना ने बुधवार को विरोध प्रदर्शनों की आड़ में संभावित हिंसा को रोकने के लिए देशव्यापी



प्रतिबंधात्मक आदेश और कर्फ्यू लागू कर दिए। यह कदम बड़े पैमाने पर सरकारी विरोधी प्रदर्शनों के कारण प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के इस्तीफे के एक दिन बाद उठाया गया है।

### नेपाल से जेल तोड़कर हजारों कैदी फरार

नेपाल में हिंसक प्रदर्शनों का फायदा उठाते हुए हजारों की संख्या में कैदी जेल तोड़कर फरार हो गए हैं। ये कैदी सुरक्षाबलों से छिपकर भारत में घुसने कि फिराक में हैं। बुधवार दोपहर राजबिराज जेल में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब कैदियों ने ब्लॉक क्र में आग लगा दी, जिसके कारण कई कैदी भाग निकले। जेल अधीक्षक गंगा योगी ने बताया कि आग को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षाकर्मियों को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। बावजूद इसके कुछ कैदी जेल से भागने में सफल रहे। द काठमांडू पोस्ट के मुताबिक, आग बुझाने के लिए एक दमकल गाड़ी भेजी गई, जबकि नेपाली सेना, सशस्त्र पुलिस बल और नेपाल पुलिस के जवानों को सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और फरार कैदियों का पता लगाने के लिए तैनात किया गया।

### भारत-नेपाल सीमा पर अलर्ट

गृह मंत्रालय के अधीन केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में से एक, एसएसबी, जिसे नेपाल के साथ भारत की 1,751 किलोमीटर लंबी खुली सीमा और भूटान से लगी 699 किलोमीटर लंबी सीमा की सुरक्षा का दायित्व सौंपा गया है, नेपाल में Gen-Z के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शनों के बाद फैली अशांति के बाद से सतर्क है। अधिकारियों ने कहा कि एसएसबी जवानों की सतर्कता के कारण ही इन कैदियों को हिरासत में लिया गया। हालांकि, आगे की स्थिति को बिगड़ने से रोकने के लिए जेल के (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## भारत पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगेगा? ट्रंप को पसंद नहीं मोदी-पुतिन-चिनफिंग की दोस्ती, चीन को भी लताड़ा

नई दिल्ली। अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक तरफ तो भारत के साथ दोस्ती का हाथ बढ़ा रहे हैं तो दूसरी ओर यूरोपीय यूनियन से भारत पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने की अपील कर रहे हैं। ट्रंप ने चीन पर भी 100 फीसदी टैरिफ लगाने की अपील की है।



फाइनेंशियल टाइम्स रिपोर्ट में अज्ञात अधिकारियों के हवाले से कहा गया है कि राष्ट्रपति ने यह असाधारण मांग मंगलवार को वॉशिंगटन में अमेरिका और यूरोपीय संघ के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच एक बैठक में शामिल होने के बाद की, जिसमें मॉस्को के लिए युद्ध की आर्थिक लागत को बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की गई।

### काम नहीं आ रहा ट्रंप के पैंतरा

दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति भारत पर रूसी तेल न खरीदने के लिए दवाब बनाने के लिए हर पैंतरा अपना रहे हैं। पहले ट्रंप ने भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया और अब वो यूरोपीय यूनियन से भारत पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने की अपील कर रहे हैं। ट्रंप का ये बयान ऐसे समय में आया है, जब कुछ ही घंटों पहले उन्होंने भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता को आगे बढ़ाने की बात की थी।

### मोदी-चिनफिंग-पुतिन की मुलाकात से बेचैन ट्रंप

बता दें कि एससीओ समिट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मुलाकात के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की बेचैनी बढ़ गई है। ट्रंप भारत पर रूसी तेल न खरीदने को लेकर लगातार दवाब बनाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन वो सफल नहीं हो पा रहे हैं।

### रूस से तेल खरीदता है भारत

फरवरी 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण के बाद पश्चिमी देशों द्वारा मॉस्को पर प्रतिबंध लगाने और उसकी आपूर्ति बंद करने के बाद, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## प्रधानमंत्री मोदी 13 सितंबर को असम के दो दिवसीय दौरे पर

### 18 हजार करोड़ की परियोजनाओं का करेंगे शिलान्यास और उद्घाटन

गुवाहाटी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार 13 सितंबर को असम के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे. अपने दो दिवसीय प्रवास के दौरान, प्रधानमंत्री भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका के जन्म शताब्दी समारोह में शामिल लेंगे. जानकारी के मुताबिक वह लगभग 18,000 करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन भी करेंगे.



पीएम मोदी का असम दौरा काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि अगले साल 2026 में यहां विधानसभा चुनाव होने वाले हैं. बता दें, सात महीनों में प्रधानमंत्री का यह दूसरा असम दौरा होगा.

इससे पहले उन्होंने 24 फरवरी को एडवांटेज असम 2.0 के उद्घाटन समारोह में भाग लिया था. असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा ने प्रधानमंत्री मोदी के दो दिवसीय कार्यक्रम की पूरी जानकारी दी. सीएम सरमा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 सितंबर को शाम 4.20 बजे हवाई अड्डे पहुंचेंगे. इसके बाद शाम 5.25 बजे, वे गुवाहाटी के खानापाड़ा में भारत रत्न भूपेन हजारिका जन्म शताब्दी समारोह में शामिल होंगे. बता दें, असम सरकार ने डॉ. भूपेन हजारिका की जन्म शताब्दी का साल भर चलने वाला समारोह 8 सितंबर को पूरे राज्य में रंगारंग कार्यक्रमों (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## राहुल गांधी की सुरक्षा में बड़ी चूक, काफिले के बीच आए भाजपा कार्यकर्ता

रायबरेली। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को अपने संसदीय क्षेत्र के दो दिवसीय दौरे के पहले दिन ही बुधवार को विरोध का सामना करना पड़ा। प्रदेश के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह कार्यकर्ताओं के साथ हाईवे पर धरने पर बैठ गए। इस दौरान सभी ने राहुल वापस जाओ के नारे लगाए। भाजपाई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के खिलाफ की गई अभद्र टिप्पणी से नाराज थे।



### 15 मिनट तक रुकी रही गाड़ियां

इस दौरान पुलिस और भाजपाइयों के बीच करीब आधा घंटे तक जमकर नोकझोंक और हाथापाई हुई। इस दौरान करीब 15 मिनट तक राहुल का काफिला हाईवे पर रुका रहा। यह राहुल की सुरक्षा में चूक माना जा रहा है। पुलिस अफसरों के समझाने पर आधा घंटे बाद भाजपाई शांत हुए। लखनऊ एयरपोर्ट से सांसद राहुल गांधी सड़क मार्ग होते हुए संसदीय क्षेत्र रायबरेली पहुंच रहे थे। लखनऊ-प्रयागराज हाईवे पर गुलूपुर गांव के पास स्थित महावीर इंस्टीट्यूट के पास राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मौजूद थे। पूर्वाह्न करीब 11 बजे राहुल गांधी हरचंदपुर कस्बा पहुंचे ही थे कि इधर राज्यमंत्री कार्यकर्ताओं के साथ हाईवे पर धरने पर बैठ गए। इस दौरान कार्यकर्ता पार्टी के झंडे और बैनर लहराए। बैनर में मोदी जी की मां का अपमान, नहीं सहेगा हिंदुस्तान और कागज पर लिखी तख्तियों में राहुल गांधी वापस जाओ, राहुल गांधी माफी मांगो, देश की माताओं से माफी मांगो के नारे लिखे थे। इसी बीच राहुल गांधी का काफिला भी आ गया। पुलिस अफसरों व पुलिसकर्मियों के हाथ पैर फूल गए। सीओ सदर अमित सिंह, हरचंदपुर थाना प्रभारी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## नेपाल के बाद फ्रांस में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन: बजट कटौती के विरोध में 1 लाख लोग सड़क पर; 80 हजार पुलिसकर्मी तैनात, 300 उपद्रवी गिरफ्तार

पेरिस। नेपाल के बाद अब फ्रांस में भी सरकार के विरोध में प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। बजट में कटौती के खिलाफ और राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के इस्तीफे की मांग को लेकर 1 लाख से ज्यादा लोग बुधवार को सड़क पर आ गए।



प्रदर्शनकारियों ने रेन शहर में एक बस को आग लगा दी। दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में एक बिजली लाइन को नुकसान पहुंचने के बाद ट्रेन सेवाएं रोक दी गईं। गृह मंत्री ने प्रदर्शनकारियों पर विद्रोह का माहौल बनाने की कोशिश करने का आरोप लगाया। फ्रांस बंद का आह्वान लेफ्ट पार्टियों ने किया है। इस प्रदर्शन को ब्लॉक एवरीथिंग नाम दिया गया। सरकार ने 80 हजार पुलिसकर्मियों को तैनात कर दिया है। अब तक 200 से ज्यादा उपद्रवी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। राष्ट्रपति मैक्रों की नीतियां: जनता के एक बड़े वर्ग को लगता है कि मैक्रों की नीतियां आम लोगों के हितों के खिलाफ हैं और अमीर वर्ग को फायदा पहुंचाती हैं। बजट में कटौती: सरकार ने खर्चों में कटौती और कल्याणकारी योजनाओं में कमी कर आर्थिक सुधार लागू किए हैं। इससे आम जनता खासकर मध्यमवर्ग और श्रमिक वर्ग पर दबाव बढ़ा है। 2 साल में 5 पीएम: हाल ही में सेबास्टियन लेकोर्नू को प्रधानमंत्री बनाया गया है। यह दो साल से भी कम समय में पांचवें प्रधानमंत्री हैं। इससे लोगों में अस्थिरता (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## बस्तर इन्वेस्टर कनेक्ट: अब आदिवासियों के गढ़ में खुलेंगे उद्योग, जुटेंगे 200 निवेशक, सीएम साय कल करेंगे शुभारंभ



रायपुर। छत्तीसगढ़ में चहुंओर विकास पहुंचाने के लिये मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन का वाणिज्य एवं उद्योग विभाग 11 सितंबर को बस्तर में इन्वेस्टर कनेक्ट का आयोजन करेगा। राज्य सरकार अब छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर कनेक्ट के माध्यम से निवेश संभावनाओं को बस्तर में तलाश रही है।

### 200 से ज्यादा निवेशक होंगे शामिल

सरकार को उम्मीद है कि बस्तर इन्वेस्टर कनेक्ट में देश-विदेश से 200 से अधिक प्रमुख निवेशक, उद्योग जगत के दिग्गज और स्थानीय उद्यमी शामिल होंगे। यह आयोजन सहयोग और विकास का एक उच्च-स्तरीय मंच साबित होगा। इस अवसर पर कई महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों (स्ब्मह्य) पर हस्ताक्षर होने की भी संभावना है, जो बस्तर की विकास यात्रा में एक ऐतिहासिक पड़ाव सिद्ध होंगे।

### स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाने पर जोर

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमारी सरकार बस्तर के युवाओं को वह कौशल और अवसर देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, जिसके वे अधिकारी हैं और जिनसे वे छत्तीसगढ़ की विकास गाथा के सक्रिय सहभागी बन सकेंगे। औद्योगिक नीति की प्रत्येक पहल स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाने और समृद्धि को घर-घर तक पहुँचाने के उद्देश्य से सोच-समझकर तैयार की गई है।

### मील का पत्थर साबित होगा ये निवेश

बस्तर में छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर कनेक्ट का आयोजन बस्तर के समग्र विकास को साकार करने की दिशा में एक अहम मील का पत्थर साबित होगा। यह बस्तर को सतत् और समावेशी विकास का प्रतीक बनाएगा, जिसकी जड़ें क्षेत्र की सामाजिक और सांस्कृतिक संरचना में गहराई से जुड़ी हैं। इसके साथ ही यह सुनिश्चित करेगा कि अवसरों और लाभों का प्रवाह सीधे स्थानीय जनता तक पहुँचे। इस नीति का उद्देश्य रोजगार सृजन, उद्यमिता को बढ़ावा और स्थानीय समुदायों का सशक्तिकरण है। साथ ही यह सुनिश्चित करना है कि बस्तर की समृद्ध जनजातीय धरोहर और सांस्कृतिक पहचान का संरक्षण भी हो। यह प्रमुख निवेश संवर्धन पहल इससे पहले दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, रायपुर तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर टोक्यो, ओसाका (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## छत्तीसगढ़ में पुलिस विभाग में फेरबदल, डीएसपी रैंक के 52 अधिकारियों के तबादले, कुल 58 का हुआ ट्रांसफर

रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार ने पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल करते हुए DSP रैंक के 52 अधिकारियों समेत कुल 58 अधिकारियों का तबादला कर दिया है। इस बारे राज्य के गृह विभाग की तरफ से एक लिस्ट जारी की गई है, जिसमें इंस्पेक्टर, कंपनी कमाण्डर, इंस्पेक्टर रेडियो, रक्षित निरीक्षक, इंस्पेक्टर (एम), सीनियर रिपोर्टर कैडर से उप पुलिस अधीक्षक कैडर में प्रमोशन पाने वाले अधिकारियों के नाम बताए गए हैं। साथ ही बताया कि अगले आदेश तक ये सभी अपनी नई पोस्टिंग पर अस्थायी रूप से पदस्थ रहेंगे।



इस नए आदेश के अनुसार रमाकांत साहू को रायपुर सिविल लाइन में नया CSP बनाया गया है। बृजेश कुमार तिवारी को पीएचक्यू रायपुर में DSP विशेष शाखा बनाया गया है। चंद्रशेखर ध्रुव को सरगुजा पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय का DSP बनाया गया है।

### अधिकारी और उनकी नई पदस्थापना

सुरेश कुमार भगत- उप पुलिस अधीक्षक (अजाक/क्राइम) जिला-सरगुजा, ओमप्रकाश कुजूर- अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) मैनपुर जिला-गरियाबंद, तूल सिंह पट्टायी- नगर पुलिस अधीक्षक अम्बिकापुर जिला-सरगुजा, नोहरलाल मण्डावी- अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) (मोहला चौकी) जिला-मोहला मानपुर-चौकी अंबागढ़, यशकरण द्वीप ध्रुव- उप पुलिस अधीक्षक (बालक विरूद्ध अपराध अन्वेषण शाखा) जिला-धमतरी, सुश्री शशिकला (मरकाम) उईके- उप पुलिस अधीक्षक (बालक विरूद्ध अपराध अन्वेषण शाखा) जिला-बेमेतरा, सुशील मलिक- उप पुलिस अधीक्षक (बालक विरूद्ध अपराध अन्वेषण शाखा) जिला-गरियाबंद, कमलेश्वर कुमार भगत- उप पुलिस अधीक्षक (अजाक/क्राइम) (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सीएम के दौरे से पहले जिले में गोलीकांड: कोरबा में सीएएफ जवान ने दो लोगों को मारी गोली



कोरबा। मुख्यमंत्री के आगमन से ठीक पहले जिले में सनसनी फैला देने वाली वारदात सामने आई है। हरदीबाजार थाना क्षेत्र के भिलाई बाजार में मंगलवार देर रात गोलियों की तड़तड़ाहट से पूरा इलाका दहशत में आ गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाजार के बीचोंबीच अचानक सीएफ (छत्तीसगढ़ आर्म्ड फोर्स) का जवान गुस्से में बंदूक लेकर आया और देखते ही देखते दो लोगों पर गोलियां दाग दीं। गोलियों की आवाज़ सुनते ही आसपास अफरा-तफरी मच गई। लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। खून से लथपथ दोनों युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

सूचना मिलते ही हरदीबाजार थाना पुलिस और कोरबा पुलिस का अमला घटनास्थल पर पहुँचा। मौके को चारों तरफ से घेरकर शवों को कब्जे में लिया गया और आरोपी जवान को वहीं से गिरफ्तार कर लिया गया। घटना के बाद मृतक के परिजनों ने आक्रोश में आकर स्वास्थ्य केंद्र के सामने चक्का जाम कर दिया। वहीं घटना स्थल पर भी उन्होंने चक्का जाम किया। आक्रोशित परिजनों ने आरोपी को फांसी की सजा देने और उचित कार्रवाई की मांग की है। मौके पर पुलिस बल तैनात हैं। कोरबा एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने पुष्टि करते हुए बताया कि एक सीएफ जवान ने पारिवारिक विवाद के चलते दो लोगों को गोली मार दी है। दोनों की मौत हो चुकी है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और मामले की आगे की जांच जारी है। उन्होंने बताया कि आरोपी तेस राम बिंझवार रलिया निवास है जो रायफल से दो लोगों को गोली मारा है। मृतिका मदालसा साली है। वहीं दूसरा चाचा ससुर राजेश कुमार है।

## सवालों के घेरे में रिलायंस का वनतारा : जांच एजेंसियों ने वनतारा को भेजी 200 सवालों की सूची, एसआईटी ने 3 दिनों तक किया दौरा

नई दिल्ली। रिलायंस फाउंडेशन की ओर से संचालित वैश्विक वन्यजीव बचाव और पुनर्वास संगठन वंतारा को सुप्रीट कोर्ट की ओर से गठित एसआईटी समेत जांच करने वाली एजेंसियों के एक संघ ने लगभग 200 सवालों वाली प्रश्नावली भेजी है। एक सूत्र ने इसकी पुष्टि की है।

सूत्रों के अनुसार, पूर्व सुप्रीम कोर्ट जज जस्ती चेलमेश्वर की अगुवाई में गठित विशेष जांच दल ने तीन दिन तक वंतारा का दौरा किया। इस दौरान कई अन्य जांच एजेंसियां भी टीम के साथ रहीं। जांच में सहयोग के लिए विभिन्न राज्यों के वन विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल किए गए। इस यात्रा के दौरान वंतारा की नेतृत्व टीम के वरिष्ठ सदस्यों से लंबी पूछताछ की गई। यह भी पता चला है कि एसआईटी ने वंतारा से अपने सभी अंतरराष्ट्रीय सहयोगियों को पूछताछ के लिए बुलाने को कहा है। वंतारा की जांच के लिए




एसआईटी का गठन किया गया। 25 अगस्त 2025 को, सर्वोच्च न्यायालय ने गुजरात के जामनगर में वंतारा जूलॉजिकल रेस्क्यू एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर में जानवरों के अवैध अधिग्रहण और उनके साथ दुर्व्यवहार के आरोपों की तथ्य-खोजी जांच करने के लिए एसआईटी का गठन किया।

### 12 सितंबर तक रिपोर्ट पेश करने का निर्देश

न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी वराले की पीठ ने एसआईटी को अपनी जांच पूरी कर 12 सितंबर तक रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चार सदस्यीय एसआईटी वन्यजीव संरक्षण कानूनों के अनुपालन, अंतरराष्ट्रीय व्यापार विनियमनों, पशु कल्याण मानकों और पर्यावरण संबंधी चिंताओं जैसे मुद्दों की भी जांच करेगी और रिपोर्ट देगी।

### वंतारा पर लगाए गए गंभीर आरोप

शीर्ष अदालत ने यह आदेश सीआर जया सुकिन नामक एक महिला द्वारा दायर याचिका पर पारित किया। इसमें आरोप लगाया गया था कि वंतारा वन्यजीव केंद्र में जानवरों को अवैध रूप से लाया और रखा जा रहा है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि वन्यजीव बचाव और पुनर्वास सुविधा प्रदान करने के नाम पर हाथियों, पक्षियों और अन्य लुप्तप्राय प्रजातियों सहित जानवरों की तस्करी वंतारा में की जा रही है। एसआईटी की जांच (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## कल उपराष्ट्रपति का पद ग्रहण कर सकते हैं सीपी राधाकृष्णन

नई दिल्ली। देश के निर्वाचित उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन 12 सितंबर को पद की शपथ ले सकते हैं। अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार को राधाकृष्णन को शपथ दिलाएंगी। राष्ट्रपति भवन में 12 सितंबर को एक औपचारिक समारोह में शपथ ग्रहण संपन्न होगा। 67 वर्षीय राधाकृष्णन ने मंगलवार को हुए उपराष्ट्रपति चुनाव में संयुक्त विपक्षी उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी को हराकर जीत हासिल की थी। यह चुनाव तत्कालीन उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के 21 जुलाई को अचानक दिए गए इस्तीफे के बाद कराया गया था।



### 14 सांसदों ने की क्रॉस वोटिंग

संसद भवन में मंगलवार को हुए मतदान में राधाकृष्णन को 752 वैध मतों में से प्रथम वरीयता के 452 वोट मिले थे, जबकि रेड्डी को प्रथम वरीयता के महज 300 वोट ही मिले थे। 14 सांसदों ने क्रॉस वोटिंग की। उपराष्ट्रपति चुनाव में लोकसभा और राज्यसभा के सभी सांसद मतदाता होते हैं। देश में 17 बार उपराष्ट्रपति पद का चुनाव हुआ जिसमें सर्वपल्ली राधाकृष्णन और हामिद अंसारी दो कार्यकाल तक इस पद पर रहे।

## पहला कॉलम...

### जिला सतनामी आमसभा 14 को, आय-व्यय पर होगी चर्चा



राजनांदगांव (दावा)। जिला सतनामी सेवा समिति द्वारा आगामी 14 सितंबर को दोपहर 12 बजे सतनाम भवन जी.ई. रोड में एक आम सभा का आयोजन किया गया है। समिति के अध्यक्ष युवराज ढीरहेर ने बताया कि यह निर्णय 28 अगस्त को हुई बैठक में लिया गया था, जिसमें समिति के युवा प्रकोष्ठ, महिला प्रकोष्ठ, ब्लॉक अध्यक्षों और अन्य पदाधिकारियों ने भाग लिया था। इस आम सभा में पिछले एक वर्ष के आय-व्यय का विस्तृत हिसाब-किताब प्रस्तुत किया जाएगा और अन्य महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों पर भी चर्चा होगी। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों की भोजन व्यवस्था भी की गई है। अध्यक्ष ढीरहेर ने सतनामी सेवा समिति के सभी पदाधिकारियों, सदस्यों और समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

### गुदा रोगों के लिए नि:शुल्क चिकित्सा शिविर

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के उपलक्ष्य में, आयुष विभाग द्वारा सितंबर माह के हर शुक्रवार (12, 19 और 26 सितंबर) को गुदा रोगों (एनोरेक्टल डिसीज) से पीड़ित मरीजों के लिए एक निःशुल्क स्क्रीनिंग और चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर वार्ड क्रमांक 6 चिखली स्थित आयुष पॉलीक्लीनिक राजनांदगांव में आयोजित होगा। विशेष रूप से महिलाओं से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस शिविर का लाभ उठाएं।

### घुमका ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष बनाए गए महेंद्र सिन्हा



घुमका (दावा)। ग्रामीण जिला युवा कांग्रेस के अंतर्गत डोगरगढ़ विधानसभा के घुमका युवा कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष के लिए राष्ट्रीय महासचिव अमित पठानिया, सहप्रभारी मोनिका मंडरे एवं प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस आकाश शर्मा, जिला प्रभारी प्रांजल तिवारी, जिला अध्यक्ष महेश सेन के द्वारा महेंद्र सिन्हा को घुमका ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नियुक्त होने पर महेंद्र सिन्हा ने छत्तीसगढ़ प्रभारी अमित पठानिया, मोनिका मंडरे, प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा, विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल, जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान, युवा कॉंग्रेस के जिला अध्यक्ष महेश सेन, पूर्व जिला अध्यक्ष संदीप गहरवार, विधानसभा अध्यक्ष सौरभ वैष्णव, वरिष्ठ एवं युवा साथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा संगठन ने जो जवाबदारी दी है। उन्हें वह पूरी निष्ठा से निभाएगें। 2028 विधानसभा चुनाव में पुनः डोगरगढ़ में विधायक जीतकर छत्तीसगढ में कॉंग्रेस सरकार बनाएंगे। वही विधानसभा डोंगरगढ़ अध्यक्ष सौरभ वैष्णव ने कहा की मैं शीर्ष नेतृत्व का बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूँ। ब्लाक अध्यक्षों की नियुक्ति से विधानसभा को मजबूती मिलेगी और सब मिलकर युवा कांग्रेस को मजबूत करेंगे। उनकी नियुक्ति पर नवनीत सिंह चंदेल, गौरव शर्मा, अमित राजपूत, हेमचन्द यदु, खिलेश राजपूत, पप्पू नेताम, गौतम सेन, जीतलाल सहारे, प्रमोद वर्मा, देवनारायण अग्रवाल, उग्रसेन साहू, रितेश सिन्हा, राजेश शान, किशोर वर्मा, पोषण वर्मा, देवाशन मोटू आदि लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दिए।

### बिजली बिल हाफ योजना को पुन: लागू करें साय सरकार- राम साहू



राजनांदगांव (दावा)। जिला कांग्रेस कमेटी संयुक्त महामंत्री राम साहू ने छत्तीसगढ़ सरकार से बिजली बिल हाफ योजना को पुनः लागू करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार की इस जनहितकारी योजना से प्रदेश के लगभग 60 लाख गरीब और उपभोक्ता लाभान्वित हो रहे थे। पहले 400 यूनिट तक आधे बिल की छूट मिलती थी। जिसे घटाकर केवल 100 यूनिट कर दिया गया है। यह निर्णय गरीब परिवारों के साथ अन्याय है। श्री साहू ने कहा कि महंगाई के इस दौर में जनता को राहत देने की बजाय प्रदेश सरकार ने योजना को लगभग बंद कर दिया है। श्री साहू ने आगे कहा कि प्रदेश सरकार से तत्काल बिजली बिल हाफ योजना को पूर्ववत लागू करने की मांग की है और कहा कि यदि सरकार जनता के हित में निर्णय नहीं लेती, तो जनता उसे सबक सिखाने से पीछे नहीं हटेगी।

### संतोष कुमार ठाकुर का निधन



राजनांदगांव (दावा)। शास. उ.मा. विद्यालय धामनसरा के विज्ञान सहायक शिक्षक संतोष ठाकुर लगभग 45 वर्ष अल्पायु में निधन हो गया है। मानव सेवा के पुजारी के रूप बेलटिकरी का जनजन उन्हें अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित किया। जिला पंचायत सदस्य अंगेश्वर देशमुख, जनपद सदस्य रोहित चंद्राकर, पूर्व जनपद सदस्य योगेंद्र दास वैष्णव, पूर्व सरपंच बेलटिकरी भूषण निषाद, पूर्व सरपंच धामनसरा पुनूराम पटेल, लोकेश गंगवीर, सरपंच डोडिया दिल्लू साहू, सरपंच पीतांबर कतलाम, सरपंच प्रतिनिधि धामनसरा कृतलाल पटेल, सरपंच प्रतिनिधि बुचीभरदा राहुल साहू, प्राचार्य अजय मसीह शिक्षकगण तथा क्षेत्र के आसपास के नागरिक बड़ी संख्या में अंतिम संस्कार में शामिल हुए और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किए।

# बजरंगपुर नवागांव वाले मामले में एक और आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा



**आपसी रंजिश के चलते हुई हत्या की घटना में फरार आरोपी को भेजा जेल**

राजनांदगांव (दावा)। गणेश विसर्जन के ठीक दूसरे दिन बजरंग पुर नवांगांव वार्ड में आपसी रंजिश के चलते हुई हत्या की घटना में लगभग सभी आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गए हैं। पुलिस ने उक्त घटना के एक फरार आरोपी को मंगलवार को धर दबोचा है और उसे न्यायिक हिरासत में जेल की सीखचों के पीछे भेज दिया गया है। बता दें कि उक मामले में 7 आरोपियों सहित 2 विधि से संघर्षरत बालक को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा जा चुका है।अन्य फरार आरोपी की सरगर्मी से तलाश की जा रही थी।

### घेराबंदी से पकड़ा गया आरोपी

कोतवाली थाना प्रभारी श्री सिंह ने बताया कि फरार आरोपी रितिक भट्ट पिता जयप्रकाष भट्ट उम्र 33 साल निवासी बजरंगपुर नवागांव वार्ड नं. 1 को मुखबीर कि सूचना पर घेराबंदी कर धर दबोच लिया गया और उसे जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि 7 सितंबर को बजरंगपुर नवागांव में घटित अपराध के फरार आरोपियो की पतासाजी हेतु पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं राहुल देव शर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमति वैषाली जैन व पुष्पेन्द्र नायक नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में उनके व विनय पम्मार प्रभारी सायबर सेल के नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली ओपी चिखली एवं सायबर सेल की संयुक्त रूप से गठित टीम द्वारा लगातार पता तलाश की जा रही थी। बुधवार 10 सितंबर को मामले मे फरार एक आरोपी रितिक भट्ट को मुखबीर की सूचना पर घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से। न्यायालयो आदेष के चलते उसे जिला जेल मे दाखिल कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि मामले के अन्य फरार आरोपियो की लगातार पता तलाश की जा रही हैं।

### आरोपी को भेजा जेल

उपरोक्त कार्यवाही में कोतवाली थाना प्रभारी श्री सिंह सहित विनय पम्मार प्रभारी सायबर सेल उप निरीक्षक कैलाषचंद मरई, सउनि इब्राहिम खान, शत्रुहन टंडन, प्रआर बसंत राव, मप्र आर. वंदना पटले, आरक्षक मिर्जा असलम बेग, सुनील बैरागी, अविनाष झा, प्रख्यात जैन, प्रियांष सिंह, रामखिलावन सिन्हा, रंजित चौरसिया एवं थाना स्टॉफ की सराहनीय भूमिका रही।

### सीईओ ने ग्राम पंचायत सुंदरा, अचानकपुर भाठापारा एवं सोमनी में चल रहे विकास कार्यो का किया औचक निरीक्षण



राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने विकासखण्ड राजनांदगांव के ग्राम पंचायत सुंदरा, अचानकपुर भाठापारा एवं सोमनी में चल रहे विकास कार्यो का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अप्रारंभ एवं निर्माणाधीन आवासों को तत्काल प्रारंभ करने एवं निर्माणाधीन आवासों को 30 सितंबर तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत सोमनी में महतारी सदन का जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा एवं अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा को निर्देशित किया। उन्होंने महतारी सदन के पास गंदगी पाए जाने पर ग्राम सचिव को नोटिस जारी करने के निर्देश दिया। उन्होंने ग्रामीणजनों को स्वच्छता हेतु समझाइश दिया। अप्रारंभ आवास हितग्राहियों को एक सप्ताह के भीतर कार्य प्रारंभ नहीं होने की स्थिति में राशि वसूली हेतु समझाइश दी गयी। इसी प्रकार ग्राम पंचायत सुन्दरा में ढलाई शेष वाले आवास हितग्राहियों को माह 30 सितम्बर तक आवास पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया। मिनी स्टेडियम स्टेडियम निर्माण कार्य को समय-सीमा में पूर्ण करने कहा। ग्राम पंचायत अचानकपुर भाठापारा में अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र का निरीक्षण एवं निर्माणाधीन आवासों को माह के अंत तक पूर्ण करने हेतु निर्देश दिया।

## AERB प्रमाण पत्र के बिना सीटी स्कैन चालू करना आपराधिक कृत्य - कांग्रेस

### डॉ. रमन को पत्र सौंपकर कार्यवाही की मांग



राजनंदगांव (दावा)। मेडिकल कॉलेज में 6 सितंबर को सिटी स्कैन मशीन का लोकार्पण विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की उपस्थिति में किया गया। मेडिकल कॉलेज प्रबंधन द्वारा सीटी स्कैन मशीन संचालन बिना परमाणु ऊर्जा विनियामक बोर्ड प्रमाण पत्र के बिना ही मशीन उद्घाटन कर चालू करने वालों के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे, प्रदेश कांग्रेस माइनारिटी सेल के सचिव अनीश खान, शहर कांग्रेस महामंत्री नरेश शर्मा, आईटी सेल के शहर अध्यक्ष मयंक सोनी, अधिवक्ता देवेंद्र साहू ने एक ज्ञापन डॉ. रमन सिंह के कार्यालय में सौंपकर अपराध दर्ज कराने की कार्यवाही की मांग की है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं कांग्रेस विधि विभाग के प्रदेश महामंत्री रूपेश दुबे ने बताया कि राजनांदगांव में सिटी स्कैन सुविधा प्रारंभ करने के नाम पर अनिवार्य प्रावधानों की अनदेखी किया गया है। सीटी स्कैन संचालन के लिए परमाणु ऊर्जा विनियामक बोर्ड से एक प्रमाण पत्र की आवश्यकता अनिवार्य है, ताकि रेडिएशन जो मानव जीवन शरीर के लिए हानिकारक है, से बचा जा सके। AERB के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किए जाने पर उनके द्वारा पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था का अवलोकन करने के पश्चात यह प्रमाण पत्र जारी किया जाता है। जिससे मरीज को तकनीशियनों, कर्मचारियों के साथ-साथ पर्यावरण को भी क्षति ना पहुंचे। किंतु लोकार्पण की हड़बड़ी में डॉ. रमन सिंह, विभागीय मंत्री को गुमराह करते हुए मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने बिना AERB प्रमाण पत्र प्राप्त कर सीटी स्कैन संचालन प्रारंभ कर दिए हैं, जो परमाणु ऊर्जा अधिनियम 1962 की धारा 17 एवं 24 के तहत आपराधिक कृत्य है। जिसमें 5 साल की सजा और जुर्माने का प्रावधान है।

## उड़ान संस्था का वार्षिकोत्सव, कवि सम्मेलन और पुस्तक विमोचन समारोह



राजनांदगांव (दावा)। उड़ान अंतर्राष्ट्रीय साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था ने होटल पंचशील के सभागार में अपना वार्षिकोत्सव और अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता उड़ान प्रमुख सरोज सिंह परिहार ने की, जबकि संचालन लखनऊ से आए उड़ान प्रशासक मनोज शुक्ल 'मनुज' ने किया। इस अवसर पर नगर के महापौर मधुसूदन यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत और वरिष्ठ साहित्यकार राजेश जैन 'राही' मौजूद थे। कार्यक्रम का सफल संयोजन राजनांदगांव की कवयित्री श्रीमती आशा राय नशीने ने किया।

इस कार्यक्रम के दौरान कई महत्वपूर्ण पुस्तकों का विमोचन किया गया। जिनमें श्रीमती सरोज सिंह परिहार द्वारा संपादित 'टूटती ज़ंजीर' (साझा गज़ल संग्रह), श्रीमती शकुन अग्रवाल का खंड काव्य 'रुक्मिणी स्वयंवर', डॉ. निरुपमा श्रीवास्तव का उपन्यास 'अपाला' और उपमा आर्या का गज़ल संग्रह 'न जाने कब' शामिल हैं। देशभर से आए कवियों और कवयित्रियों ने अपनी बेहतरीन रचनाओं का पाठ किया। जिनमें श्रीमती किरण सिंह, श्रीमती सरोज सिंह परिहार, निहारिका झा, सुरेन्द्र महाजन, शकुन अग्रवाल, उपमा आर्या, मनोरमा श्रीवास्तव, दीनबंधु आर्य, राजवीर सिंह, निर्मला सिंह, जगन्नाथ राय, विनोद बोरकर, रश्मि गौतम, शैल दुबे, डॉ. निरुपमा श्रीवास्तव, शेफालिका झा, असीम आमगांवी, तुलसी मूँगिया, नीरजा नीरू, शुभेंद्र जायसवाल, सुभाष सिंह, किशोर सोनवाने, गीता गुप्ता 'मन', सीमा धवन, मनोज शुक्ल 'मनुज' और आशा राय नशीने जैसे रचनाकार शामिल थे। सभी अतिथियों और कवियों को उनकी उत्कृष्ट रचनाधर्मिता के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में संयोजक आशा राय नशीने ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## एबीवीपी ने पारंपरिक अंदाज में किया झांकियों का स्वागत



राजनांदगांव (दावा)। गणेश चतुर्थी के अवसर पर शहर में भव्य झांकियों का आयोजन धूमधाम से किया गया, जिन्हें देखने के लिए भारी भीड़ उमड़ी। इस दौरान, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकर्ताओं ने पारंपरिक तरीके से झांकियों का स्वागत कर माहौल में और भी जोश भर दिया। इस साल की झांकियों में धार्मिक और सामाजिक विषयों का अद्भुत संगम देखने को मिला। बाबा श्री खाटू श्याम, रामायण, महाभारत, यमलोक, ऑपरेशन सिंदूर और कल्कि अवतार जैसे विषयों पर बनी झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। स्थानीय कलाकारों की रचनात्मकता और कड़ी मेहनत ने इन झांकियों को जीवंत बना दिया, और रात भर श्रद्धालु उनके दर्शन करते रहे।

एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने पारंपरिक पोशाक पहनकर ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों के साथ झांकियों का स्वागत किया। इस दौरान गणपति बप्पा मोरया÷ के जयकारे गूंजते रहे, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। एबीवीपी के नगर मंत्री अक्षत श्रीवास्तव ने कहा कि राजनांदगांव की झांकियां हमारी सांस्कृतिक विरासत की पहचान हैं। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर जैसी झांकियों की सराहना करते हुए कहा कि इन्होंने समाज को एक नई दिशा देने का प्रयास किया है। नगर सह मंत्री निकिता श्रीरंगे ने झांकियों को कला, संस्कृति और नवाचार का संगम बताया। वहीं नगर सह मंत्री भूपेंद्र पाल ने कहा कि इस वर्ष भी झांकियों में धार्मिक प्रसंगों के साथ-साथ सामाजिक मुद्दों की प्रस्तुति प्रेरणादायक रही। इस भव्य आयोजन को सफल और शांतिपूर्ण बनाने में श्रद्धालुओं की भारी भीड़, प्रशासन की चुस्त व्यवस्था और कलाकारों की मेहनत का महत्वपूर्ण योगदान रहा। झांकियों की भव्यता ने न केवल शहरवासियों को प्रभावित किया, बल्कि पूरे प्रदेश का ध्यान आकर्षित किया। इस अवसर पर जीत प्रजापति, चंदना श्रीवास्तव, धनंजय पांडे, लक्ष्य जैन, अभिनव और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## गणेश पर्व में फनकार ग्रुप द्वारा शानदार भजन संध्या प्रस्तुत किया



राजनांदगांव (दावा)। रिद्धि सिद्धि कॉलोनी फेस 2 राजनांदगांव में श्री गणेश चतुर्थी के पावन पर्व में फनकार ग्रुप द्वारा भजन संध्या का शानदार प्रस्तुति दिया। कॉलोनी के अध्यक्ष बीरबल सिंह देशमुख, सचिव सुनील वंजारी, उपाध्यक्ष योगेश्वर देशमुख, संपत सिन्हा एवं अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यगणों की उपस्थिति में साथ ही साथ समस्त कॉलोनीवासियों की गरिमामयी उपस्थिति में यह भजन का कार्यक्रम बहुत ही शानदार हुआ। सभी भक्तगण भजनों में झूम गए। कॉलोनी में पूरे ग्यारह दिवस अलग-अलग कार्यक्रमों जैसे रिकार्डिंग डांस, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, भाषण, गीत, कविता, चित्रकला, निबंध, क्वीज, मटकाफोड़ आदि शानदार गतिविधियों का संचालन थंगेश्वर कुमार साहू एवं कॉलोनी के अन्य सदस्यों के द्वारा किया गया। फनकार ग्रुप से भजनों की प्रस्तुति देने वालों में पद्मलोचन शर्मा, सनी गजभिए, श्याम कुमार शर्मा, राजेंद्र खंडेलवाल, अनुराग सक्सेना, थंगेश्वर कुमार साहू, खिलावन साहू, रामकुमार कुर्रे आदि थे। इस कार्यक्रम का सफल एवं शानदार संचालन थंगेश्वर कुमार साहू के द्वारा किया गया एवं आभार व्यक्त हेमलाल साहू के द्वारा किया गया।

## निगम में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर कार्यशाला आयोजित



राजनांदगांव (दावा)। नगर पालिक निगम के टाऊनहाल में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना एवं गंभीर बीमारियों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के संबंध में नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह, पारस वर्मा की उपस्थिति में पार्षदों तथा चैम्बर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों की उपस्थिति में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना एवं गम्भीर बीमारियों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के सम्बन्ध में कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना शासन की महती योजना है। इस योजना से अधिक से अधिक नागरिकों को लाभान्वित करने की जरूरत है। उन्होंने सभी पार्षदों से कहा कि अपने वार्ड के लोगों को इस योजना से लाभान्वित करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करें। इस योजना के तहत शासन द्वारा 78 हजार रूपए अनुदान राशि प्रदान की जा रही है। आर्थिक स्थिति के आधार पर तथा घर की बिजली की खपत के अनुसार उन्हें सोलर पैनल लगाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इस योजना के संबंध में आवेदन करने, अनुदान राशि, ऋण, सोलर पैनल लगाने, नियम-शर्तों के संबंध में अधिक से अधिक जानकारी जनसामान्य को दें।

उन्होंने कहा कि गंभीर बीमारियों के लिए 17 सितम्बर को भारतरत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के संबंध में जानकारी प्रदान करें, ताकि अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें। बैठक में वीडियो के माध्यम से प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान उपभोक्ताओं की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। अंत में उपस्थित जनों द्वारा पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के वाहन को हरि झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य पार्षद चैम्बर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी एवं स्विधूत विभाग के अधीक्षक अभियंता शंकेश्वर कंवर, एम.के.साहू एवं बीरबल उइके, सहायक अभियंता आर.के. मंडावी एवं हिमांशु भूआर्य, कनिष्ठ अभियंता कीर्ति कुमार देशमुख, खेमेन्द्र साहू एवं विकास साहू एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

विद्युत विभाग के अधिकारी ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत अपने घर की छत पर ही ऊर्जा का उत्पादन करने की यह पहल बिजली के बिल से मुक्ति दिलाने तथा ऊर्जा संरक्षण की दिशा में कारगर साबित हो रही है। प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत स्थापित प्लांट नेट मीटरिंग द्वारा विद्युत ग्रिड से संयोजित होगा, जिससे उपभोक्ता द्वारा अपनी खपत से अधिक उत्पादित बिजली ग्रिड में सप्लाई हो जाती है। इससे न केवल उपभोक्ता के घर का बिजली बिल शून्य हो जाता है, बल्कि ग्रिड में दी गई बिजली के एवज में अतिरिक्त आय भी प्राप्त होती है।

शासन द्वारा प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत 30 हजार रूपए से 78 हजार रूपए तक की सब्सिडी प्रति प्लांट दिए जाने का प्रावधान है। रूफटॉप सोलर संयंत्र की क्षमता अनुसार लागत राशि एवं सब्सिडी अलग-अलग है। उपभोक्ता द्वारा सोलर प्लांट के ब्रांड चयन कर सकते है। 3 किलोवाट से अधिक क्षमता का प्लांट लगाने पर अधिकतम 78 हजार रूपए तक सब्सिडी का प्रावधान है। प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक को वेबसाइट pmsuryaghar.gov.in या पीएम सूर्यघर मोबाईल एप पर पंजीयन कर लॉग इन आईडी प्राप्त करना होगा। इसके बाद वेब पोर्टल पर उपलब्ध वेंडर का चुनाव कर बिजली कर्मचारी की मदद से वेब पोर्टल पर पूर्ण आवेदन करना होगा। निर्धारित अनुबंध हस्ताक्षरित होने के पश्चात वेंडर द्वारा छत पर प्लांट की स्थापना एवं डिस्कॉम द्वारा नेट मीटर स्थापित किया जाता है। स्थापित प्लांट के सत्यापन पश्चात शासन द्वारा सब्सिडी ऑनलाईन जारी कर दी जाती है। इस दौरान यदि उपभोक्ता इच्छुक हो तो शेष राशि का प्रकरण 7 प्रतिशत ब्याज दर पर बैंक ऋण हेतु बैंकों को जनसमर्थन पोर्टल द्वारा ऑनलाईन प्रेषित किया जाता है।

### शुभांक

अनुमानित

बी. के.
2-4-0
224-8 115-7

राजधानी
1-6-9
226-0 237-2

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक


**कार्यालय उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

कलेक्टर कार्यालय के प्रथम तल में कवर्धा, जिला कबीरधाम फोन/फैक्स नं. 07741-232143 मेल ddvskabi@gmail.com

क्रमांक/1944/गौधाम/रूचि की अभि./2025-26 कबीरधाम, दिनांक 09/09/2025

**गौधाम संचालन के लिए 'रूचि की अभिव्यक्ति' (Expression of interest) का आमंत्रण (E.O.I.)**

- E.O.I. जारी करने की अंतिम तिथि :- 10.09.2025
- निर्धारित प्रपत्र-07 में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि :- 25.09.2025, समय दोपहर 3.00 बजे तक।
- आवेदन जमा करने का स्थानः- कार्यालय उपसंचालक, पशु चिकित्सा सेवाएं, प्रथम तल, संयुक्त जिला कार्यालय, कवर्धा, जिला कबीरधाम (छ.ग.)।

छ.ग. शासन पशुधन विकास विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर के पत्र क्रमांक/1295/ E-47383/GENCOR/ 3230/ 35/ 2025, दिनांक 06.08.2025 में प्रसारित दिशा-निर्देश अनुसार, कबीरधाम जिले में गौधाम संचालन के लिए इच्छुक संस्थाओं से 'रूचि की अभिव्यक्ति' के तहत दिनांक 25.09.2025 समय दोपहर 3.00 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया जा रहा है। गौधाम में निराश्रित, घुमन्तू गौ-वंशीय पशुओं तथा गृह विभाग द्वारा कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 (यथा संशोधित 2011) एवं छ.ग. कृषिक पशु परिक्षण अधिनियम 2014 के अंतर्गत जब्त गौ- वंशीय पशुओं को ही विस्थापित किया जाएगा।

गौधाम संचालन हेतु योजना का स्वरूप, स्थापना हेतु भूमि, उद्देश्य, पशु क्षमता, क्रियान्वयन/नियंत्रण/अनुसरण/अनुशीलन, गौधाम संचालन हेतु संस्था का चयन/पात्रता/कार्यकाल/दायित्व, मानव संसाधन की व्यवस्था, प्रबंधन, योजना का वित्त पोषण एवं शास्ति, गौसेवा आयोग में पंजीयन की प्रक्रिया इत्यादि की जानकारी कार्यालय उपसंचालक, पशु चिकित्सा सेवाएं प्रथम तल, संयुक्त जिला कार्यालय, कवर्धा, जिला कबीरधाम (छ.ग.) से कार्यालयीन समय (प्रातः10.00 से शाम 5.30 तक) में प्राप्त की जा सकती है। आवेदन हेतु निर्धारित प्रपत्र-07 तथा गौधाम योजना के दिशा-निर्देश, कबीरधाम जिले के वेबसाईट https://kawardha.gov.in से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

जी- 252603390/1

उप संचालक
पशु चिकित्सा सेवायें, कबीरधाम (छ.ग.)






श्री कृष्णा (एयरकूल) में

रोजाना 4 खेल

एक्शन एनीमेशन फिल्म

नरसिम्हा

महाअवतार




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

# भाजपा कार्यकर्ता को जनता की सेवा को ही प्राथमिकता बनाना चाहिए- यशवंत जैन




**सेवा पखवाड़े के रूप में जनता की सेवा करेगी भाजपा**

राजनंदगांव(दावा)। भाजपा द्वारा आज भाजपा कार्यालय में सेवा पखवाड़े की जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी ने सेवा पखवाड़ा को लेकर रणनीति बनाई।

मुख्य वक्ता की आसंदी से यशवंत जैन ने कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सेवा ही संगठन का मंत्र है, जो कि भाजपा की असली पहचान है। सेवा पखवाड़े के दौरान जिले भर में स्वास्थ्य शिविर, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण पोषण, जागरूकता अभियान और जन जागरण रेलियो का आयोजन किया जाएगा। साथ ही युवा मोर्चा द्वारा रक्तदान, एक पेड़ मां के नाम, वृक्षारोपण,स्वास्थ्य शिविर, प्रबुद्धजन सम्मेलन, सांसद महोदय द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता, लोकल फॉर वोकल को प्रोत्साहन देने के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे । उन्होंने बताया कि 23 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर भी कार्यक्रम का आयोजन होगा। श्री जैन ने कहां की सेवा पकोड़े का उद्देश्य केवल कार्यक्रम आयोजित करना नहीं है बल्कि समाज की कमजोर कड़ी तक पहुंच कर उनकी समस्याओं का समाधान करना है,उन्होंने महिला शक्ति और युवाओं को सेवा कार्य में आगे बढ़कर कार्य करने का आह्वान किया।

मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार कार्यशाला में स्वागत प्रतिवेदन सेवा पखवाड़े के जिला संयोजक सौरभ कोठारी ने देते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को जनता की सेवा करने का अवसर मिला है,जिसमें सभी 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक सभी कार्यकर्ता सेवा के इस महायज्ञ में जुट जाएं। उन्होंने मंडल स्तर पर सेवा पखवाड़े के तहत संयोजक से सहसंयोजक का आवाहन भी किया। जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम बूथ स्तर पर सेवा के कार्यों को लेकर पहुंचेंगे और जनता के बीच विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, इस दौरान हमें अंत्योदय के सिद्धांत का पालन करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने की योजना बनाई है, जिस पर कार्यकर्ता कार्य करेंगे तो जनता के बीच अच्छा संदेश जाएगा।

मुख्य वक्ता यशवंत जैन ने कार्यकर्ताओं को स्पष्ट रूप से कहा कि कोई भी आयोजन दिखावे के लिए न कीए जाए क्योंकि जनता समझदार होती है । उन्होंने भाजपा के इतिहास को विस्तार से बताते हुए कहा कि केंद्र में बैठी मोदी सरकार ने धारा 370 हटाकर भारत को एक नई ऊर्जा प्रदान की है और आज मोदी जी के 75 में जन्मदिन पर हम सभी कार्यकर्ता संकल्प ले की हम वृक्षारोपण अभियान चलाएं तो इस भाव के साथ चलाएं कि हम आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ वायु देने के लिए यह आयोजन कर रहे हैं उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों में जो पेड़ लगाए थे उसका फल हम आज स्वच्छ वायु के रूप में ले रहे हैं परंतु हमारे आने वाली पीढ़ी स्वच्छ वायु के लिए न तड़पे, इसलिए हमें वृक्षारोपण को गंभीरता से लेना होगा। इसी तरह से स्वच्छता अभियान भी सिर्फ फोटो खींचने के लिए न किए जाएं, जिस भी जगह का चयन किया जाए वास्तविक रूप से लगना चाहिए कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने यहां की सफाई की है, जिससे जनता में संदेश अच्छा जाएगा,उन्होंने गांधी जयंती पर भी स्वच्छता अभियान को जारी रखने की बात कही। यशवंत जैन ने बताया कि आज केंद्र में बैठी मोदी सरकार ने ही नीतियों में परिवर्तन कर गरीब आदमी के जीवन में खुशहाली आई है, इसलिए हम राजनीति में आए हैं, उन्होंने कहा कि देश सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की विचारधारा को मजबूत कर लोकल प्रोडक्ट का उपयोग कर एक सशक्त भारत का निर्माण मोदी जी करना चाहते हैं, इसलिए आज दुनिया को आंख दिखाने वाला अमेरिका भी भारत की ओर देख रहा है। कार्यशाला का सफल संचालन महामंत्री रविंद्र वैष्णव और आभार प्रदर्शन हिरेंद्र साहू ने किया।

इस अवसर पर वरुण भास्कर गुप्ता ने संघ के शताब्दी वर्ष में होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी जिसमें सभी भाजपा कार्यकर्ताओ को शामिल होने का आव्हान भी किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत,वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष अग्रवाल, सचिन बघेल,राजेंद्र गोलछा, विनोद खांडेकर किरण वैष्णव,गीता साहू, शशिकांत द्विवेदी, प्रकाश सांखला, शिव वर्मा, गोलू गुप्ता, सुमित भाटिया,पूर्णिमा साहू, सहित सभी मंडल अध्यक्ष महामंत्री एवं पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

# बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के मार्गदर्शन में आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में बाल विवाह मुक्त अभियान छत्तीसगढ़ के तहत जिला स्तरीय चयनित ग्राम पंचायत एवं चयनित अधिकारियों-कर्मचारियों का एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। सीईओ जिला पंचायत ने कार्यशाला में पंचायतों के सरपंच, सचिव, सुपरवाइजर एवं अन्य सभी को बाल विवाह को रोकने के लिए प्रेरित किया और गांव में जाकर लोगों को प्रेरित करने कहा। उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे जल संरक्षण एवं स्वच्छता के कार्यों में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने उपस्थित सभी को बाल विवाह रोकथाम की शपथ दिलाई।

राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर शशांक शर्मा ने किशोर सशक्तिकरण, लैगिंक समानता, किशोर स्वास्थ्य, शिक्षा विषय को विस्तृत रूप से समझाया। साथ ही बाल विवाह की रोकथाम को किस प्रकार जनस्तर तक पहुंचना है। इसके संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। ग्राम पंचायत विकास योजना में किशोर-किशोरी सशक्तिकरण, बाल सुरक्षा, बाल विवाह जैसे विषयों को एजेंडा के रूप में रखने के लिए प्लान बनाना सिखाया गया एवं प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुतिकरण दिया गया। जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी दीपा शाह और जिला बाल संरक्षण अधिकारी सीके लाड़े द्वारा बाल विवाह मुक्त अभियान को बढ़ावा देने पंचायत स्त्री बाल प्रतिषेध समिति में सक्रिय योगदान देने प्रतिनिधियों को समझाया गया। साथ ही महिला में बाल विकास विभाग द्वारा किए जा रहे कार्य बाल विवाह मुक्त अभियान एवं बाल संरक्षण अभियान जैसे विभिन्न विषयों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी से लाभान्वित किया गया। कार्यशाला में चयनित 15 पंचायत के सरपंच, सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग से सुपरवाइजर, डीसीपी, सीडीपीओ एवं युवोदय स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# कॉन्फ्लूऐंस महाविद्यालय के छात्रों ने किया सीमेंट कंपनी का औद्योगिक भ्रमण



राजनांदगांव (दावा)। कॉन्फ्लूऐंस महाविद्यालय के स्टैंडर्ड क्लब के विद्यार्थियों ने हाल ही में सीमेंट कंपनी, ए.सी.सी. सीमेंट इंडस्ट्रीज, जामुल, भिलाई का औद्योगिक भ्रमण किया। इस दौरान छात्रों ने सीमेंट निर्माण की प्रक्रिया और उसमें उपयोग होने वाली मशीनों को करीब से देखा और समझा। कंपनी की एच.आर. सुषमा ने छात्रों को बताया कि सीमेंट बनाने के लिए चूना पत्थर हिर्री माइंस से आता है। उन्होंने जपानी 5S तकनीक के बारे में भी जानकारी दी। जिससे कंपनी प्रतिदिन 8 घंटे में 4000 सीमेंट बोरियों का उत्पादन कर रही है।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने कहा कि ऐसे औद्योगिक भ्रमण छात्रों के व्यावसायिक विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। ये भ्रमण उन्हें उद्योगों की बेहतर समझ देते हैं और उन्हें भविष्य के लिए एक कुशल उद्यमी बनने में मदद करते हैं। इस भ्रमण का आयोजन एन.एस.एस. अधिकारी विजय मानिकपुरी ने किया था। उनके साथ धनंजय साहू, सुश्री देविका देवांगन, अभिषेक वैष्णव, आदर्श उजवने, श्रीमती प्रिया गीते और सुश्री काजल साहू सहित कुल 36 छात्र मौजूद थे।

# भक्ति एवं उल्लास के साथ मनायी जाएगी 'श्री अग्रसेन जयंती'



**अग्रवाल समाज व्यापक तैयारियों में जुटा**

राजनांदगांव (दावा)। अग्रकुल प्रवर्तक भगवान श्री अग्रसेन की 5149वीं जयंती आगामी अश्विन (क्वांर) शुक्ल एकम 22 सितंबर सोमवार को परंपरागत श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ मनाई जाएगी। इसी दिन आदिशक्ति मां दुर्गा की उपासना का पर्व नवरात्र आरंभ होगा। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शरद अग्रवाल, सचिव आलोक बिंदल, कोषाध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने बताया कि एक सप्ताह तक चलने वाले इस जयंती महोत्सव को लेकर स्थानीय अग्रवाल समाज द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही है। आगामी 15 सितंबर को अग्रसेन भवन में ध्वजारोहण एवं दीप प्रज्वलन के साथ श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव का शुभारंभ होगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रतिष्ठित समाजसेवी मनोहर लाल बिंदल होंगे। मुख्य समारोह आगामी 22 सितंबर सोमवार को होगा। जिसके मुख्य अतिथि महेश रामरतनदास भारुका समाजसेवी कामठी (महाराष्ट्र) होंगे। समारोह की अध्यक्षता श्रीमती उर्मिला गौरीशंकर अग्रवाल समाजसेविका नागपुर (महाराष्ट्र) करेंगी। समाज के वरिष्ठ सदस्यों का सम्मान, विवाह की स्वर्ण जयंती सम्मान तथा मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान मुख्य समारोह में किया जाएगा।

अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती मंजू खोखरिया व नवयुवक मंडल के अध्यक्ष हर्ष लोहिया ने बताया कि श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत समाज के बच्चों, युवक, युवतियों तथा महिलाओं के लिए विविध मनोरंजक, ज्ञानवर्धक, सजावट, कुकिंग तथा खेलकूद से संबंधित प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती है। जिसमें समाज की प्रतिभाओं को प्रोत्साहन, मंच तथा पुरस्कार मिलता है। इसी कड़ी में 17 सितम्बर बुधवार को 'म्युजिकल अंताक्षरी' का सुमधुर आयोजन होगा। 18 सितंबर को 'श्री अग्रसेन आनंद मेला' शिवनाथ वाटिका में आयोजित होगा। मुख्य अतिथि सुनील रामकरण अग्रवाल एवं श्रीमती शोभादेवी कमलनारायण अग्रवाल होंगे। इसी दिन बाईक रैली भी होगी। 21 सितम्बर को 'सांस्कृतिक कार्यक्रम' में नृत्य नाटिका की प्रस्तुति होगी। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, श्रीमती जागृति गर्ग तथा संयुक्त जिलाधीश श्रीमती शीतल बंसल अतिथि होंगे। प्रतिदिन कार्यक्रमों की श्रृंखला में फैंसी ड्रेस, बोरा दौड़, जोड़ी दौड़, नींबू दौड़, लूडो, मीठे व्यंजन बनाओ, हरे पत्ते से बुके बनाओ, सूखे मसाले से ज्वेलरी बनाओ, तोल-मोल के बोल, लक्की ड्रा तथा आकस्मिक गेम्स सहित अन्य प्रतियोगिताएं होंगी।

यह जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी संजय अग्रवाल ने बताया कि जयंती कार्यक्रम को लेकर समाज में अभूतपूर्व उत्साह का माहौल है। अग्रवाल सभा से शरद अग्रवाल (पोहा), परमानंद गोयल, राजेन्द्र अग्रवाल, काशी अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, अजय लोहिया, रमणीक अग्रवाल, लोकेश अग्रवाल, भावेश अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, दीपक अग्रवाल महिला मंडल से रेखा अग्रवाल, रीना अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल नवयुवक मंडल से चैतन्य अग्रवाल, सूरज अग्रवाल, हर्षित अग्रवाल सहित सभी पदाधिकारी एवं समाज जन जयंती महोत्सव को सफल बनाने तैयारियों में जुटे हुए हैं।

# डोंगरगांव में उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। राज्य सरकार के निर्देश पर जिला उपभोक्ता आयोग राजनांदगांव ने उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन डोंगरगांव ब्लॉक में किया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य आम उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों और ई-हियरिंग की सुविधा के बारे में जानकारी देना था। जनपद पंचायत के सभागृह में हुए इस कार्यक्रम में लगभग 105 उपभोक्ता शामिल हुए।

जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष ने सभी को उपभोक्ता के अधिकार और कर्तव्य के बारे में विस्तार से समझाया। एसडीएम श्रीकांत कोराम ने भी कार्यक्रम की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। डोंगरगांव जनपद की अध्यक्ष श्रीमती पटौती ने स्वागत भाषण दिया।

उपभोक्ता आयोग के सदस्य डॉ. आनंद वर्गीस ने छत्तीसगढ़ी भाषा में ई-जागृति पोर्टल पर जानकारी अपलोड करने की प्रक्रिया और ई-हियरिंग की सुविधा के बारे में बताया। उन्होंने सरपंचों, सचिवों, जनपद सदस्यों, पत्रकारों और अधिवक्ताओं को इसकी उपयोगिता से भी अवगत कराया। कार्यक्रम का सफल संचालन अधिवक्ता हमलेन्दु हाजरा ने किया। इस दौरान डोंगरगांव पत्रकार संघ के अध्यक्ष प्रेम गोस्वामी, अधिवक्ता सुरेंद्र दुबे, शरीफ अहमद खान, निखिल मंगवानी और जिला उपभोक्ता आयोग के कर्मचारी भी मौजूद थे।

# झांकियों का पुष्पवर्षा से स्वागत व प्रतीक चिन्ह देकर बागेश्वर मंदिर ट्रस्ट ने किया सम्मान



**झांकी निर्देशक गणेश शर्मा सर का किया सम्मान**

राजनांदगाँव(दावा)। संस्कारधानी की गणेश पर्व की गौरवशाली ऐतिहासिक परंपरा में श्री बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा विसर्जन झांकियों का श्री गणेश पूजा, पुष्पवर्षा व मंदिर का प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत सम्मान किया गया। मंदिर ट्रस्ट के सेवक आयोजन अध्यक्ष पंकज गुप्ता, कार्य. अध्यक्ष सूरज गुप्ता, विजय गुप्ता, भावेश अग्रवाल, राकेश ठाकुर(शनिधाम), सौरभ खंडेलवाल ने बताया कि बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट संलग्न सेवा समितियों द्वारा धार्मिक, सामाजिक, सार्वजनिक सेवा सम्मान की श्रृंखला में नगर के प्रदेश व सम्पूर्ण देश में प्रसिद्ध श्री गणेश विसर्जन झांकियों के सम्मान का आयोजन प्रथम बार आयोजित किया गया।

श्री बागेश्वर धाम ट्रस्ट के गंज लाईन स्थित लगाए गए स्वागत सम्मान मंच में नगर की धार्मिक देशभक्ति, छत्तीसगढी लोक संस्कृति पर आधारित लगभग तीन दर्जन आकर्षक मुविंग, लाइटिंग, आर्च से सुसज्जित झांकियों के मंच के सामने सर्वप्रथम झांकियों में विराजित श्री गणेश को पुष्प अर्पित कर दुप्पटा ओढ़ाकर पूजन किया गया व विसर्जन झांकीयों को श्री बागेश्वर धाम मंदिर का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। झांकियों व पदाधिकारियों का मंच से पुष्प वर्षा कर सम्मानित किया गया ।

इस अवसर पर वर्षो से राजनांदगाँव संस्कारधानी में अपनी देशभक्ति, छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति, सामाजिक विषयों पर विसर्जन झांकियों के निर्माण में संस्कारधानी से राजधानी तक प्रसिद्धि अर्जित कर चुके शिक्षक व झांकी निर्देशक गणेश शर्मा, गन्नू सर का भी सम्मान आयोजन समिति द्वारा किया गया।

श्री बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट श्री गणेश विसर्जन झांकी के स्वागत सम्मान मंच मे अध्यक्ष पंकज गुप्ता, सूरज गुप्ता के साथ-साथ संरक्षक सोहनलाल गुप्ता, कैलाशचंद चंद गुप्ता, गणेश गुप्ता, डॉ डी.सी.जैन, संयोजक, पूर्व पार्षद प्रज्ञा गुप्ता, भावेश अग्रवाल, राजेश शर्मा, (पूर्व सैनिक), राकेश ठाकुर, सौरभ खण्डेलवाल, राजेश डागा, राज गुप्ता, सौरभ गुप्ता, विकास गुप्ता, दिनेश अग्रवाल, सतीश गुप्ता एवं दुर्ग, गोंदिया, डोंगरगांव से आये श्री बागेश्वर धाम मंदिर के भक्तों व अन्य उपस्थित गणमान्य नागरिकों ने अपनी उपस्तिथि देकर झांकियों का सम्मान किया गया। श्री बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा लाखों की भीड़ में बिना विघ्न के व्यवस्था हेतु जिला प्रशासन पुलिस, ट्रैफिक प्रशासन, नगर निगम को कुशल संचालन हेतु आभार व्यक्त किया गया है। उक्त जानकारी बागेश्वर मंदिर के सेवक अजय गुप्ता, सौरभ गुप्ता द्वारा की दी गई ।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मजबूत होती अर्थव्यवस्था - श्रीमती शीला सिन्हा



**किसानों और आम जनता के लिए कर में बड़ी राहत**

राजनांदगांव (दावा)। जिला पंचायत सभापति व सदस्य श्रीमती शीला टाकेश सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत निरंतर आर्थिक मजबूती की ओर बढ़ रहा है। नवरात्रि से लागू होने वाले जीएसटी सुधारों के तहत टैक्स स्लैब घटाकर केवल दो कर दिए गए हैं। इससे जहां आम जनता की बचत में बढ़ोतरी होगी। वहीं किसानों का बोझ भी कम होगा और व्यापार-उद्योग को नई दिशा मिलेगी। आवश्यक वस्तुओं कृषि उपकरणों और बीमा सेवाओं पर टैक्स में बड़ी राहत दी गई है। यह कदम न केवल लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाएगा। बल्कि उद्योग जगत के लिए भी नए अवसर खोलेगा। श्रीमती सिन्हा ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है।

आयकर में ऐतिहासिक छूट के बाद अब जीएसटी के सरलीकरण से कर प्रणाली और आसान हो जाएगी। चार स्लैब की जगह अब केवल दो स्लैब रहेंगे। कई उपयोगी वस्तुओं पर कर शून्य और अनेक उत्पादों पर टैक्स 10 प्रतिशत तक घटा दिया गया है। आजादी के बाद पहली बार कर प्रणाली इतनी सरल और पारदर्शी बनी है। पहले 17 तरह के टैक्स और 13 तरह के सेस लागू थे। जिन्हें मोदी सरकार ने एक राष्ट्र-एक टैक्स की अवधारणा के तहत समाप्त किया। अब इस सुधार के साथ ही व्यापारी वर्ग को भी कार्य करने में अधिक सुगमता होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने 15 अगस्त 2025 को लाल किले से अपने संबोधन में जीएसटी के अगले चरण के सुधारों का आश्वासन दिया था। नवरात्रि से लागू होने वाले यह प्रावधान उसी वादे को पूरा करते हुए देश को आर्थिक रूप से और अधिक शक्तिशाली बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम साबित होंगे।

# स्कूल जीवन के बाद विद्यार्थियों का स्नेह का पात्र होना ही शिक्षक के लिए सबसे बड़ा सम्मान-गजेन्द्र



डोंगरगांव (दावा)। नगर के अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त साहित्यकार, छंद गुरु, मंच संचालक, शिक्षा विद, छत्तीसगढ़ी फिल्म अभिनेता व गीतकार, गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड व द मैजिक बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर डॉ. गजेन्द्र हरिहारनो दीप को यूँ तो अनेक सम्मान व अलंकरण प्राप्त हो चुका है, लेकिन उन्होंने बताया कि उनके जीवन में एक ऐसा अविस्मरणीय पल तब उपस्थित हुआ। जबकि उनके प्रिय विद्यार्थियों में से एक उद्धव सिंह ठाकुर निवासी ग्राम कल्लूटोला विकासखंड छुरिया जो इस समय उ.मा. शाला टाटेकसा जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी में संस्कृत के व्याख्याता हैं। उनके द्वारा विद्यालय में आयोजित शिक्षक दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित कर सम्मान किया गया। श्री हरिहारनो व श्री ठाकुर दोनों के लिए यह एक भावुक क्षण रहा। श्री हरिहारनो ने बताया कि उद्धव बचपन से ही मेधावी रहा है। हम शिक्षकों ने उसे केवल मार्गदर्शन ही दिया है। वे अपने विद्यालय के सांस्कृतिक प्रभारी भी हैं और अपने विद्यार्थियों के सांस्कृतिक व साहित्यिक प्रतिभा को भी निखार रहे हैं। साथ ही बताया कि पद्मश्री प्राप्त श्रीमती फूलबासन यादव भी उनकी विद्यार्थी रहीं हैं और जब भी कहीं भेंट होती है, तो विनम्रतापूर्वक प्रणाम कर सम्मान देती हैं। एक शिक्षक के लिए इससे बढ़कर और कोई सम्मान नहीं होता। उनके प्रिय विद्यार्थियों मे से एक हनुमान सिंह श्याम तहसीलदार हैं। साथ ही साथ और भी ऐसे विद्यार्थी हैं, जिन्होंने शासकीय सेवक या सामाजिक सेवक के रूप में अपनी पहचान बनाया है। इस सम्मान समारोह में श्री हरिहरनो द्वारा शाला परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। उन्होंने अपने प्रेरक उद्बोधन के माध्यम से बच्चों को शुभाशीष प्रदान किया।

# बाल रत्न मंच सेवा समिति का 32वां गणेश उत्सव धूमधाम से संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। शहर की प्रतिष्ठित समाजसेवी संस्था बाल रत्न मंच सेवा समिति, रामाधीन मार्ग का 32वां गणेश उत्सव महापर्व इस वर्ष मेरी संस्कृति मेरा आधार थीम के साथ धूमधाम, आनंद और एकता से संपन्न हुआ। इस 11 दिवसीय महोत्सव में धर्म, संस्कृति और राष्ट्र प्रेम को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## विधानसभा अध्यक्ष सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने लिया हिस्सा

कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने भगवान गणपति की आरती उतारी और चाय-बिस्किट प्रसाद वितरण का शुभारंभ किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने बाल रत्न मंच सेवा समिति की 32 वर्षों की सेवा को प्रेरणादायक बताया। इसके अतिरिक्त, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, चैंबर ऑफ कॉमर्स के संरक्षक खूबचंद पारख, पूर्व सांसद प्रदीप गांधी, महापौर मधुसूदन यादव, समाजसेवी सुनील अग्रवाल और पूर्व महापौर हेमा सुदेश देशमुख सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने पंडाल पहुंचकर भगवान गणेश के दर्शन किए और महाप्रसाद वितरण में सहयोग दिया।

## जनजागरण और रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन

महोत्सव के दौरान धार्मिक आयोजनों के साथ-साथ कई जन जागरण अभियान भी चलाए गए। जिनमें स्वदेशी अपनाओ, एक पेड़ स्वयं के लिए, जल संरक्षण और मानव सेवा माधव सेवा÷ जैसे विषय शामिल थे। समिति के प्रचार प्रमुख महेश शर्मा ने बताया कि इस वर्ष 11,000 दीपों से बनी दीपमालिका ने सबका ध्यान आकर्षित किया। जिसमें स्वदेशी अपनाओ, ऑपरेशन सिंदूर, राफेल और स्वास्तिक जैसी आकृतियां शामिल थी। इस आयोजन की पूरे छत्तीसगढ़ में बहुत प्रशंसा हुई।

## स्थानीय कलाकारों को मिला प्रोत्साहन

समिति ने लोकल फॉर वोकल के सिद्धांत को अपनाते हुए पिछले 32 वर्षों से पंडाल के लिए गणेश मूर्ति का निर्माण स्थानीय मूर्तिकारों से ही करवाया है। इस वर्ष भी मूर्तिकार भाई शशि और भव्य पंडाल के निर्माता तनवीर सिंह को सम्मानित किया गया। समिति के अध्यक्ष रोहित शर्मा के नेतृत्व में सचिव चैतन्य अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अभिनव अग्रवाल और सह-कोषाध्यक्ष करण अग्रवाल सहित 28 सदस्यीय कार्यकारिणी ने इस उत्सव को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अनंत चतुर्दशी के दिन गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ के जयघोष के साथ भव्य विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान पूरे रास्ते बूंदी और मंगोड़ी का महाप्रसाद भक्तों को वितरित किया गया। इस साल के उत्सव ने भक्ति, राष्ट्र प्रेम, सामूहिक एकता और जनसेवा का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया, जिससे यह महोत्सव यादगार बन गया।

# महापौर यादव के बारे में अनर्गल बयानबाजी ना करें, नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले पर बरसी वर्षा



राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम राजनांदगांव की राजनीति इन दिनों गर्माई हुई है। कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले द्वारा महापौर एवं पूर्व सांसद मधुसूदन यादव और सम्मानित विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह पर की गई बयानबाजी अब नया विवाद खड़ा कर चुकी है। इस बयान पर भाजपा पार्षद व नगर निगम की चेयरमैन वर्षा शरद सिन्हा ने तीखा पलटवार किया है। उन्होंने पिल्ले के बयान को मनगढ़ंत, झूठा और कांग्रेस की बौखलाहट का परिणाम करार दिया। श्रीमती सिन्हा ने आगे कहा कांग्रेस सत्ता से बाहर है, इसलिए उसके नेता इस तरह के अनर्गल और हास्यास्पद बयान दे रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष का यह बयान उनकी ओछी मानसिकता को उजागर करता है। ज्ञातव्य है कि हाल ही में संतोष पिल्ले ने आरोप लगाया था कि राजनांदगांव नगर निगम महापौर का नहीं बल्कि स्पीकर हाउस का संचालन है। इस बयान को लेकर भाजपा में नाराज़गी बढ़ गई है। वर्षा शरद सिन्हा ने इसे भाजपा की एकता और मजबूती में फूट डालने की नाकाम कोशिश बताया। उन्होंने कहा कि महापौर यादव और डॉ. रमन सिंह को लेकर इस तरह की टिप्पणी करना कांग्रेस की हताशा और दिग्भ्रम का परिणाम है। महापौर और नेता प्रतिपक्ष के बीच अब तक संबंध मधुर और सौहार्दपूर्ण रहे हैं। बावजूद इसके पिल्ले का ऐसा गैर-जिम्मेदार बयान यह साबित करता है कि वे किसी के बहकावे में आकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने ने चेतावनी दी कि भाजपा कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि अपने नेताओं के सम्मान से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं करेंगे।

# डोंगरगढ़ में बदमाश मिकलेश साहू के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई, एसडीएम कोर्ट में पेश




राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगढ़ पुलिस ने क्षेत्र में उत्पात मचाने और लोगों से झगड़ा करने वाले बदमाश मिकलेश साहू के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। आरोपी को गिरफ्तार कर धारा 170/126, 135 बीएनएसएस के तहत एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया।

डोंगरगढ़ थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार शाह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशानुसार क्षेत्र में अवैध गतिविधियों और असामाजिक तत्वों पर लगातार नजर रखी जा रही है। इसी अभियान के तहत बुधवार 10 सितंबर को दोपहर करीब 3 बजे पुलिस को छोटी मंदिर के पास एक युवक द्वारा उत्पात मचाने की सूचना मिली। जांच में पता चला कि मिकलेश साहू (22) जो छिरपानी गौठान का निवासी है। गांजा और गोली के नशे में लोगों के साथ गाली-गलौज और मारपीट कर रहा था। जब लोगों ने उसे समझाने की कोशिश की, तो वह और भड़क गया और जान से मारने की धमकी देने लगा। इसके बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया और एसडीएम के न्यायालय में पेश किया। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए उनका यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## अनमोल दावा

**टूटा विश्वास और गुजरा वक्त कभी वापस नहीं आता।**

## सम्पादकीय

### बेकारी, गरीबी, महंगाई जैसे मुद्दों ने युवाओं को आक्रोशित किया भ्रष्टाचार विरुद्ध ''जेन जी क्रान्ति'' ने नेपाल को हिला दिया

पिछले दो दिनों में नेपाल में दुर्दान्त ऐसी घटना घट गई, जिसकी किसी ने कल्पना तक नहीं की थी। इस अराजकपूर्ण अनहोनी घटना ने पूरे विश्व को आश्चर्यचकित कर दिया है। छोटा सा देश और क्रान्ति बहुत बड़ी। यह युवा किन्तु खुनी क्रान्ति थी। याने कि, जेन जी क्रान्ति ने पूरे देश में उथल पुथल कर दी ।

नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की सरकार के द्वारा नेपाल में सोश्यल मीडिया को प्रतिबंधित कर दिया गया था। इस प्रतिबंध ने युवावर्ग को आक्रोशित किया और उनकी सहनशक्ति का बांध टूट गया था। पिछले अनेक वर्षो से सरकार और सरकारी नीतियां तथा देश की स्थिति के मुद्दे को लेकर युवाओं को चिन्ताग्रस्त कर दिया था और वे आक्रोश में थे। हाल ही में ओली सरकार ने जो कदम उठाए उससे आक्रोशित युवाओं ने राष्ट्रपति भवन, सर्वोच्च अदालत, संसद भवन और अन्य सरकारी भवनों को तोड़फोड़ कर तहसनहस कर दिया था। युवाओं का विद्रोह चरम सीमा पर पहुंच गया है। पुलिस की गोलियों से कई आंदोलनकारियों की मौत भी हुई, ऐसा बताते हैं।

उल्लेखनीय कि, नेपाल में युवाओं के द्वारा जो रैली निकाली गई थी, नारे लगाए थे, उसके बाद सोश्यल मीडिया पर इसको वायरल किया गया, जिसमें सभी नेपोकिड्स थे। नेपाल नेपो किड्स, नेपो किड्स, नेपाल नेपो बेबी जैसे अनेक ट्रेन्ड सोश्यल मीडिया में वायरल हो गए। वस्तुत: बात यह थी कि, नेताओं के परिवाजनों, संतानों की विदेश यात्रा, विदेशों में शिक्षा, शॉपिंग करना और उनके विलासिता लिए वैभवी जीवन ने युवाओं को विचलित कर दिया था। नेताओं और पावरफुल परिवारों के संतानों को नेपोकिड्स कहा जाता है। ये बगैर किसी योग्यता-दक्षता के सब कुछ हासिल कर लेते थे। सत्ता की ताकत और राजनैतिक पहुंच और धन-बल पर बड़े-बड़े शीर्ष पद, धंधा-रोजगार, ठाटबाट और चाहे जो हासिल कर लेते थे।

नेपोटिजम याने परिवारवाद पर ही नेपो शब्द आया है। उधर, शिक्षित युवाओं को रोजगार के लाले थे। बेकारी पराकाष्ठा पर थी। इन्ही कारणें ने युवाओं को आक्रोशित कर दिया था। राजनैतिक अस्थिरता और भ्रष्टाचार से त्रस्त युवाओं का आक्रोश नेपाल में ज्वालामुखी बन कर फूटा।

पिछले 10 सालों मे नेपाल में लगभग 15 से अधिक मरतबे सरकार बनी और गिर भी गई। हर मरतबे नया नेता आता था और पुरानी नीतियों को बदल देता था। किन्तु, अब सम्पूर्ण स्थिति पलट गई है। बदलती सरकारें, बदलती नीतियां और बदलते नेताओं के कारण नेपाल का विकास ही नहीं हो पाया। शासन-प्रशासन, अनेक नेताओं और सरकारी उच्चाधिकारियों के भ्रष्टाचार के किस्सों ने युवाओं को हिला कर रख दिया था।

जनता को जरूरी सेवाएं भी नहीं मिल रही थी। जनता को सुनने वाला भी कोई नहीं था। पावरफुल नेता किसी को अपने पास फटकने भी नहीं देते थे। स्वच्छ राजनीति, पारदर्शिता, जनहितैषी नीतियों, रोजगार, समानता, सुअवसर, सुनियोजित और आधुनिक शिक्षा और सामाजिक न्याय के अभाव ने युवाओं को इतना आक्रोशित किया कि वहां खूनी क्रान्ति ने जन्म लिया। आज नेपाल सेना के हवाले है। प्रदर्शनकारी अभी भी हिंसक हैं। नेपाल में शांति स्थापित करना और स्थिति को सामान्य बनाना फिलहाल तो आसान नहीं लग रहा है।

# सरसंघचालक मोहन भागवत का जीवन प्रेरणादायी- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

आज 11 सितंबर है, यह दिन अलग-अलग स्मृतियों से जुड़ा है। एक स्मृति 1893 की है, जब स्वामी विवेकानंद ने शिकागो में विश्वबंधुत्व का संदेश दिया और दूसरी स्मृति है 9/11 का आतंकी हमला, जब विश्व बंधुत्व को सबसे बड़ी चोट पहुंचाई गई। आज के दिन की एक और विशेष बात है। आज एक ऐसे व्यक्तित्व का 75वां जन्मदिवस है, जिन्होंने वसुधैव कुटुंबकम के मंत्र पर चलते हुए समाज को संगठित करने, समता-समरसता और बंधुत्व की भावना को सशक्त करने में अपना पूरा जीवन समर्पित किया है। संघ परिवार में जिन्हें परम पूजनीय सरसंघचालक के रूप में श्रद्धाभाव से संबोधित किया जाता है, ऐसे आदरणीय मोहन भागवत का आज जन्मदिन है। यह एक सुखद संयोग है कि इसी साल संघ भी अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है। मैं भागवत जी को हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ और प्रार्थना करता हूँ कि ईश्वर उन्हें दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करें।

मेरा मोहन भागवत के परिवार से बहुत गहरा संबंध रहा है। मुझे उनके पिता स्व. मधुकर राव भागवत के साथ निकटता से काम करने का सौभाग्य मिला था। मैंने अपनी पुस्तक ज्योतिपुंज में मधुकर राव के बारे में विस्तार से लिखा भी है। वकालत के साथ-साथ मधुकर राव जीवनभर राष्ट्र निर्माण के कार्य में समर्पित रहे। अपनी युवावस्था में उन्होंने लंबा समय गुजरात में बिताया और संघ कार्य की मजबूत नींव रखी। श्री राव का राष्ट्र निर्माण के प्रति झुकाव इतना प्रबल था कि अपने पुत्र मोहनराव को भी इस महान कार्य के लिए निरंतर गढ़ते रहे। एक पारसमणि मधुकर राव ने मोहनराव के रूप में एक और पारसमणि तैयार कर दी।

भागवत जी का पूरा जीवन सतत प्रेरणा देने वाला रहा है। वे 1970 के दशक के मध्य में प्रचारक बने। सामान्य जीवन में प्रचारक शब्द सुनकर ये भ्रम हो जाता है कि कोई प्रचार करने वाला व्यक्ति होगा, लेकिन जो संघ को जानते हैं उनको पता है कि प्रचारक परंपरा संघ कार्य की विशेषता है। गत 100 वर्षों में देशभक्ति की प्रेरणा से भरे हजारों युवक-युवतियों ने अपना घर-परिवार त्याग करके पूरा जीवन संघ परिवार के माध्यम से राष्ट्र को समर्पित किया है। भागवत जी भी उस महान परंपरा की मजबूत धुरी हैं। भागवत जी ने उस समय प्रचारक का दायित्व संभाला, जब तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने देश पर इमरजेंसी थोप दी थी। उस दौर में प्रचारक के रूप में भागवत जी ने आपातकाल-विरोधी आंदोलन को निरंतर मजबूती दी। उन्होंने कई वर्षों तक महाराष्ट्र के ग्रामीण और पिछड़े इलाकों, विशेषकर विदर्भ में काम किया। 1990 के दशक में अखिल भारतीय शारीरिक प्रमुख के रूप में मोहन भागवत जी के कार्यों को आज भी कई स्वयंसेवक स्नेहपूर्वक याद करते हैं। इसी कालखंड में मोहन भागवत ने बिहार के गांवों में अपने जीवन के अमूल्य वर्ष बिताए और समाज को सशक्त करने के कार्य में समर्पित रहे। 20वीं सदी के आखिरी पड़ाव पर वे अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख बने। वर्ष 2000 में वे सरकार्यवाह बने और यहाँ भी भागवत जी ने अपनी अनोखी कार्यशैली से हर कठिन परिस्थिति को सहजता और सटीकता से संभाला। 2009 में वे सरसंघचालक बने और आज भी अत्यंत ऊर्जा के साथ कार्य कर रहे हैं। भागवत जी ने राष्ट्र प्रथम की मूल विचारधारा को हमेशा सर्वोपरि रखा।



सरसंघचालक होना मात्र एक संगठनात्मक जिम्मेदारी नहीं है। यह एक पवित्र विश्वास है, जिसे पीढ़ी-दर-पीढ़ी दूरदर्शी व्यक्तित्वों ने आगे बढ़ाया है और इस राष्ट्र के नैतिक और सांस्कृतिक पथ को दिशा दी है। असाधारण व्यक्तियों ने इस भूमिका को व्यक्तिगत त्याग, उद्देश्य की स्पष्टता और माँ भारती के प्रति अटूट समर्पण के साथ निभाया है। यह गर्व की बात है कि मोहन भागवत ने न केवल इस विशाल जिम्मेदारी के साथ पूर्ण न्याय किया है, बल्कि इसमें अपनी व्यक्तिगत शक्ति, बौद्धिक गहराई और सहृदय नेतृत्व भी जोड़ा है।

भागवत जी का युवाओं से सहज जुड़ाव है और इसलिए उन्होंने अधिक से अधिक युवाओं को संघ कार्य के लिए प्रेरित किया है। वे लोगों से प्रत्यक्ष संपर्क में रहते हैं, और संवाद करते रहते हैं। श्रेष्ठ कार्य पद्धति को अपनाने की इच्छा और बदलते समय के प्रति खुला मन रखना, ये मोहनजी की बहुत बड़ी विशेषता रही है। अगर हम व्यापक संदर्भ में देखते हैं तो संघ की 100 साल की यात्रा में भागवत जी का कार्यकाल संघ में सर्वाधिक परिवर्तन का कालखंड माना जाएगा। चाहे वो गणवेश परिवर्तन हो, संघ शिक्षा वर्गों में बदलाव हो, ऐसे अनेक महत्वपूर्ण परिवर्तन उनके निर्देशन में संपन्न हुए। कोरोना काल में मोहन भागवत जी के प्रयास विशेष रूप से याद आते है। उस कठिन समय में उन्होंने स्वयंसेवकों को सुरक्षित रहते हुए समाजसेवा करने की दिशा दी और टेक्नोलॉजी का उपयोग बढ़ाने पर बल दिया। उनके मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों ने जरूरतमंदों तक हरसंभव सहायता पहुँचाई, जगह-जगह मेडिकल कैंप लगाए। उन्होंने वैश्विक चुनौतियों और वैश्विक विचार को प्राथमिकता देते हुए व्यवस्थाओं को विकसित किया। हमें कई स्वयंसेवकों को खोना भी पड़ा, लेकिन भागवत जी की प्रेरणा ऐसी थी कि अन्य स्वयंसेवकों की दृढ़ इच्छाशक्ति कमजोर नहीं पड़ी।

इस वर्ष की शुरुआत में मैंने नागपुर में उनके साथ माधव नेत्र चिकित्सालय के उद्घाटन के दौरान मैंने कहा था कि संघ अक्षयवट की तरह है, जो राष्ट्रीय संस्कृति और चेतना को ऊर्जा देता है। इस अक्षयवट वृक्ष की जड़ें इसके मूल्यों की वजह से बहुत गहरी और मजबूत हैं। इन मूल्यों को आगे बढ़ाने में जिस समर्पण से मोहन भागवत जी जुटे हुए हैं, वो हर किसी को प्रेरणा देता है। समाज कल्याण के लिए संघ की शक्ति के निरंतर उपयोग पर मोहन भागवत जी का विशेष बल रहा है। इसके लिए उन्होंने पंच परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त किया है। इसमें स्व बोध, सामाजिक समरसता, नागरिक शिष्टाचार, कुटुम्ब प्रबोधन और पर्यावरण के सूत्रों पर चलते हुए राष्ट्र निर्माण को प्राथमिकता दी गई है। देश और समाज के लिए सोचने वाले हर भारतवासी को पंच परिवर्तन के इन सूत्रों से अवश्य प्रेरणा मिलेगी। संघ का हर कार्यकर्ता वैभव संपन्न भारत माता का सपना साकार होते देखना चाहता है। इस सपने को पूरा करने के लिए जिस स्पष्ट विज़न और ठोस एक्शन की जरूरत होती है, मोहन जी इन दोनों गुणों से परिपूर्ण हैं। मोहन जी के स्वभाव की एक और बड़ी विशेषता ये है कि वो मृदुभाषी हैं। उनमें सुनने की भी अद्भुत क्षमता है। यह विशेषता न केवल उनके दृष्टिकोण को गहराई देती है, बल्कि उनके व्यक्तित्व और नेतृत्व में संवेदनशीलता और गरिमा भी लाती है।

मोहन जी, हमेशा 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के प्रबल पक्षधर रहे हैं। भारत की विविधता और भारत भूमि की शोभा बढ़ा रही अनेक संस्कृतियों और परंपराओं के उत्सव में भागवत जी पूरे उत्साह से शामिल होते हैं। वैसे बहुत कम लोगों को ये पता है कि मोहन भागवत जी अपनी व्यस्तता के बीच संगीत और गायन में भी रुचि रखते है। वे विभिन्न भारतीय वाद्ययंत्रों में भी निपुण हैं। पठन-पाठन में उनकी रुचि, उनके अनेक भाषणों और संवादों में साफ दिखाई देती है। पिछले दिनों देश में जितने सफल जन-आंदोलन हुए चाहे स्वच्छ भारत मिशन हो या बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मोहन भागवत ने पूरे संघ परिवार को इन आंदोलनों में ऊर्जा भरने के लिए प्रेरित किया। मैं पर्यावरण से जुड़े प्रयासों और सस्टेनेबल लाइफस्टाइल को आगे बढ़ाने के प्रति उनके समर्पण को जानता हूँ। मोहन जी का बहुत जोर आत्मनिर्भर भारत पर भी है। कुछ ही दिनों में विजयादशमी पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 100 वर्ष का हो जाएगा। यह भी सुखद संयोग है कि विजयादशमी का पर्व, गांधी जयंती, लाल बहादुर शास्त्री की जयंती और संघ का शताब्दी वर्ष एक ही दिन आ रहे हैं।

यह भारत और विश्वभर के लाखों स्वयंसेवकों के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है। हम स्वयंसेवकों का सौभाग्य है कि हमारे पास मोहन भागवत जी जैसे दूरदर्शी और परिश्रमी सरसंघचालक हैं, जो ऐसे समय में संगठन का नेतृत्व कर रहे हैं। एक युवा स्वयंसेवक से लेकर सरसंघचालक तक की उनकी जीवन यात्रा उनकी निष्ठा और वैचारिक दृढ़ता को दर्शाती है। विचार के प्रति पूर्ण समर्पण और व्यवस्थाओं में समयानुकूल परिवर्तन करते हुए उनके नेतृत्व में संघ कार्य का निरंतर विस्तार हो रहा है। मैं माँ भारती की सेवा में समर्पित मोहन भागवत के दीर्घ और स्वस्थ जीवन की पुनः कामना करता हूँ। उन्हें जन्मदिवस पर अनेकानेक शुभकामनाएं।

## विचार सरिता

# सवाल जवाब : अनुशासित होकर समय सीमा में कार्य पूर्ण करना ही समय की साधना है

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



आज की ज्ञान चर्चा में समय प्रबंधन पर बातचीत हुई। विवेक ने आचार्य सत्यव्रत से एक जिज्ञासु का प्रश्न रखना प्रारंभ किया -

जिज्ञासुः मैं जीवन में अनेक अच्छे कार्य करना चाहता हूँ, किंतु समय की कमी के कारण नहीं कर पाता हूँ। वहीं अनेक व्यक्ति जो मेरे जैसी परिस्थिति में हैं, अपना काम समय पर कर लेते हैं। वे व्यवस्थित है। मैं ऐसे व्यवस्थित क्यों नहीं हो पाता हूँ?

आचार्य सत्यव्रतः जिन व्यक्तियों को आपने व्यवस्थित और समय पर कार्य करते हुए देखा है, वे समय का उचित प्रबंधन करते हैं। सफल होने के लिए समय की साधना करनी होती है। समय के साथ चलना होता है। समय का पालन करना होता है। समय का सम्मान करना होता है।

जिज्ञासुः यह सब तो मैं भी करना चाहता हूँ लेकिन मेरे पास काम बहुत हैं और दिन के घंटे कम हैं।

आचार्य सत्यव्रतः यह सच नहीं है। अपने कार्यों को पूरा करने के लिए आपके पास भी उतने ही घंटे हैं, जितने अन्य लोगों के पास। अन्य लोग योजना बनाकर कार्यों को पूरा करते हैं, आप कार्यों को ''जो याद आया, उसे निबटा लूँ'' इस सिद्धांत पर कार्य करते हैं।

जिज्ञासुः यह सच है। मैं जो याद आते जाते हैं, उन्हीं कामों को क्रमशः करते जाता हूँ।

आचार्य सत्यव्रतः इसीलिए न तो आप प्राथमिकता के आधार पर कार्यों का चयन कर पाते हैं, और न उन्हें एक निर्धारित समय दे पाते हैं। इससे आपके कार्य अव्यवस्थित हो जाते हैं और समय प्रबंधन अनियंत्रित होने लगता है। दिन भर के अपने कार्यों के लिए छोटे-छोटे लक्ष्य तय कर उन्हें अनुशासनबद्ध रूप में समय सीमा में पूर्ण करना ही समय की साधना है।

# शिक्षक की बात

**रोशन साहू 'मोखला'**



शिक्षक दिवस पर.... सर्वमान्य और चिरंतन सत्य है कि शिक्षा सीखने की सतत प्रक्रिया है विद्यार्थी की शिक्षा सर्वप्रथम परिवार से प्रारम्भ होते-होते पास पड़ोस ग्राम, शहर आसपास के वातावरण उनके व्यक्तित्व पर प्रभाव डालता है। आज हमारी औपचारिक शैक्षिक व्यवस्था के मुख्य केन्द्र स्कूल कॉलेज इंस्टीट्यूट ही हैं। अतः इन संस्थानों में शिक्षक एवं शिक्षार्थी दोनों के संबंध के बुनियाद पर ही विद्यार्थी के जीवन की दिशा व दशा निर्भर है। गुरू अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाता है। सर्वथा सत्य है।

किन्तु इससे बढ़कर यह ज्यादा समीचीन प्रतीत होता है कि ''गुरु'' का सानिध्य जिस किसी को मिले वह ''लघु'' नही हो सकता है। उनका व्यक्तित्व इतना विराट हो जाता है कि शिष्य के नाम से गुरु को जाना जाता है। प्राचीन काल से आज के भूमंडलीकरण एवं प्रौद्योगिकीकरण के दौर में सीखने के अनेकानेक माध्यम है हर हाथों में मोबाईल, लैपटॉप, डेस्कटॉप के युग में भी शिक्षा का बुनियादी माध्यम व श्रृंखला शिक्षक ही हैं। गुरु ही है जिन्होंने राम कृष्ण को आकार दिया। भारत में जगत प्रसिद्ध गुरु हुए हैं। गुरु वशिष्ठ जिन्होंने राम को जगत आदर्श बनने बनाने की शिक्षा दिए। गुरु सांदीपनी ने कर्मयोगी श्री कृष्ण को योगेश्वर का आकार लेने की प्रेरणा दी । गुरु श्रृंखला में क्या इन महा विभूतियों को भुलाया जा सकता है? शुकदेव महाराज, समर्थ रामदास महाराज, द्रोणाचार्य, निजामुद्दीन औलिया, लीलाशाहजी महाराज, रामानंद, अष्टावक्र, विनोबा भावे यह क्रम निश्चित रूप से आगे बढ़ता ही जा रहा है। यह श्रृंखला बहुत लंबी है।

आज के परिदृश्य में भी शिक्षक ही वह ज्योतिपुंज है जिसके आलोक में विद्यार्थी अपने शिक्षा पूर्ण कर जीवन पथ में आदर्श जीवन जीने के लिए उन्मुख होता है। राष्ट्र व समाज के नवनिर्माण में राष्ट्रीय और सामाजिक कर्तव्यों के निर्वहन में श्रेष्ठ नागरिक धर्म का पालन कर विश्व बंधुत्व के भावों को आत्मसात करते हुए अपने जीवन को सार्थक करता है। इस क्रम में बुनियादी तथ्य यह है कि शिक्षक अपने सानिध्य में आए छात्र की मानसिकता को समझें, विषय को पढ़ाने के पहले छात्र को पढ़े। आज के परिवेश में शिक्षक के पेशे को मात्र सरकारी सेवक के रूप में देखकर हम सभी शिक्षा के बुनियाद को कमजोर कर रहे हैं। जबकि सभी को ज्ञात है कि शिक्षक ही वह ज्योतिपुंज है जिसके आलोक में छात्र का जीवन प्रकाशमय होता है, शिक्षक सुविधादाता के रूप में ही नही अपितु विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास के लिए सर्वाधिक जवाबदेह व्यक्ति है। शिक्षकीय पेशा शतप्रतिशत देने की प्रतिबद्धता ,त्याग और समर्पण की मांग करती है। छात्र के लिए शिक्षक रोल मॉडल है,शिक्षक के बैठने- उठने ,खाने -पीने, कपड़े लत्ते पहनने से लेकर, रहन-सहन ही नही बल्कि उनके विचार को भी अपनाता है। हताशा निराशा व संशय की स्थिति में शिक्षक द्वारा कहे गए सकारात्मक बातों को याद करके छात्र को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। शिक्षक मूलरूपेण गुरु ही हैं। यदि नही हैं तो छात्रों के कल्याण के लिए उन्हें अपने स्वप्रयत्नों से गुरु बनना ही पड़ेगा।

तुलसी ने भी गुरु पद व गुरु पद नख तक की महिमा का गान किया है।

श्री गुरु पद नख मनि गन जोती, सुमिरत दिव्य दृष्टि हियँ होती।

दलन मोह तम सो सप्रकासू, बड़े भाग उर आवइ जासु।।

(राजनांदगांव)
7999840942

## लघुकथा

### शिक्षकों को समर्पित

पुरखों का मिला आशीष, गुरूओं का मिला ज्ञान ।।
माता-पिता जन्म दियें, यही आपका अनमोल सम्मान।।
कर्तव्य पथ पर आपके, कई सवाल खड़े थे।
बच्चों के प्रति सोचना, इन्हीं चिन्तन में अड़े थे।।
मिट्टी के अनगढ़ ढेरो को, आपने कई रूपों में गढ़े ।
ज्ञान का खजाना पाकर छात्र-छात्राएँ आगे बढ़े ।।
कितने बच्चे आगे बढ़ गए, कर्म करके कितने संवर गए ।
आपके ज्ञान को लेकर, कर्त्तव्य पथ पर निकल गए।।
बच्चों के मन को जानें, बच्चों के कदम पहचानें।
बच्चों की जवाबदारी लेकर,चले आप उन्हें समझाने।।
नम्रता आदर कुशल व्यवहार, बच्चों में प्रतिबिम्ब हैं आप।
जिसने समझा उसने पाया, हिन्दी के चित्र हैं आप।।
विषय अंग्रेजी का पोयम, गोलमाल बच्चों का जीवन।
डर, झिझक को, दूर कर चंचल बनायें बच्चों का मन।।
जोड़-घटाव, गुणा-भाग, बच्चों का गणित सवाल।
हानि-लाभ से ऊँचा उठकर, सम्पूर्ण समर्पित आपका स्तर।।
विज्ञान की वैज्ञानिकता समझने, एक मूल सूत्र हैं आप।
उलझन को सुलझाने वाले, सूत्र के सूत्रधार है आप।।
संस्कृत की संस्कृति से, कई रंग भरे है आप।
बच्चों को तरास-तरास कर, कई रूप गढ़े है आप।।
समाज शास्त्र की सामाजिक, स्थिति परिस्थिति को जानें ।।
माता-पिता के पहले, बच्चों के प्रति फर्ज निभाने।
अर्थशास्त्र की अर्थव्यवस्था को, समझाने वाले तंत्र है आप।
कर मुक्त जीवन देने वाले, ऐसे गुरूमंत्र है आप।।
जिन्दगी का हरक्षण, हरपल, आपके समर्पण को दर्शाता है।
बच्चों के प्रति समर्पित, यही आपका नाता है।।
बच्चे आपकी भूख रहे, बच्चे आपकी रहे प्यास ।
बच्चों से ही भोजन पाए, बच्चो से ही आपको मिला स्वांस ।।
सफलता का कोई रहस्य नहीं, वह परिश्रम चाहती हैं।
आपके विषय में कहना, लौ-रोशनी की भांती हैं।।
ऐसी संकल्प के साथ, बने आप बच्चों की आस ।
भविष्य आपका उज्जवल हो, हम करें कामना और विश्वास।।

**'शिक्षक दिवस की शुभकामना'**
**श्रीमती सुशीला संतोष नेताम**
**गौरीनगर, राजनांदगांव**

## कविता

### //रिक्तता//

चिड़ियों के कलरव से पहले, नयन सदा खुल जाते थे।
भोर सूर्य के दर्शन पा कर, तन मन शक्ति जगाते थे।।
पुष्पों की जब मंद सुरभि भी, आँगन में मुस्काती थी।
देख आपकी प्रेम प्रभा को, पूर्वा शोर मचाती थी।।
सूर्य तेज सा चमकीला मुख, सात्विक जीवन अपनाते।
दया प्रेम सँग मीठी बोली, हँसकर ही करते बातें।।
क्रोध न दिखता क्षण भर उनमें, काया थी निर्मल माटी।
नेक कार्य कर नाम कमाए, छोड़ चले यह परिपाटी।।
लगता जब आनंदित जीवन, क्यों बाधा घिर आती है।
हर्षित होता मन इक क्षण में, दूजा दुःख थमाती है।।
पिता बिना संसार अधूरा, सूना मेरा आंगन है।
आगे बढ़ने का प्रयास है, किंतु सतत विह्वल मन है।।
वही भोर है वही किरण पर, पात-पात हैं मुरझाए।
बिना छुए हम चरण आपके, कैसे आगे बढ़ पाएं।।



**प्रिया देवांगन 'प्रियू'**
**राजिम, गरियाबंद (छत्तीसगढ़)**



मारीशस: एक चिड़ियाघर में दिखाई देता विशालकाय कछुआ।

## राशिफल

**मेष** — आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज लंबे समय से चल रही किसी समस्या से आज आपको निजात मिलेगी और आपकी चतुराई और योग्यता की सराहना होगी। आज अपनी कोई पर्सनल बात किसी के साथ डिस्कस करने से बचेंगे तो आप किसी बड़ी परेशानी से बच जायेंगे। आज आपको किसी स्वास्थ्य समस्या से राहत मिलेगी, आप खुद को ऊर्जावान फील करेंगे।

**वृष राशि** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप अपनी दिनचर्या को व्यवस्थिथि रखने के लिए शेड्यूल बनाएंगे और उसी के अनुरूप कार्य करेंगे तो आपको लाभ अवश्य मिलेगा। वर्तमान परिवेश में आपने जो नई नीतियां बनाई है, इस वजह से आपकी काफी समस्याएं हल होंगी। आज आप बीमा अथवा निवेश संबंधी कोई प्लान कर रहे हैं, तो आपके लिए शुभ फलदायी साबित रहेगा।

**मिथुन** — आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आज आपकी कारोबारी गतिविधियां सुचारु रूप से चलती रहेंगी। आज आपको किसी कार्य को लेकर की गई मेहनत का अनुकूल परिणाम मिलने वाला है। आज आप किसी भी नए निवेश के बारे में प्लान करेंगे आपको अच्छा लाभ हो सकता है। आज घर में किसी नन्हे मेहमान के आगमन संबंधी शुभ समाचार मिलने से उत्सव का माहौल रहेगा।

**कर्क** — आज का दिन आपके लिए ठीक ङ्क ठाक रहने वाला है। आज आप किसी नए काम की शुरुआत को लेकर काफी उत्साहित रहेंगे। आज आपको किसी समस्या से छुटकारा मिलेगा और आप दोबारा आत्मविश्वास और ऊर्जा से अपने काम में लग जाएंगे। आज आप अपने भविष्य को लेकर ज्यादा सक्रिय और गंभीर रहेंगे। आज आपको प्रयास करने पर कहीं फंसा हुआ पैसा वापस मिल सकता है।

**सिंह** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज व्यवसाय में बहुत अधिक जिम्मेदारियां और काम का बोझ रहेगा, लेकिन सहकर्मियों की मदद से सब निपट जायेगा। आज आपके घर पर किसी मेहमान का आगमन हो सकता है, घर में चहल ङ्क पहल बनी रहेगी। आज आप कार्यस्थल पर गंभीरता और ईमानदारी से अपने प्रोजेक्ट को पूरा करें, इस समय आपकी तरक्की के भी योग बन रहे हैं।

**कन्या** — आज का दिन आपके लिए फेवरेबल बना रहेगा। आज आपको किसी कानूनी समस्या का समाधान मिलेगा, जिससे आपके मन का बोझ हल्का होगा। आज आपको किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति अथवा राजनीतिज्ञ के साथ मुलाकात का अवसर मिलेगा। इस राशि के छात्रो को किसी प्रतियोगी परीक्षा के परिणाम अनुकूल मिलने से आत्मविश्वास बढ़ेगा। आज आपका किसी इंटरव्यू में सिलेक्शन होगा।

**तुला** — आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आप बिजनेस में अच्छा धन लाभ कमायेंगे और आपके व्यवसायिक रिश्ते भी मजबूत होंगे। आज आपका व्यावहारिक दृष्टिकोण हर परिस्थिति में सामंजस्य बनाए रखने में मदद करेगा। अगर आपका सरकारी अथवा कोर्ट से संबंधी कोई मामला अटका हुआ है तो आज उसमें सफलता मिलने की उचित संभावना है।

**वृश्चिक** — आज का दिन आपके लिए मिला ङ्क जुला रहने वाला है। आज किसी आयोजन की वजह से खर्च की अधिकता थोड़ी ज्यादा रहेगी। आज आप नए वाहन को खरीदने का मन बना सकते हैं। विद्यार्थियों को अपनी सोच में और अधिक सकारात्मकता लाने की जरूरत है। आज आपका कोई रुका काम पूरा होने से मानसिक शांति मिलेगी और आप काम करने के नए तरीकों पर विचार करेंगे।

**धनु** — आज का दिन आपके लिए खुशी से भरा रहने वाला है। आज आपको रोजगार में तरक्की के अवसर प्राप्त होंगे। आज का दिन पारिवारिक सुख-शांति में वृद्धि लेकर आएगा। आज आप किसी समस्या को सुलझाने में सफल रहेंगे और आपकी कार्यकुशलता तथा योग्यता की सराहना होगी। इस राशि के जो व्यक्ति बड़ी कंपनियों में काम करते हैं, उनके लिए आज का दिन बेहद खास है।

**मकर** — आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आप अपने कार्यों को पूरा करने के लिए परिवार का सहयोग ले सकते हैं, इससे आपको साहस मिलेगा। आज का दिन पारिवारिक सुखों में वृद्धि लेकर आएगा। यदि किसी वजह से कोई उलझन बनी हुई थी, तो आज उसका भी निवारण हो जाएगा। इस राशि के युवाओं को अपनी नौकरी से संबंधित किसी क्षेत्र में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** — आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपको कारोबार में दुगुना धन लाभ कमाने का बेहतरीन अवसर प्राप्त होगा और बिजनेस की रुकावटें दूर होंगी। आज आपको इंश्योरेंस और कमीशन के बिजनेस में विशेष सफलता मिलेगी। आज आपको किसी सम्मानित व्यक्ति से मिलने का सौभाग्य प्राप्त होगा। आज आपके बेटे का अच्छी जगह चयन होने से परिवार में उत्सव का माहौल बनेगा।

**मीन** — आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज किसी पॉलिसी में निवेश करने की योजना बन रही है, तो दिन शुभ है। ये निवेश आने वाले दिनों में बेहतर फायदा देने वाला रहेगा। आज आप सभी जरूरी काम आसानी से पूरा कर लेंगे। इस राशि के जो लोग किसी बिजनेस से जुड़े हैं, उनके लिए आज का दिन लाभदायक रहेगा। आपको किसी करीबी रिश्तेदार से मिलने का अवसर मिलेगा।

# खैरागढ़ की सड़कों से लेकर गलियों तक फैल रहा नशे का जाल, सुखे नशे की मकड़जाल में शहर

0 अपराध की फैक्ट्री बन रहे खैरागढ़ के वार्ड
0 शासन शराब बेचने में मस्त और प्रशासन मौन
0 हर गली मोहल्ले में जन्म ले रहा अपराध, नाबालिग के हाथो पर चाकू छुरी

0 जो पकड़ा गया, वो अपराधी, जो नहीं पकड़ा गया वो, व्यापारी
0 सुखे नशे के साथ-साथ, नशीली दवाओं का भी उपयोग धड़ल्ले से
0 कौन है इन सबका जिम्मेदार ?

खैरागढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ का छोटा किन्तु संगीत, नृत्य एवं ललित कला के लिए प्रसिद्ध नगर खैरागढ़ इन दिनों नशे की गिरफ्त में है। शराब और गांजे की आसान उपलब्धता ने हालात इतने बिगाड़ दिए हैं कि यहां के वार्ड अब अपराध की नई फैक्ट्री में बदलते जा रहे हैं। नाबालिग बच्चे 110 से 120 रुपये में शराब खरीद रहे हैं और नशे के सहारे चोरी, झगड़े, चाकूबाजी, छीना-झपटी और यहां तक कि हत्या जैसे अपराध करने लगे हैं।

### शराब दुकान से चलता है पूरा नेटवर्क

स्थानीय सूत्रों का दावा है कि नगर की सरकारी शराब दुकान से ही इस अवैध कारोबार की नींव रखी जाती है। बोतलें आसानी से कोचियों तक पहुंचती हैं और वही इसे वार्डों में ऊंचे दामों पर बेचते हैं। यह धंधा इतना संगठित है कि पुलिस और प्रशासन की मौजूदगी के बावजूद हर गली-मोहल्ले तक शराब और मादक गांजा सप्लाई हो रहा है।

### नशे के नये हॉट स्पॉट, गली-गली में सुलगती आग

ठाकुर पारा, बरेठपारा, नया बस स्टैंड, दाऊचौरा, पिपरिया, अमलीपारा और धरमपुरा जैसे कई वार्ड अब नशे के केंद्र बिंदु बन चुके हैं। यहां न सिर्फ शराब बल्कि गांजा भी आसानी परोसा जाता है। इस काम को मध्यरात्रि से लेकर अलसुबह तक अंजाम दिया जाता है। नतीजा यह है कि नाबालिग बच्चे शाम ढलते ही नशे की हालत में झुंड बनाकर घूमते दिखाई देते हैं। स्थानीय लोग बताते हैं, कि इन इलाकों में आए दिन झगड़े और मारपीट की घटनाएं आम हो चुकी है।

### गणपति विसर्जन की रात खून से रंगी सड़क

बीते सप्ताह गणपति विसर्जन के दौरान यह सुखे नशे का जहर खुलेआम सामने आया। नशे में धुत एक नाबालिग ने खुलेआम चाकू से युवक



पर हमला कर उसकी हत्या कर दी। घटना ने पूरी संगीत नगरी सहित छत्तीसगढ़ को झकझोर कर दिया और साफ कर दिया कि नशा अब सिर्फ आदत नहीं रहा बल्कि सीधे जानलेवा अपराध का कारण बन चुका है।

यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी कि संगीत नगरी खैरागढ़ में जिला निर्माण के बाद अपराधियों की नई पीढ़ी बड़ी मजबूती से तैयार हो रही है, और जिसका कारण सहज सरकारी शराब और दिमाग को शून्य कर देने वाले मादक पदार्थ गांजा की अवैध उपलब्धता है। गौर करें कि नशे का असर समाज की सबसे कमजोर कड़ी नाबालिकों पर सीधा पड़ रहा है। पुलिस रिकॉर्ड बताते हैं कि हाल के महीनों में नाबालिग अपराधियों की संख्या में तेज वृद्धि हुई है। चोरी, झगड़े और हिंसक वारदातों में शामिल बच्चों की उम्र 14 से 17 वर्ष तक पाई गई है। यह स्थिति आने वाले समय में खैरागढ़ को अपराधियों के नए अड्डे में बदल सकती है, जिसके लिए न केवल पुलिस और प्रशासन को बल्कि खैरागढ़ के जनप्रतिनिधियों को भी नए सिरे से विचार और चिंतन की आवश्यकता है। गौरतलब हो कि प्रशासनिक स्तर पर न तो अवैध बिक्री रोकने के प्रयास दिख रहे हैं, क्योंकि शासन को आबकारी विभाग से ज्यादा से ज्यादा राजस्व चाहिए और न ही शासन के अधीन पुलिस ऐसे में बहुत अधिक सख्ती बरत रही है। शराब दुकानों पर गश्त और निगरानी सिर्फ कागजों तक सीमित है। सवाल यह भी है कि जब वार्डों में खुलेआम नाबालिकों को शराब और गांजा मिल रहा है तो आखिर इसके अंजाम की जिम्मेदारी लेगा कौन? क्या सत्ता सुख भोग रहे नेता या विपक्ष के तेज तर्रार कहे जाने वाले जनप्रतिनिधि अथवा प्रशासन के आला अधिकारी हमेशा की तरह अपनी जिम्मेदारियों से बच जाएंगे और चुनाव में अक्सर राम राज्य, सुशासन या विकास का जिक्र कर अपनी राजनीति और धंधा चमकाने वाले राजनेता खैरागढ़ को गर्त से बचाने में अपनी नैतिक जिम्मेदारियां का निर्वहन करेंगे?

खैरागढ़ के हालातो को लेकर सवाल कई है। बहरहाल नगरवासियों और अभिभावकों ने जिला प्रशासन और पुलिस से कड़ी कार्रवाई की मांग की है, क्योंकि शासन में कोई भी पार्टी हो वह तो आबकारी नहीं देगी। ऐसे में कोचियों के नेटवर्क पर नकेल कसने के साथ-साथ नाबालिगों को नशे से बचाने के लिए बड़े पैमाने पर जागरूकता अभियान चलाये और सामाजिक संगठन और शिक्षा संस्थान भी इसमें भागीदारी करें। वरना खैरागढ़ आने वाले समय में पूरे जिले की शांति और भविष्य को खतरे में डाल देगा।

## पहला कॉलम...

### जोरातराई (ब) में 25वीं दुर्गा स्थापना महापर्व का भव्य आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। इस साल ग्राम जोरातराई (ब) अपनी दुर्गा स्थापना के 25वें वर्ष को रजत जयंती महोत्सव के रूप में मना रहा है। शारदीय नवरात्र पर्व के पावन अवसर पर, 22 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक यहां नवदुर्गा स्थापना, श्रीमद देवी भागवत महापुराण कथा और चंडी महायज्ञ का भव्य आयोजन किया जाएगा। पूरे दस दिनों तक चलने वाले इस धार्मिक अनुष्ठान में प्रतिदिन देवी कथा, भक्तिमय प्रवचन और विशेष पूजा-पाठ आयोजित किए जाएंगे। कथावाचक पंडित सूर्यकांत तिवारी (रायपुर, ग्राम गोढ़ी) होंगे। जबकि यज्ञ का संचालन यज्ञाचार्य सौरभ पांडेय (अथर्ववेदीय, काशी उ.प्र.) करेंगे। इस आयोजन के मुख्य परीक्षित शोभाराम देवांगन और श्रीमती दीपिका देवांगन होंगे। यह भव्य कार्यक्रम सार्वजनिक दुर्गा पूजा उत्सव समिति और सभी ग्रामवासियों के सामूहिक सहयोग से संपन्न होगा। आयोजन समिति का कहना है कि इस रजत जयंती उत्सव को यादगार बनाने के लिए पूरा गांव भक्ति और श्रद्धा के साथ इन अनुष्ठानों में भाग लेगा।

### विधायक भोलाराम साहू ने मृतकों के परिजनों से मिलकर दी श्रद्धांजलि




जोंधरा (दावा)। 9 सितंबर को खुज्जी विधायक भोलाराम साहू ने अंबागढ़ चौकी विकासखंड अंतर्गत ग्राम चिखली और जंतरगुंडरा का दौरा किया। उन्होंने गणेश विसर्जन के दौरान तालाब में डूबने से जान गंवाने वाले दो युवकों, बल्देव कंवर (35) और नोहर सिंह सलामें (23) के परिजनों से मुलाकात की। विधायक साहू ने शोकाकुल परिवारों से मिलकर गहरा दुख व्यक्त किया और मृतकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने शोक संतृप्त परिजनों को ढांढस बंधाया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस दुखद घड़ी में उनके साथ किसान नेता उदेराम साहू, पार्षद मुकेश सिन्हा, विकास लाउत्रे, मनोहर लाउत्रे, संतोष सिन्हा, श्री गुप्ता और भारद्वाज सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बेटी के जन्मदिन पर रक्तदान कर दिया मानवता का संदेश



डोंगरगांव (दावा)। डड़सेना सिन्हा समाज जिला राजनांदगांव के सोशल मीडिया प्रभारी जितेन्द्र कुमार सिन्हा निवासी सांगिनकछार ने अपनी बेटी टिया सिन्हा के जन्मदिन पर एक अनूठी पहल की है। उन्होंने प्रथम बार रक्तदान कर समाज को संदेश दिया कि रक्तदान करना सबसे बड़ा मानव धर्म है। श्री सिन्हा ने बताया कि रक्तदान करने से उन्हें आत्मिक संतोष मिला और यह जीवन बचाने का सबसे पवित्र कार्य है। इस अवसर पर हेमंत सिन्हा और नेहरू सिन्हा उपस्थित रहे। उन्होंने श्री सिन्हा के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज को नई दिशा देते हैं. लोगों ने भी इस पहल की प्रशंसा की और इसे प्रेरणादायी बताया। बेटी के जन्मदिन को सेवा कार्य से जोड़ने की यह अनोखी पहल समाज के लिए अनुकरणीय उदाहरण बनी।

### ललित नेताम बने ग्राम पटेल



डोंगरगांव (दावा)। समीपस्थ ग्राम पंचायत शिकारीटोला में मंगलवार को ग्राम पटेल का चुनाव सम्पन्न हुआ। इस चुनाव में तीन प्रत्याशियों ने मैदान में उतरकर अपनी दावेदारी पेश की। जिसमें रामसाय कंवर, ललित नेताम और मंथिर चेलक शामिल हुए। शांतिपूर्ण तरीके से हुए इस चुनाव में कुल 339 ग्रामीण मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। जिसमें ललित नेताम को 221 वोट मिले। वहीं रामसाय कंवर को 102 वोट तथा मंथिर चेलक को 13 वोट प्राप्त हुए। इस दौरान 3 मतपत्र अमान्य घोषित किए गए। निर्वाचन परिणामों में श्री नेताम ने 119 वोटों से शानदार विजय हासिल की। ग्रामवासियों में उनकी जीत को लेकर उत्साह का माहौल देखने को मिला। विशेष रूप से पूनम साहू, भीष्म कुमार यादव, सुमंत चंद्रवंशी, लादू तुमरेकी, नरेश नेताम, उभेलाल कुंजाम, पुरुषोत्तम साहू, लालाराम नेताम, कीर्तन चंद्रवंशी, जोहान सलामे, संतोष साहू, दुकेश्रु नेताम, तोरण मांडवी, रोहित साहू, कमल साहू, ईश्वर विश्वकर्मा सहित समर्थकों ने विजय जुलूस निकालकर श्री नेताम का जोरदार स्वागत किया।

## झांकियों ने खींचा दर्शकों का मन, राम जप से खाटू श्याम तक, डीजे की धुन पर थिरके भक्त, नम आंखों से दी बप्पा को विदाई





खैरागढ़ (दावा)। गणेश विसर्जन झांकी का आयोजन जिला मुख्यालय खैरागढ़ में रविवार को बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ हुआ। लगातार तीसरे वर्ष आयोजित इस भव्य समारोह में नगर की सभी गणेश समितियों ने एक साथ गणेश विसर्जन झांकी निकालकर बप्पा को विदाई दी। डीजे और धूमाल की धुन पर भक्त जमकर थिरके और गणपति बप्पा से 'जल्दी लौटकर आने' की प्रार्थना की।

### झांकी का सफर और आकर्षण गणेश भगवान की मूर्ति

भव्य और बडे ही आकर्षक झांकी यात्रा नगर के राजा फतेह सिंह खेल मैदान, नया बस स्टैंड, जयस्तंभ चौक, गोलबाजार, बक्शी मार्ग, इतवारी बाजार, मेन रोड और नगर के प्रमुख चौक-चौराहों से गुजरते हुए दाउचौरा रपटा घाट पहुंची। यहां निर्धारित स्थान पर गणेश भगवान की प्रतिमाओं का विधिवत विसर्जन किया गया। इस दौरान राम जप, महाभारत और खाटू श्याम बाबा की झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र बनीं, जिन्हें देखने के लिए हजारों की भीड़ उमड़ पड़ी।

### भक्तों की सैलाब और सुरक्षा व्यवस्था चुस्त रही

विसर्जन व झांकी महोत्सव में नगर ही नहीं बल्कि आसपास के क्षेत्रों के ग्रामीणजन और अन्य शहरों से भी श्रद्धालुओं का सैलाब अपने परिवार सहित उमड पड़ा। पुलिस प्रशासन की रही चुस्त, दुरुस्त व्यवस्था, एसपी, एएसपी सड़क पर उतरे। भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस ने विशेष सुरक्षा इंतज़ाम किए थे। पूरे मार्ग पर पुलिस बल की तैनाती रही। वहीं पुलिस अधीक्षक लक्ष्य शर्मा ने स्वयं सड़क पर उतर कर मोर्चा संभालते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

### ट्रैफिक व्यवस्था रही नियंत्रित

यातायात पुलिस द्वारा पूर्व में जारी रोड मैप के अनुसार रात्रि 8 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक नगर के प्रमुख मार्गों पर भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहा। इस दौरान पुलिस ने भीड़ और ट्रैफिक दोनों को सुचारु रूप से नियंत्रित किया। भक्तिमय माहौल और उल्लास के बीच गणपति बप्पा को विदाई दी गई और श्रद्धालुओं ने अगले वर्ष फिर से धूमधाम से आगमन की कामना की।

## एनएचएम कर्मचारी संघ का आंदोलन जारी: 24वें दिन जल सत्याग्रह



सरकार को जगाने का प्रयास

अंबागढ़ चौकी (दावा)। छग प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ मोहला-मानपुर, अंबागढ़ चौकी ने अपनी मांगों को लेकर आंदोलन जारी रखते हुए आज 24वें दिन जल सत्याग्रह किया। नियमितीकरण, वेतन वृद्धि और अन्य लंबित मांगों को लेकर पिछले 24 दिनों से हड़ताल पर चल रहे कर्मचारियों ने सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए यह अनूठा प्रदर्शन किया। जल सत्याग्रह के दौरान कर्मचारी जल में खड़े होकर नारेबाजी करते रहे। उनका कहना है कि जब तक मांगें पूरी नहीं होंगी, आंदोलन जारी रहेगा। संघ का आरोप है कि सरकार की अनदेखी से प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था प्रभावित हो रही है, लेकिन कर्मचारियों के पास संघर्ष के अलावा कोई विकल्प नहीं है। कर्मचारी संघ ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही मांगों पर ठोस पहल नहीं की गई तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा। संघ का कहना है कि यह लड़ाई केवल कर्मचारियों के अधिकारों की नहीं है, बल्कि प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए भी है।

## लछनाटोला के डुबान क्षेत्र के विस्थापितों से मिली विधायक, सुनी समस्या



डोंगरगढ़ (दावा)। विधायक हर्षिता स्वामी बघेल बुधवार को ग्राम पंचायत लछनाटोला में प्रस्तावित नए बांध के डूबान क्षेत्र में आने वाले ग्रामीणों से मिली। यह मुलाकात ग्रामीणों के विस्थापन से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने के लिए आयोजित की गई थी। विधायक ने उन सभी परिवारों से बातचीत की जिनका घर और जमीन बांध परियोजना के कारण डूब क्षेत्र में आ रहा है। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और उन्हें आश्वासन दिया कि सरकार उनके पुनर्वास और उचित मुआवजे के लिए हर संभव प्रयास करेगी।

प्रभावितों के पुनर्वास और उचित मुआवजे के लिए प्रयास किया जाएगा- हर्षिता स्वामी बघेल विधायक

इस दौरान विधायक ने कहा यह बांध क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण है, लेकिन हम यह सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी ग्रामीण को विस्थापन के कारण परेशानी न हो। आपको सरकार की नीतियों के अनुसार पूरा मुआवजा और पुनर्वास की सुविधा दी जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे विस्थापित होने वाले सभी परिवारों का सही से सर्वे करें और उनके पुनर्वास के लिए योजना तैयार करें। यह भेंट-मुलाकात ग्रामीणों के लिए एक आशा की किरण लेकर आई है। क्योंकि उन्हें उम्मीद है कि विधायक के हस्तक्षेप से उनकी समस्याओं का समाधान जल्द ही होगा। उक्त बैठक में नवाज खान, भीखम सिंह, सुरजीत सिंह, मंडल अध्यक्ष चंद्रेश यादव, मंडल उपाध्यक्ष महेंद्र वर्मा, घासीराम यादव, अशोक धुर्वे, कमलेश वर्मा सरपंच लछना, लालतू राम उप सरपंच लछना, दिनेश मरकाम, हरेश्वर मांडवी, सेक्टर अध्यक्ष प्रकाश मांडवी, पूर्व जनपद अध्यक्ष पति परमा समरू, सुकू, खेदू, भूखाऊ, ललित, बीरेंद्र, राजकुमारी, लता, कांति, मोहन, रतन, सीताराम, फुदुक, रामावतार परमा, जयला, नम्मू, पन्ना, बबलू सहित समस्त कांग्रेसीजन एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## गायत्री परिवार ट्रस्ट ने किया गुरुजनों का सम्मान



अंबागढ़ चौकी (दावा)। अंबागढ़ चौकी नगर की सेवाभावी संस्था गायत्री परिवार ट्रस्ट द्वारा शिक्षा विभाग से लंबी सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए गुरुजनों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रेरणा स्त्रोत गायत्री परिवार के संरक्षक बचनेश त्रिपाठी की विशेष भूमिका रही।

समारोह का शुभारंभ भारत के पूर्व राष्ट्रपति व महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती तथा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन और गायत्री मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। गुरु वंदना और मातृ वंदना के बीच गायत्री विद्यापीठ की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

समारोह में सेवानिवृत्त गुरुजनों प्रधान पाठक मुकुंदराम निषाद, व्याख्याता लोकनाथ साहू, शिक्षक सर्वेंद्र विनायक, शिक्षिका निर्मला वर्मा, शिक्षक अंजोर दास हिरवानी, एस के द्विवेदी, अध्यक्ष प्रजापति ब्रह्मकुमारी, शिक्षक भरत लाल निकोड, शिक्षिका नसों देवी नेताम, प्राचार्य डीके राम, पूर्व प्राचार्य आरके प्रजापति, प्राचार्य गौरीशंकर यादव, शिक्षक यादव व साहू का शॉल, श्रीफल एवं गायत्री मंत्र पत्रिका भेंटकर सम्मान किया गया।

गुरुजनों ने अपने अनुभव साझा करते हुए छात्रों को चरित्र निर्माण और उज्ज्वल भविष्य की दिशा में प्रेरक उद्बोधन दिए। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षक समाज का प्रकाश स्तंभ है, जो हमेशा अपने शिष्यों के कल्याण और उत्थान की चिंता करता है। इस अवसर पर गायत्री परिवार ट्रस्ट के संरक्षक बचनेश त्रिपाठी व मुख्य प्रबंधक बच्चूलाल देवांगन सहित गायत्री विद्यापीठ के पदाधिकारी, शिक्षक शिक्षिकाएं और विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। त्रिपाठी ने सेवानिवृत्त शिक्षकों से अनुरोध किया कि वे अपने अनुभवों और ज्ञान से विद्यार्थियों के संस्कार निर्माण और श्रेष्ठ नागरिक बनाने में योगदान दें। अंत में गायत्री परिवार के अध्यक्ष ने आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम की जानकारी गायत्री शक्तिपीठ के पुरोहित हरिकीर्तन ने दी।

## पुलिस जवानों की लापरवाही उजागर, एसपी ने दो अलग-अलग मामलों में टीआई सहित पांच पुलिस कर्मी को किया निलंबित

0 हत्या के मामले में दो जवान सस्पेंड,
0 सोना तस्करी में वाहन छोड़ने पर टी.आई, एसआई और हवलदार निलंबित



खैरागढ़ (दावा)। पुलिस की लापरवाही ने एक बार फिर कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिले में शनिवार रात सोना तस्करी के मामले में पुलिस ने भारी चूक कर दी। एक व्यापारी की गाड़ी से करीब 10 किलो कच्चा सोना बरामद होने के बाद भी केवल 2000 रुपये का चालान काटकर वाहन और सोना छोड़ दिया गया। सर्राफा व्यापारियों की दखल और पैसों के खेल से मामला दबाने की कोशिश की गई। जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक (एसपी) लक्ष्य विनोद शर्मा ने सख्ती दिखाते हुए, तत्काल थाना प्रभारी आलोक साहू, एसआई नंदकिशोर वैष्णव और हवलदार तैजान ध्रुव को निलंबित कर दिया।

### गणेश विसर्जन झांकी के दौरान हत्या मामले में दो लापरवाह कर्मी सस्पेंड

इसी बीच सोमवार 08 सितंबर को गणेश विसर्जन झांकी में हुए दिल दहला देने वाले हत्याकांड ने पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए। एक नाबालिग आरोपी ने भीड़ के बीच खुलेआम दीपक यादव (21 वर्ष) पर चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर दी। चौंकाने वाली बात यह रही कि मौके पर मौजूद पुलिस के दो जवान और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएएफ) के दो जवान तमाशबीन बने खड़े रहे। घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद जनाक्रोश और बढ़ गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी ने ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले प्रधान आरक्षक लक्ष्मण श्रीवास्तव (रक्षित केन्द्र केसीजी) और प्रधान आरक्षक छत्रपाल सिंह पैकरा (थाना साल्हेवारा) को तत्काल निलंबित कर दिया। दोनों को रक्षित केन्द्र खैरागढ़ में संबद्ध करते हुए मुख्यालय से बाहर न जाने का आदेश भी दिया गया है, जबकि वारदात के दौरान केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएएफ) के दो जवानों के विरुद्ध कोई कार्रवाई की जानकारी नहीं मिल पायी है।

### निलंबन की कार्रवाई को लेकर एसपी लक्ष्य शर्मा ने दिया सख्त संदेश

मामले में कुल पांच पुलिस वालों की निलंबन की कार्रवाई को लेकर एसपी लक्ष्य विनोद शर्मा ने स्पष्ट कहा कि लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले पुलिसकर्मी हों या बाहरी तत्व किसी को भी छोड़ा नहीं जाएगा।

## डोंगरगढ़ माँ बमलेश्वरी मंदिर परिसर में सिंगल यूज़ प्लास्टिक बंद करने की पहल



राजनांदगांव (दावा)। पर्यावरण संरक्षण के लिए एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए पर्यावरण संरक्षण गतिविधि (राजनांदगांव) ने माँ बमलेश्वरी मंदिर परिसर डोंगरगढ़ को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त बनाने का अभियान शुरू किया है।

इस संबंध में 6 सितंबर को एस.डी.एम. डोंगरगढ़ भार्गव और माँ बमलेश्वरी देवी ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल को एक निवेदन पत्र सौंपा गया है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य मंदिर की पवित्रता और स्वच्छता को बनाए रखना है। साथ ही प्लास्टिक प्रदूषण से श्रद्धालुओं और पर्यावरण की रक्षा करना है। चूंकि हर साल लाखों की संख्या में श्रद्धालु यहां आते हैं, यह कदम धार्मिक आस्था के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का एक मजबूत संदेश देगा।

### इस अभियान की मुख्य मांगें हैं

मंदिर क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक की बिक्री और उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध, कपड़े और जूट के थैलों जैसे पर्यावरण-हितैषी विकल्पों को बढ़ावा देना, लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए सूचना बोर्ड लगाना और नियमित स्वच्छता अभियान चलाना। इस मौके पर पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के प्रतिनिधियों ने लोगों से अपील की कि वे प्लास्टिक का उपयोग न करके माता की सेवा में सहभागी बनें। उन्होंने कहा कि यह एक छोटा सा प्रयास माँ बमलेश्वरी को सच्ची श्रद्धांजली होगी। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं, दुकानदारों और स्थानीय नागरिकों से इस नेक काम में सक्रिय सहयोग देने की अपील की। इस अवसर पर निकुंज सिंघल, सौरभ खंडेलवाल, विनय साहू, अमन नामदेव और कुश मालेकर सहित संस्था के कई सदस्य उपस्थित थे।

# चंदूलाल चंद्राकर और मधुकर खेर स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार के लिए रजिस्टर्ड डाक से 19 सितंबर तक प्रविष्टि आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ शासन के जनसम्पर्क विभाग द्वारा प्रख्यात पत्रकार स्वर्गीय चंदूलाल चंद्राकर और स्व. मधुकर खेर की स्मृति को चिरस्थायी रखने के प्रयोजन से पत्रकारिता के माध्यम से राज्य की संस्कृति, समृद्धि और विकास के संबंध में रचनात्मक लेखन के लिए पत्रकारों को प्रोत्साहित करने और उत्कृष्ट रिपोर्टिंग के लिए उन्हें सम्मानित करने के लिए चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार और मधुकर खेर स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार की स्थापना की गयी है।

ये पुरस्कार क्रमशः दो-दो पत्रकारों को दिए जाएंगे। इनमें से दो प्रिंट मीडिया से और दो इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से होंगे। पुरस्कार के लिए वर्ष 2025 हेतु प्रविष्टियां आमंत्रित हैं। पुरस्कार के लिए प्रविष्टि (प्रस्ताव) 19 सितंबर तक संचालक जनसम्पर्क संचालनालय भूतल इन्द्रावती भवन नवा रायपुर अटल नगर जिला-रायपुर (छत्तीसगढ़) 492002 के पते पर निर्धारित प्रारूप में सीलबंद लिफाफे में पंजीकृत डाक द्वारा भेजे जा सकते हैं। प्रविष्टि से संबंधित सीलबंद लिफाफे के ऊपर चंदूलाल चंद्राकर स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार 2025 अथवा मधुकर खेर स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार 2025 स्पष्ट रूप से लिखा होना चाहिए। निर्धारित समय-सीमा के बाद प्राप्त प्रविष्टियों, प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जाएगा। डाक संबंधी विलंब के लिए जनसम्पर्क संचालनालय उत्तरदायी नहीं होगा। इन पुरस्कारों से संबंधित नियम और आवेदन प्रारूप जनसम्पर्क विभाग की वेबसाइट डीपीआरसीजी डॉट जीओवी डॉट इन से डाउनलोड किये जाएंगे।

चंदूलाल चंद्राकर स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार के अंतर्गत दो चयनित पत्रकारों को रूपए 50-50 हजार रूपए (रूपए पचास-पचास हजार) की सम्मान राशि दी जाएगी। इनमें से एक पुरस्कार प्रिंट मीडिया के लिए तथा दूसरा पुरस्कार इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के लिए होगा। पुरस्कार हिंदी, छत्तीसगढ़ी में प्रिंट मीडिया में प्रकाशित राष्ट्रीय, प्रादेशिक स्तर की उत्कृष्ट रिपोर्टिंग अथवा आलेख एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से प्रसारित राष्ट्रीय, राज्य स्तर के हिंदी, छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम, जो छत्तीसगढ़ राज्य से संबंधित हो के लिए होंगे।

मधुकर खेर स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार अंतर्गत दो चयनित पत्रकारों को 50-50 हजार रूपए (रूपए पचास-पचास हजार) की सम्मान राशि दी जाएगी। इनमें से एक पुरस्कार प्रिंट मीडिया के लिए और दूसरा पुरस्कार इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के लिए होगा। पुरस्कार अंग्रेजी भाषा में प्रिंट मीडिया में प्रकाशित राष्ट्रीय व प्रादेशिक स्तर की उत्कृष्ट रिपोर्टिंग अथवा आलेख एवं अंग्रेजी भाषा में ही इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से प्रसारित राष्ट्रीय व राज्य स्तर के अंग्रेजी कार्यक्रम जो छत्तीसगढ़ राज्य से संबंधित हो के लिए होंगे।

प्रविष्टियां (प्रस्ताव)- पुरस्कार के लिए व्यक्ति स्वयं प्रविष्टि दे सकेगा अथवा किसी उपयुक्त व्यक्ति के लिए किसी भी पंजीकृत समाचार पत्र-पत्रिका या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया या संपादकीय प्रमुख अथवा छत्तीसगढ़ भारत का कोई भी अधिमान्यता प्राप्त पत्रकार प्रस्तावक हो सकेगा। पुरस्कार वर्ष के सितंबर माह के पूर्व वर्ष के 31 अगस्त से एक वर्ष के बीच किए गए रचनात्मक लेखन अथवा रिपोर्टिंग से संबंधित होने चाहिए। पुरस्कार हेतु विचारार्थ प्रविष्टि, प्रस्ताव किसी एक प्रकाशित, प्रसारित सामग्री की सत्यापित कतरन, सीडी, डीवीडी के रूप में छह प्रतियों में आवेदन के साथ संलग्न करना होगा। आवेदक अथवा प्रस्तावक द्वारा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा कि पुरस्कार के लिए बताए गए तथ्य वास्तविक हैं।

# छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम के तहत जप्तशुदा वाहन राजसात

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कोसीकला छाता जिला मथुरा उत्तरप्रदेश निवासी शाहिद के स्वामित्व की जप्तशुदा वाहन ट्रक क्रमांक आरजे 11 जीए 4935 को छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के तहत शासन के पक्ष में राजसात किया है।

पुनरीक्षण अवधि समाप्त होने तथा सक्षम न्यायालय से किसी प्रकार का कोई आदेश प्राप्त नहीं होने की दशा में राजसात किए गए वाहन का गठित समिति द्वारा नियमानुसार नीलामी की कार्रवाई की जाएगी एवं प्राप्त राशि को छत्तीसगढ़ शासन के निर्धारित मद में खजाना दाखिल करने की कार्रवाई की जाएगी। सक्षम न्यायालय (सत्र न्यायालय राजनांदगांव) से आदेश के विरूद्ध कोई आदेश प्राप्त होने पर आगे की कार्रवाई न्यायालय के आदेशानुसार की जाएगी।

# उभरती युवा लेखिका स्मृति कोटांगले का पहला उपन्यास प्रकाशित

## नेहरू महाविद्यालय में बीएससी द्वितीय वर्ष में है अध्ययनरत



डोंगरगढ़ (दावा)। हर लेखक की एक यात्रा होती है, लेकिन कुछ यात्राएं एक चिंगारी से शुरू होकर कई ज़िंदगियों को रोशन कर देती हैं। ऐसी ही प्रेरणादायक शुरुआत की है। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ़ में बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा, युवा लेखिका स्मृति कोटांगले ने। जोतसिंह कोटांगले और श्रीमती मीना कोटांगले की सुपुत्री स्मृति पढ़ाई के साथ-साथ लेखन को भी अपने जीवन का अहम हिस्सा बनाया है। हाल ही में उनका पहला उपन्यास 'द फॉरबिडन क्राउन' प्रकाशित हुआ है, जो रूही सिंघानिया और अथर्व सूर्यवंशी की प्रेमकथा पर आधारित है। यह उपन्यास प्यार, जुनून और मुक्ति के भावों को एक अविस्मरणीय सफर में बदल देता है। यही नहीं, स्मृति कोटांगले ने आने वाले समय में दो और उपन्यासों की घोषणा की है। 'उसकी दीवानगी' और 'सियासत-ए-ईशा' जो पाठकों के सामने जल्द ही प्रस्तुत होंगे।

### होनहार युवा लेखिकाओं में शुमार होना लक्ष्य - स्मृति कोटांगले

स्मृति का कहना है कि उनका सपना अपनी पीढ़ी की सबसे होनहार युवा लेखिकाओं में शुमार होना है। स्मृति की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई.व्ही. रेवती सहित पूरे महाविद्यालय परिवार ने स्मृति को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# पीएम श्री सेजेस मोहला में एआई, एमएल पर 5 दिवसीय कार्यशाला संपन्न



मोहला (दावा)। पीएम श्री सेजेस मोहला, जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 1 सितंबर से 6 सितंबर 2025 तक एक 5 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका विषय था पायथन का उपयोग करके आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग। इस कार्यशाला का आयोजन नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (एनआईईएलआईटी) भुवनेश्वर, बालासोर एक्सटेंशन सेंटर द्वारा किया गया था।

कार्यशाला की मुख्य बातें एआई/एमएल की मूल बातें: आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग की मूल बातें और इसके अनुप्रयोगों को समझना, नवीनतम टूल्सः एआई/एमएल के लिए नवीनतम टूल्स और तकनीकों का परिचय कराना। व्यावहारिक अनुप्रयोगः विभिन्न उद्योगों में एआई/एमएल के वास्तविक अनुप्रयोगों का अन्वेषण। भविष्य की नौकरी की संभावनाएं: एआई/एमएल को समझने से छात्रों को विभिन्न उद्योगों में रोमांचक करियर अवसरों के दरवाजे खुल सकते हैं। एआई/एमएल उद्योगों को बदल रहा है और हमारे रहने और काम करने के तरीके में क्रांति ला रहा है।

कार्यशाला का आयोजन पीएम श्री सेजेस मोहला में किया गया था, जिसमें समग्र शिक्षा के मास्टर ट्रेनर मिस तनुजा साहू और ट्रेनर कुमार ओंकार ने दो शिक्षकों की नियुक्ति की थी। इस कार्यशाला में सेजेस की प्राचार्य श्रीमति सीमा वर्मा मैम और स्टाफ अमित सोनी एवं भावेश सर का मुख्य सहयोग रहा।

# सिंघोला मां भानेश्वरी देवी शक्तिपीठ में 24 सितंबर को ज्योति कलश स्थापना

राजनांदगांव (दावा)। शहर से लगे मां भानेश्वरी देवी शक्तिपीठ समिति सदस्यगण एवं समस्त ग्रामवासी सिंघोला में प्रातः स्मरण ममतामयी मां भानेश्वरी जिनकी दिव्य शक्ति आत्मा के उद्धार एवं उत्थान के स्नेह पूर्ण छाया भव्य शक्तिपीठ में अद्भुत विराजमान है। जहां भक्तजन मनोरथ की प्राप्ति के लिए शक्तिपीठ में वर्ष के दो पर्व रामनवमी और दुर्गा नवमी में ज्योति प्रज्वलित की जाती है। जिसमें ज्योति प्रज्वलित घी में 1501 रुपए, तेल 1101 रुपए राशि जमा कर माँ की चरण बिंदु पर मां की प्रेम पुष्प अर्पित करते हैं। कार्यक्रम के तहत दीप प्रज्वलित 24 सितंबर को, पंचमी कलश स्थापना 28 सितंबर को, हवन यज्ञ पूजन एवं पूर्णहूती 1 अक्टूबर को और ज्योति जवारा विसर्जन और शोभायात्रा 2 अक्टूबर को संपन्न होगा। समिति के दिलीप कुमार ठाकुर, नंद नरेंद्र साहू,भोजराम साहू, सुरेश साहू, रोशन साहू, कुबेर साहू, लखन साहू, पुरानिक राम, रामबिलास, अमर सिंह, भूवन सहित ग्रामीणजनों ने नवरात्रि की व्यापक तैयारिया चल रही है।

# ललित कला नई दिल्ली में खैरागढ़ के चार कलाकारों को नेशनल अवार्ड

**पहली बार हुआ है कि यहां से दीक्षित चार कलाकारों को एक साथ नेशनल एवार्ड मिलेगा**



डॉ. गिरिराज शर्मा | रविकांत झा | भास्कर ज्योति गोगोई | पुखराम्बन प्रेमचंद्र सिंह

भिलाई (दावा)। ललित कला अकादमी, नई दिल्ली में खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय से शिक्षा ग्रहण किए चार सुप्रसिद्ध कलाकारों को नेशनल अवार्ड मिलेगा। आजादी के बाद से यह पहला मौका है जब एक ही विश्वविद्यालय से पासआऊट चार कलाकारों को यह प्रतिष्ठित पुरस्कार मिलने जा रहा है।

डॉ. गिरिराज शर्मा, रविकांत झा, भास्कर ज्योति गोगोई तथा पुखराम्बम प्रेमचंद्र सिंह के नाम की घोषणा पर छत्तीसगढ़ी कलाजगत में उत्साह का माहौल है। ललित कला अकादमी समूह से जुड़े छत्तीसगढ़ के प्रख्यात मॉडर्न आर्ट चित्रकार डी.एस.विद्यार्थी, बी.एल.सोनी, विजय शर्मा, मोहन बराल, ब्रजेश तिवारी, प्रवीण कालमेघ, मीना देवांगन, गुंजन शर्मा, साहित्यकार मेनका वर्मा और अकादमी में राज्य से प्रथम बोर्ड मेम्बर डॉ. अंकुश देवांगन ने चारों कलाकारों तथा विश्वविद्यालय परिवार को इस अभूतपूर्व उपलब्धि पर बधाई दी है। ज्ञात हो कि ललित कला अकादमी, नई दिल्ली की स्थापना 1954 में दृश्यकलाओं के विकास के लिए किया गया था। जिसके अंतर्गत चित्रकला, मूर्तिकला, ग्राफिक्स और फोटोग्राफी जैसी विधाएं आती है। इनके समारोह में प्रथम राष्ट्रपति और प्रथम प्रधानमंत्री से लेकर आज तक के तमाम राष्ट्राध्यक्ष आते रहे हैं। इसके अतिरिक्त देश के सभी महान कलाकार भी जिसमें बेन्द्रे, तैय्यब मेहता, रजा, सुजा, एम एफ हुसैन जैसे कलाकार शामिल हैं ललित कला अकादमी के मानद सदस्य रहे हैं। भारतीय कलाजगत में यह पुरस्कार अपनी विशिष्ठ अहमियत रखता है यही वजह है कि इसके प्रतियोगिता में हजारों लाखों कलाकार भाग लेते हैं। जिसमें से मात्र दस या बीस कलाकार को ही यह पुरस्कार मिल पाता है। मुंबई के सर जेजे आर्ट्स कालेज, दिल्ली आर्ट्स कालेज, शांति निकेतन पश्चिम बंगाल, बरोदा गुजरात, चेन्नई, बैंगलोर, जयपुर, चंडीगढ़ जैसे सैकड़ों नामी गिरामी आर्ट कालेजों के बीच खैरागढ़ विश्वविद्यालय की अपनी विशिष्ठ पहचान है। भारतीय आर्ट कालेजों में खैरागढ़ का जिक्र बड़े ही अदब से लिया जाता है। यही वजह है कि न सिर्फ भारत के कोने-कोने से वरन् विदेशों से भी छात्र यहां विधीवत शिक्षा लेने आते हैं, परन्तु पहली बार हुआ है कि यहां से दीक्षित चार कलाकारों को एक साथ नेशनल एवार्ड मिलेगा। अंकुश देवांगन ने बताया है कि यह पल न सिर्फ खैरागढ़ विश्वविद्यालय के लिए वरन पूरे छत्तीसगढ़ी कलाजगत के लिए गौरव की बात है। पुरस्कार के लिए घोषित कलाकारों में गिरिराज शर्मा जयपुर राजस्थान, रविकांत झा शिमला हरियाणा, भास्कर ज्योति गोगोई गुवाहाटी तथा पुखराम्बम प्रेमचंद्र सिंह असम में अपनी कलासाधना में महारत हैं।

# आयुष पॉलीक्लीनिक चिखली में योग एवं स्वास्थ्य जागरूकता रैली तथा निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर आयोजित

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिले में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. शिल्पा मिश्रा ने बताया कि शासकीय आयुष विभाग द्वारा आयुष पॉलीक्लीनिक चिखली में योग एवं स्वास्थ्य जागरूकता रैली तथा निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। प्रभारी डॉ. हर्षा बरैय्या ने आयुष पॉलीक्लीनिक में आने वाले मरीजों को प्रतिदिन एक औषधीय पौधे एवं आसान नुस्खे के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विद्या का पौधा जिसका उपयोग तिल, मस्से, गोखरू जैसे त्वचा संबंधी रोगों में किया जाता है। डॉ. भारती यादव ने योगासन द्वारा सर्वाइकल स्पोंडिलाइटिस के समाधान को साझा किया। डॉ. रूबीना अंसारी ने छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्षों के आयुष विभाग की उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने आयुष पद्धतियों का लाभ लेने के लिए लोगों को आव्हान किया। डॉ. प्रज्ञा सक्सेना द्वारा अलाबू एवं शिरोधारा चिकित्सा से रोगियों का उपचार किया गया। डॉ. नम्रता कोशले एवं डॉ आनंद भारद्वाज ने शिविर लगाकर लोगों का प्रकृति परीक्षण किया। ओपीडी में नियमित रूप से निःशुल्क आयुष काढ़ा वितरण किया जा रहा है।



इसी तरह आयुष्मान आरोग्य मंदिर बघेरा में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर आयुर्वेद जनजागरण अभियान रैली निकाली गई। इसके साथ ही आयुर्वेद औषधि की प्रति नागरिकों को जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में उच्च रक्तचाप, मधुमेह, ऋतुचर्या, हृदय, स्वास्थ्य हेतु संतुलित आहार संबंधित पाम्पलेट एवं जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में आयुष सेवाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई और आयुर्वेद काढ़ा वितरण किया गया।

# शा. प्राथमिक शाला बागतराई में बच्चों ने शिक्षक दिवस पर किया गुरुओं का सम्मान





राजनांदगांव (दावा)। शिक्षक दिवस के अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला बागतराई संकुल डीलापहरी में विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों का भावपूर्ण सम्मान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय प्रांगण में हर्षोल्लास और सांस्कृतिक वातावरण के बीच किया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक श्रीमती संध्या चुनारकर ने कहा कि शिक्षक केवल पठन-पाठन तक सीमित नहीं रहते, वे बच्चों के संपूर्ण व्यक्तित्व के निर्माण में मार्गदर्शक की भूमिका निभाते हैं। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की स्मृति में मनाया जाने वाला यह दिन शिक्षकों के प्रति आदर और कृतज्ञता प्रकट करने का महत्वपूर्ण अवसर है।

सहायक शिक्षक श्रीमती रमशीला सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि एक अच्छा विद्यार्थी वही होता है जो अपने शिक्षक का सम्मान करता है और शिक्षा को आत्मसात करता है। शिक्षा केवल किताबों में नहीं, आचरण में दिखनी चाहिए। वहीं सहायक शिक्षक श्रीमती आरती जायसवाल ने कहा कि शिशक्षक और छात्र के बीच विश्वास और सम्मान का संबंध होना चाहिए। यही रिश्ता आगे चलकर समाज के निर्माण में सहायक बनता है।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से शिक्षकों का मन मोहा।

# शारदीय नवरात्र को लेकर शक्तिधाम में बैठक सम्पन्न

राजनांदगांव। आगामी शारदीय नवरात्र पर्व को लेकर शक्तिधाम धर्मार्थ सेवा समिति द्वारा महाकाली मंदिर, बाबूटोला वार्ड क्रमांक-1 में बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति के संरक्षक गुरुदेव हरीश यादव के मार्गदर्शन में नवरात्र पर्व की रूपरेखा तय की गई। समिति अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया।



**पंचमी पर छत्तीसगढ़ी व्यंजनों से मां को लगेगा 56 भोग**

बैठक में बताया गया कि इस वर्ष 22 सितंबर से शारदीय नवरात्र आरंभ होगा। 21 सितंबर को बिरही भिगोने की परंपरा निभाई जाएगी और 22 सितंबर को घट स्थापना व ज्योति प्रज्वलन के साथ विधिवत् नवरात्र की शुरुआत होगी। समिति के संरक्षक गुरुदेव हरीश यादव ने जानकारी दी कि पंचांग अनुसार इस वर्ष चौथ तिथि दो दिन की होने के कारण पंचमी 27 सितंबर को मनाई जाएगी। इस दिन मां महाकाली का विशेष श्रृंगार किया जाएगा और छत्तीसगढ़ी व्यंजनों सहित 56 प्रकार के भोग अर्पित किए जाएंगे। रात्रि में भजन संध्या का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय भजन मंडलियों के साथ श्रद्धालु भक्तजन शामिल होंगे।

कार्यक्रम के अनुसार, 30 सितंबर को अष्टमी के दिन दोपहर 3 बजे से हवन आयोजित होगा। हवन उपरांत निःसंतान दंपतियों के लिए विशेष अर्जी श्रीफल व भभूति का वितरण किया जाएगा, जिससे वे माता से संतान प्राप्ति की कामना कर सकें। वहीं 1 अक्टूबर को नवमी तिथि पर संध्या 6 बजे सेवा भजन के साथ विसर्जन शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु हिस्सा लेंगे।

गुरुदेव हरीश यादव ने बताया कि इस वर्ष भी मंदिर में मनोकामना ज्योति जलाने के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए समिति द्वारा व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने की योजना तैयार कर ली गई है।

# प्रथम पृष्ठ का शेष...

**नेपाल विद्रोह में अबतक 30 की मौत.....**

अंदर और आसपास नेपाली सेना तैनात कर दी गई है, क्योंकि कानून प्रवर्तन एजेंसियां राजधानी में नियंत्रण बनाए रखने के लिए संघर्ष कर रही हैं। ऐसा तब हुआ है जब पुलिस कथित तौर पर नेपाल में पुलिस मुख्यालय को छोड़कर अपनी चौकियों से हट गई है। खुफिया सूत्रों ने चेतावनी दी है कि नेपाल के अशांत माहौल का फायदा उठाकर असामाजिक तत्व सीमावर्ती भारतीय राज्यों में हिंसा और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर सकते हैं। अधिकारियों के अनुसार, इस खुफिया जानकारी के बाद उत्तराखंड पुलिस, उत्तर प्रदेश पुलिस, बिहार पुलिस और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) सहित भारत-नेपाल सीमा पर तैनात सुरक्षा बलों को सतर्क कर दिया गया है। उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और बिहार में 1,751 किलोमीटर लंबी खुली सीमा पर कानून-व्यवस्था के किसी भी संभावित उल्लंघन को रोकने के लिए सुरक्षा उपायों को और सख्त कर दिया गया है। सुरक्षा बलों को अधिकतम सतर्कता बरतने और निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। उत्तराखंड के चंपावत (जहां सीमा नेपाल के महेंद्रनगर से जुड़ती है) में नेपाल सेना द्वारा कर्फ्यू लागू किए जाने के बाद सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।

पिथौरागढ़ के धारचूला (जहां नेपाल के साथ खुली सीमा लगी है) में स्थानीय लोगों में अपने रिश्तेदारों को लेकर चिंता बढ़ गई है। साथ ही सुरक्षा अधिकारियों ने सीमा पर निगरानी भी बढ़ा दी है। बिहार के मधुबनी में भी एसएसबी को सीमा चौकियों पर तैनात किया गया है। पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने को बताया, नेपाल की मौजूदा स्थिति को देखते हुए मधुबनी पुलिस पूरी तरह सतर्क है। सभी सीमा पुलिस स्टेशन हाई अलर्ट पर हैं। सभी सर्कल इंस्पेक्टर और स्टेशन कर्मचारी मैदान में हैं, विशेष रूप से सीमा चौकियों पर, जहां 24 घंटे निगरानी रखी जा रही है।

**भारत पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगेगा....**

भारत ने छूट पर बेचे जाने वाले रूसी तेल की खरीदारी शुरू कर दी। जिसके परिणामस्वरूप, 2019-20 में कुल तेल आयात में रूस की हिस्सेदारी मात्र 1.7 प्रतिशत से बढ़कर 2024-25 में 35.1 प्रतिशत हो गई और अब यह भारत का सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता है। एफटी की रिपोर्ट यूक्रेन संघर्ष को समाप्त करने के लिए ट्रम्प द्वारा नए सिरे से किए जा रहे प्रयासों के बीच आई है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने संघर्ष को समाप्त करने के तरीकों पर विचार करने के लिए पिछले महीने अलास्का में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ मुलाकात की थी।

**प्रधानमंत्री मोदी 13 सितंबर को....**

के साथ शुरू किया. हिमंता बिस्वा सरमा ने आगे कहा कि डॉ. भूपेन हजारिका की 13 सितंबर को होने वाली जन्म शताब्दी समारोह के दौरान, 1,200 से ज्यादा कलाकार अनूठा कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे और सामूहिक रूप से भूपेन हजारिका के 14 सदाबहार गीतों को 18 मिनट से ज्यादा समय तक गाएंगे. इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा भूपेन हजारिका की जीवनी का भी विमोचन किया जाएगा, जो भारतीय संविधान द्वारा मान्यता प्राप्त सभी भाषाओं में प्रकाशित होगी. उन्होंने कहा कि इस जीवनी को कुल 20 लाख लोगों तक पहुंचाया जाएगा. सीएम सरमा ने आगे बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक ने भी भूपेन हजारिका के सम्मान में उनकी छवि वाला 100 का सिक्का जारी किया है और वित्त मंत्रालय ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है. इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस सिक्के का आधिकारिक अनावरण करेंगे.

**राहुल गांधी की सुरक्षा में बड़ी चूक....**

आदर्श कुमार सिंह पुलिसकर्मियों के साथ दौड़कर पहुंचे। भाजपाइयों को हाईवे से बाहर करने लगे। पुलिस अफसरों व पुलिसकर्मियों के साथ भाजपाइयों ने नोकझोंक व धक्कामुक्की की। इस बीच राहुल का काफिला हाईवे पर फंसा रहा। पुलिस भाजपाइयों से नोकझोंक करती रही। पुलिसकर्मियों ने किसी तरह भाजपाइयों को खदेड़कर राहुल गांधी के काफिले को आगे बढ़ाया। इधर, राज्यमंत्री व भाजपाइयों को भी पुलिस ने समझाकर शांत कराकर हाईवे से बाहर किया। पूर्वाह्न 11 बजे से 11.30 बजे तक विरोध प्रदर्शन चला। राज्यमंत्री ने कहा कि राहुल देश की माताओं से माफी मांगे।

यह पहला मौका है, जब राहुल गांधी की सुरक्षा में इस तरह की चूक हुई है। पहले भी विरोध प्रदर्शन कई बार हुए हैं, लेकिन इस तरह उनका काफिला हाईवे पर नहीं रोका गया। सवाल बड़ा है कि उनकी सुरक्षा में चूक कैसे हुई। हरचंदपुर कस्बे से लेकर कार्यक्रम स्थल बटोही रिसार्ट तक पुलिस अफसरों व पुलिसकर्मियों की तैनाती थी। इसके बाद भी राज्यमंत्री व भाजपाई कैसे धरने पर बैठ गए। क्या इसकी जानकारी पुलिस के पास पहले से नहीं थी। राहुल की सुरक्षा में चूक को लेकर कांग्रेसियों में गहरी नाराजगी है। राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कार्यकर्ताओं संग हाईवे पर धरने पर बैठकर राहुल गांधी के काफिले को रोकने का प्रयास किया था। सभी को समझाकर हाईवे से बाहर किया गया।

**नेपाल के बाद फ्रांस में सरकार के....**

और असंतोष बढ़ गया है। प्रदर्शनकारी चाहते हैं कि उनकी नियुक्ति की शुरुआत से ही सरकार पर दबाव बनाया जाए। ब्लॉक एवरीथिंग आंदोलनः वामपंथी गठबंधन और जमीनी संगठनों ने इस नारे के साथ आंदोलन शुरू किया है ताकि देश में सबकुछ ठप करके सरकार को झुकने पर मजबूर किया जा सके। ये प्रदर्शन ऐसे समय हो रहे हैं, जब फ्रांस के नए प्रधानमंत्री, सेबास्टियन लेकोर्नू अपना कार्यभार संभालने जा रहे हैं। एक दिन पहले फ्रांस्वा बायरू ने अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को अपना इस्तीफा सौंप दिया था।

**बस्तर इन्वेस्टर कनेक्टः अब आदिवासियों....**

और सियोल में सफलतापूर्वक आयोजित की जा चुकी है। बस्तर इन्वेस्टर कनेक्ट राज्य सरकार की छत्तीसगढ़ औद्योगिक विकास नीति 2024-30 के अंतर्गत संतुलित क्षेत्रीय विकास की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इन आयोजनों के माध्यम से नवंबर 2024 से अब तक 6.65 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। छत्तीसगढ़ औद्योगिक विकास नीति 2024-30 के अंतर्गत 1000 करोड़ से अधिक निवेश करने वाली अथवा 1000 से अधिक रोजगार सृजित करने वाली परियोजनाओं के लिए विशेष प्रोत्साहन का प्रावधान किया गया है। इस नीति में औषधि निर्माण, कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण, वस्त्र उद्योग, आईटी एवं डिजिटल तकनीक, उन्नत इलेक्ट्रॉनिक्स, एयरोस्पेस व डिफेंस और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स जैसे क्षेत्रों को प्राथमिकता दी गई है।

पर्यटन को भी उद्योग का दर्जा प्रदान किया गया है, जिसके तहत बस्तर में होटल, इको-टूरिज़्म, वेलनेस सेंटर, एडवेंचर स्पोर्ट्स और खेल सुविधाओं जैसी परियोजनाओं पर 45 प्रतिशत तक सब्सिडी उपलब्ध कराई जाएगी। उल्लेखनीय है कि बस्तर के 88 प्रतिशत ब्लॉक ग्रुप-3 श्रेणी में आते हैं, जिससे निवेशकों को अधिकतम नीति लाभ सुनिश्चित हो सकेगा। समावेशन को बढ़ावा देने के लिए इस नीति में विशेष प्रावधान किए गए हैं। इसके तहत एससी/एसटी उद्यमियों को 10 प्रतिशत अतिरिक्त सब्सिडी मिलेगी, वहीं नक्सलवाद से प्रभावित परिवारों और व्यक्तियों को भी 10 प्रतिशत अतिरिक्त सब्सिडी का लाभ दिया जाएगा। यह सरकार की सामाजिक पुनर्वास और समावेशी विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। एक अभिनव पहल के रूप में, नई औद्योगिक इकाइयों में आत्मसमर्पित नक्सलियों को रोजगार देने पर पाँच वर्षों तक उनके वेतन पर 40 प्रतिशत सब्सिडी (अधिकतम 5 लाख प्रतिवर्ष) उपलब्ध कराई जाएगी। इसके साथ ही, बस्तर में स्टील सेक्टर की इकाइयों को 15 वर्षों तक रॉयल्टी रीइम्बर्समेंट की सुविधा प्रदान की जाएगी, जिससे निवेशकों को दीर्घकालिक भरोसा मिलेगा और औद्योगिक विकास को स्थिरता प्राप्त होगी।

**छत्तीसगढ़ में पुलिस विभाग में फेरबदल....**

जिला-बलरामपुर, बृजेश कुमार तिवारी- उप पुलिस अधीक्षक (एटीएस) विशेष शाखा पुलिस मुख्यालय, रायपुर, रमाकान्त साहू- नगर पुलिस अधीक्षक (सिविल लाइन) जिला-रायपुर, चन्द्रशेखर ध्रुव- उप पुलिस अधीक्षक, पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय, सरगुजा, अम्बोस कुजूर- उप पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) जिला-राजनांदगांव, इन्द्रभूषण सिंह- उप पुलिस अधीक्षक, राज्य पुलिस अकादमी चन्द्रखुरी, रायपुर, विपिन रगारी- अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) नगरी जिला-धमतरी, चुन्नू तिग्गा- उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) जिला-महासमुंद, हरविंदर सिंह- उप पुलिस अधीक्षक (बालक विरुद्ध अपराध अन्वेषण शाखा) जिला मुंगेली, श्रीमती रीना नीलम कुजूर- उप पुलिस अधीक्षक जिला-सूरजपुर, सुश्री किसेन्सिया तिर्की- उप पुलिस अधीक्षक, राज्य पुलिस अकादमी, चन्द्रखुरी रायपुर,सुश्री लता चौरे- उप पुलिस अधीक्षक पीटीएस माना, जिला रायपुर, प्रमोद कुमार किस्पोट्टा- उप पुलिस अधीक्षक जिला-बलरामपुर, गोपाल सिंह धुर्वे- उप पुलिस अधीक्षक, राज्य अन्वेषण अभिकरण, पुलिस मुख्यालय, रायपुर श्रीमती गगा धुर्वे- उप पुलिस अधीक्षक (पीटीएस) माना, जिला रायपुर श्रीमती सत्यथा तारम- उप पुलिस अधीक्षक, जिला-जांजगीर-चांपा, श्रीमती मीना चौधरी- उप पुलिस अधीक्षक (पीटीएस) राजनांदगांव, श्रीमती स्वाति मिश्रा- उप पुलिस अधीक्षक, डॉयल 112, जिला-रायपुर श्रीमती कुमारी चंद्राकर- उप पुलिस अधीक्षक पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय, रायपुर रेंज श्रीमती मंजूलता राठौर- उप पुलिस अधीक्षक, जिला-गरियाबंद श्रीमती श्रुति चक्रवती- उप पुलिस अधीक्षक जिला-बालोद सुश्री संतोषी ग्रेस- उप पुलिस अधीक्षक, जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ श्रीमती आशा तिर्की- उप पुलिस अधीक्षक, जिला-जशपुर श्रीमती वैजन्तीमाला तिग्गा- उप पुलिस अधीक्षक, पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय, दुर्ग रेंज किरण गुप्ता- उप पुलिस अधीक्षक (अपराध अनुसंधान विभाग), पुलिस मुख्यालय, रायपुर श्रीमती रोशनी वासनिक (कुजूर)- उप पुलिस अधीक्षक राज्य अन्वेषण अभिकरण (एसआईए) पुलिस मुख्यालय रायपुर श्रीमती उषा सौंधिया- उप पुलिस अधीक्षक जिला-बलौदाबाजार विवेक शर्मा- उप पुलिस, अधीक्षक पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय, बिलासपुर रेंज नरेश कुमार पटेल- उप पुलिस अधीक्षक, पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय, रायपुर रेंज श्रीमती नवी मोनिका शर्मा (पाण्डेय)- उप पुलिस अधीक्षक पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय, राजनांदगांव श्रीमती माया शर्मा- उप पुलिस अधीक्षक, जिला-बालोद।

**सवालों के घेरे में रिलायंस का वनतारा....**

पर प्रतिक्रिया देते हुए वंतारा ने कहा कि संगठन कानून का पालन करेगा। वंतारा के एक अधिकारी ने एक बयान में कहा कि हम माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का अत्यंत सम्मान के साथ स्वागत करते हैं। वंतारा पारदर्शिता, सहानुभूति और कानून के पूर्ण अनुपालन के लिए प्रतिबद्ध है। बयान में आगे कहा गया कि हमारा मिशन और ध्यान जानवरों के बचाव, पुनर्वास और देखभाल पर केंद्रित है। हम विशेष जांच दल को पूरा सहयोग देंगे और जानवरों के कल्याण को हमेशा अपने सभी प्रयासों के केंद्र में रखते हुए ईमानदारी से अपना काम जारी रखेंगे।

# तोरणकट्टा में सर्व समाज द्वारा नशामुक्ति पर बनाए कड़े नियम को किया अनदेखी, बैठक लेकर 63,000 हजार जुर्माना

**राजनांदगांव (दावा)। जिला मुख्यालय से लगभग 8 किलोमीटर दूर बसा सोमनी थाना अंतर्गत आने वाला ग्राम तोरणकट्टा में आमसभा का आयोजन किया गया।जिसमें सर्व समाज के सदस्यों द्वारा गांव में शराबबंदी, जुआं, सट्टा पर प्रतिबंध एवं छोटे बच्चों को दुकान से गुटका पाउच देने पर प्रतिबंध किया गया एवं सार्वजनिक स्थानों में शराब पीने, गांजा पीने एवं पिलाने वालों या बेचने वालों के खिलाफ दंड का प्रावधान किया गया।**



जुआं-सट्टे के साथ आजकल के बच्चों द्वारा मोबाइल में बच्चों का जो लत लगा है उसके संबंध में भी दंड का प्रावधान किया गया है। गांव में कढ़ाई के साथ पालन के लिए विभिन्न नियम बनाए गए। जिसमें शराब पीने वाले को 5000 दंड, शराब पीने वाले की जानकारी बताने वाले को 2000 इनाम दिया जाएगा। शराब गांजा बेचने वाले को 31000 बताने वाले को 5100 इनाम दिया जाएगा और आरोपी अपना दंड स्वीकार नहीं करता है तो डबल चार्ज दंड लिया जाएगा।

शराब, गांजा पीकर गाली गलौच करना,अभद्र व्यवहार व घर में भी गाली गलौज करने वाले को 5100 दंड लिया जाएगा। शराब गांजा पीकर गाली गलौज करने के संबंध में बताने वाले को 1100 इनाम दिया जाएगा। गांव में सट्टा जुआ खेलने वाले को आदमी पीछे 31,000 दंड, बताने वालों को 11000 इनाम दिया जाएगा। जिसके यहां मेहमान या रिश्तेदार आता है और शराब गांजा पीकर गाली गलौज करता है और अभद्र व्यवहार करता है तो 5000 दंड और बताने वाले को 1100 इनाम दिया जाएगा। त्यौहार के समय व कोई भी आयोजन के समय गाली-गलौज और मारपीट करने वाले को व गुट बनाने को प्रति व्यक्ति 11000 का दंड बताने वाले को 2000 ईनाम दिया जाएगा। दुकान में खुला डिस्पोजल गिलास बेचना और खरीदना माना है। लेने व बेचने वाले को 5000 दंड, बताने वाले को 2000 ईनाम। रात 11 बजे तक कोई भी व्यक्ति घूमते हुए वह मोबाइल चलाते हुए पाया गया तो प्रति व्यक्ति 5000 दंड और बताने वाले को 2000 इनाम दिया जाएगा। 15 साल के बच्चों को कम उम्र के बच्चों को गुटखा देना मना है। अगर 15 साल के बच्चों को दुकानदार गुटका और पाउच बेचना मना है नही तो दुकानदार के ऊपर 5000 दंड लिया जाएगा। खरीदने वाले के ऊपर 2000 दंड लिया जाएगा।

मोबाइल गेम खेलने वाले व्यक्ति को व बच्चों के परिवार को 5000 का आर्थिक दंड दिया जाएगा। बताने सूचना वाले को उचित इनाम 2000 दंड लिया जाएगा। सोमवार 8 अगस्त को चमाचम बैठक कर कुल 63,000 हजार रुपए का जुर्माना दंडित सर्व समाज की उपस्थिति में किया गया। इन पैसों को ग्राम विकास के कार्यों में लगाने की बात कही।

**गांव में कड़ाई के साथ पालन के लिए विभिन्न नियम बनाए गए**

### शराबबंदी के कारण और असर : बिगड़ता माहौल

ग्रामीणों ने गावों में शराब के सेवन और बिक्री से उत्पन्न होने वाले नकारात्मक सामाजिक और पारिवारिक माहौल को सुधारने के लिए यह कदम उठाया है।

### सामाजिक जागरूकता

इस पहल के माध्यम से शराब के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता फैलाई जा रही है और लोग अपनी समस्याओं को हल करने के लिए खुद पहल कर रहे हैं।

### कानूनी और सामाजिक दंड

शराब के सेवन और बिक्री पर लगाम लगाने के लिए गावों में बैनर और पोस्टर भी लगाए गए हैं। जिन पर शराब पीने वालों पर 10 हजार रुपये के भारी जुर्माने और कानूनी कार्रवाई की बात लिखी है।

# शासकीय उच्च.माध्यमिक विद्यालय बीजेभांठा में शिक्षक दिवस का रंगा-रंग आयोजन

राजनांदगांव। (दावा)। गत 08 सितंबर को शिक्षक दिवस का आयोजन शास.उच्च.माध्यमिक शाला बीजेभाठा के ऑडिटोरियम हॉल में किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल सम्मान प्राप्त प्राचार्य डॉ. शोभा श्रीवास्तव का स्टाफ के सभी सदस्यों एवं विद्यार्थियों सहित ग्राम प्रमुख एवं अन्य ने गाजे-बाजे के साथ भव्य स्वागत किया गया। उक्त कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने शिक्षकों के सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम का शानदार आयोजन किया। जिसमें गुरूतत्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए समाज में शिक्षक की महिमा एवं गरिमा को रेखांकित किया। उक्त कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष टोमन साहू, भूतपूर्व अध्यक्ष भागवत साहू, सरपंच श्रीमती बसंती कुलदीप, पूर्व सरपंच श्रीमती कुमारी रूपू दासा साहू एवं अन्य वरिष्ठ ग्रामीणजन उपस्थित थे।



**नौ रत्नों का सम्मान के साथ अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन भी**

इस सम्मान समारोह में वर्तमान में राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित प्राचार्य डॉ.शोभा श्रीवास्तव, वरिष्ठ शिक्षकगण कमलेश कुमार साहू, नोहर दास साहू, श्रीमती पी.साहू, श्रीमती मधु देवांगन, सुश्री कनक मंडावी, श्रीमती मिनीमा साहू, नरेन्द्र बोरकर, भूपेन्द्र कुमार बाघेला, मिथिलेश साहू, श्रीमती कांति साहू, योगेश्वर सोनवानी, मनोज कुमार गंगबेर, भोजराज देवांगन, श्रीमती सरिता कोर्राम, श्रीमती सुचित्रा साहू, श्रीमती आरती नशीने, सुश्री जूही चौहान, कम्प्यूटर शिक्षक श्रीमती सोनिका कोर्राम एवं ऑफिस स्टाफ श्रीमती उर्मिला शोरी, थानेश कुमार साहू, लिक्कू साहू, श्रीमती कविता सोनकर, पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक विपला दास साहू, संकुल समन्वयक सौरभ तिवारी, श्रीमती मनीषा रत्नाकर, श्रीमती शीतला बंधे, श्रीमती लता साहू एवं प्राथमिक शाला से प्रधानपाठक श्रीमती आर.बी.गंजीर, अभिनव पाण्डें, श्रीमती किर्ती सिन्हा को उनके शिक्षा के प्रति अभूतपूर्व योगदान के लिए छात्र-छात्राओं द्वारा सम्मानित किया गया।

आयोजन कर्ता विद्यार्थियों में टोमन सिन्हा, चोकेश पटेल, पूजा निषाद, टीशा सोनकर, मनीषा खरे, पूर्वी साहू, डेमन साहू, हरिश साहू, उर्वशी, खिलेश्वरी, आदित्य सहित विद्यालय के समस्त बच्चों ने अपनी उपस्थिति दी।

# भाजपा मार रही करंट, झुलस रहे बिजली उपभोक्ता- संदीप सोनी

राजनांदगांव (दावा)। कांग्रेस के युवा नेता संदीप सोनी ने भाजपा सरकार पर जन विरोधी होने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की हाफ बिजली योजना को साय सरकार ने खत्म कर उसका पोष्ट मार्टम कर दिया है। कहा कि बिजली की दर एकदम से बढ़ाकर उपभोक्ताओं की जेब पर डाका डाल रही सरकार बेशर्मी से यह कह रही है कि हम छत्तीसगढ़ को हाफ बिजली से मुफ्त बिजली की ओर ले जा रहे हैं।



**कहा - कांग्रेस की हाफ बिजली योजना का कर दिया पोष्टमार्टम**

श्री सोनी ने आगे कहा कि भाजपा सरकार पूरी तरह जनविरोधी है। भाजपा सरकार ने जनता से किए गए वादों के ठीक उलट कदम उठाकर आम उपभोक्ताओं की जेब पर सीधा प्रहार किया है। पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार की हाफ बिजली योजना को मौजूदा साय सरकार ने खत्म कर दिया है। इस योजना का लाभ प्रदेश की लाखों घरेलू उपभोक्ता परिवारों को मिल रहा था लेकिन भाजपा सरकार ने इसे बंद कर उसका पोस्टमार्टम कर दिया। भाजपा नेताओं ने जनता को राहत देने के बजाय तकलीफ़ पहुँचाने का काम किया है। अचानक बिजली दरों में वृद्धि कर भाजपा सरकार उपभोक्ताओं पर महंगाई का अतिरिक्त बोझ डाल रही है। बिजली बिलों में हुई बढ़ोतरी से मध्यमवर्गीय और गरीब परिवार सबसे अधिक परेशान हैं। यह सीधे-सीधे जनता की जेब पर डाका डालना है। भाजपा सरकार पर बेशर्मी से जनता को गुमराह करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा सरकार कह रही है कि हम छत्तीसगढ़ को हाफ बिजली से मुफ्त बिजली की ओर ले जा रहे हैं। जबकि हकीकत यह है कि फिलहाल उपभोक्ताओं को झुलसाया जा रहा है। भाजपा जनता से किया गया एक भी वादा निभाने में नाकाम साबित हुई है। श्री सोनी ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द ही बिजली दरों में राहत नहीं दी तो कांग्रेस सड़क पर उतरकर उग्र आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि बिजली जैसी बुनियादी सुविधा पर राजनीति करना प्रदेश की जनता के साथ धोखा है।

# शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला औरदा में शिक्षक दिवस का आयोजन हुआ



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला औरदा के संयुक्त तत्वाधान में शिक्षक दिवस सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें सेवानिवृत्ति शिक्षक आदरणीय नरसिंह यादव, प्रधान पाठक घुमका, महेंद्र कुमार यादव प्रधान पाठक चारभाठा एवं कमलेश यादव प्रधान पाठक को उनके घर जाकर उनका तिलक लगाकर शाल श्रीफल एवं पुष्प कुछ देकर सम्मानित किया गया शाला की प्रधान पाठिका श्रीमती शीला सोनी, सहायक शिक्षक गणराज सिंह राजपूत, कौशल कुमार वर्मा, शाला विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सनत कुमार वर्मा वेदराज जंघेल आंगनबाड़ी की कार्यकर्ता बहने एवं शाला के बच्चों के सहयोग से कार्यक्रम सफल रहा।

# एचआईवी जागरूकता हेतु समता जन कल्याण समिति द्वारा हाईस्कूल सोमनी में कार्यक्रम

राजनांदगांव(दावा)। समता जन कल्याण समिति, राजनांदगांव द्वारा एचआईवी इंतेनसिफई कैंपन के अंतर्गत ग्राम सोमनी स्थित उच्चतर माध्यमिक शाला सोमनी में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को एचआईवी/एड्स एवं यौन संचारित रोगों (एसटीआई) की रोकथाम, बचाव एवं जाँच संबंधी जानकारी प्रदान करना था।



कार्यक्रम की शुरुवात संस्था के अध्यक्ष शिशुपाल खोब्रागड़े के द्वारा संस्था के कार्यो पर प्रकाश डालते हुए जिले मे एचआईवी की स्थिति से अवगत कराया एवं जिले मे मिलने वाली सुविधाओं के विषय मे जानकारी दी गई, कक्षा 10वीं, 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को एचआईवी एवं एसटीआई के फैलने के कारण, सुरक्षित रहने के उपाय, आवश्यक जाँच केंद्रों की जानकारी तथा परामर्श एवं सहायता हेतु राष्ट्रीय टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर - 1097 के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला अस्पताल राजनांदगांव से आईसिटीसी काउंसलर एवं टीआई परियोजना से आउटरिचवर्कर सतरूपा साहू, प्रसन्ना भलाधारे एवं किशन साहू उपस्थित रहे। विद्यालय की ओर से प्राचार्य ईश्वरी कोर्राम सहित व्याख्याता पूर्णिमा चौबे, सुनील भागवत, निर्मला राजपूत एवं प्रभात कुमार साहू की उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

समता जनकल्याण समिति द्वारा इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण व शैक्षणिक संस्थानों में युवाओं को सुरक्षित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

# युगांतर में शिक्षक सम्मान समारोह का शानदार आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। शिक्षा, खेल और सस्कृति के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल में विगत 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन संस्था के चेयरमैन अजय सिंगी, वाइस चेयरमैन अखराज कोटड़िया, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, नरेंद्र कोटड़िया की उपस्थिति में आयोजित हुआ। विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि विद्यार्थियों को अपने स्वतंत्र विकास के लिए चुनौतियों को सामना करना आना चाहिए। उन्होंने इस संबंध में नैतिक शिक्षा से जुड़ी प्रभावी कहानी सुनाई। उन्होंने आगे कहा कि विद्यार्थियों के चहुंमुखी विकास के लिए शिक्षा और संस्कार का भी बड़ा महत्त्व होता है। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति डॉ.ए.पी.जे अब्दुल कलाम के विचारों को अपने उद्बोधन में स्पष्ट किया। इसी तारतम्य में निदेशक (अकेडमिक्स) नरेंद्र कोटड़ीया ने शिक्षक दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह दिन अपने गुरूओं के प्रति आभार प्रकट करने के लिए होता है। निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी ने कहा कि शिक्षक का स्वरूप बहुत विराट है। शिक्षक केवल पाठ्यक्रम पूरा करने का कार्य नहीं करता बल्कि वह विद्यार्थियों को अच्छा कार्य करने के लिए भी प्रेरित करता है। उन्होंने स्कूली शिक्षा के महत्त्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह विद्यार्थी के जीवन में मील के पत्थर की तरह अमिट होती है। विद्यार्थी कभी भी अपने स्कूली जीवन और टीचर्स को नहीं भूलता। वरिष्ठ रिदम शिक्षक गोपी प्रसाद पटेल ने कहा कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में संगीत की भूमिका महत्वपूर्ण होती है।




समारोह की शुरूआत माँ सरस्वती की पूजा अर्चना और पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण द्वारा हुई। बारहवीं के विद्यार्थियों ने शिक्षक-शिक्षिकाओं का खूब आदर व सम्मान किया। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत गीतों व नृत्यों ने सबका मन मोह लिया। बारहवीं के विद्यार्थियों ने म्यूजिक स्किट प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने विषयवार अपनी रूचि और अरूचि को शानदार फिल्मी गीतों के माध्यम से प्रस्तुत किया। समारोह को सफल बनाने में बारहवी के कक्षा शिक्षक, संगीत, नृत्य, कला विभाग ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन सभी ने प्राचार्य के मार्गदर्शन में समारोह को ऐतिहासिक बनाया। इन्होंने विविध वस्तुओं के प्रबंध के लिए पीआरओ का भी सहयोग प्राप्त किया।

समारोह में संस्था के प्रबंध समिति के द्वारा शिक्षक-शिक्षिकाओ का उपहार प्रदान कर सम्मान किया गया। समारोह का संचालन अंग्रेजी विभागाध्यक्ष कंचन सोहल, विज्ञान विभागाध्यक्ष रिंकू राय, सामाजिक विज्ञान, वाणिज्य विभागाध्यक्ष तरूण कुमार महापात्र, रसायन शिक्षक मदनमोहन कालबाँधे के मार्गदर्शन में बारहवी के विद्यार्थियों ने किया। समारोह में बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। शिक्षक दिवस को सफल बनाने में स्टूडेंट कौन्सिल के पदाधिकारियों ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# श्री रघुनंदन युवा समिति सुदर्शन वाल्मीकि समाज ने धूमधाम से मनाया गया गणेश विसर्जन



डोंगरगढ़ (दावा)। डोंगरगढ़ में गणेश विसर्जन की धूम रही। सेवा नगर का राजा गणपति बप्पा के प्रतिमा का विसर्जन पारंपरिक तरीके से शहनाई और ढोल-ताशों के साथ किया गया। इस अवसर पर शहर के विभिन्न मार्गो से शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सुदर्शन वाल्मीकि समाज के अध्यक्ष, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष व सांसद प्रतिनिधि तरुण हथेल ने बताया की गणपति बप्पा की शोभायात्रा में शहनाई और ढोल-ताशों की धुन पर नृत्य करते हुए श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा की भक्ति में डूबकर उनकी पूजा-अर्चना की। विसर्जन स्थल पर पहुंचकर गणपति बप्पा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया।इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा को विदाई देते हुए अगले वर्ष जल्दी आने की कामना की। गणेश विसर्जन के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पुलिस और प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे।गणेश विसर्जन के इस आयोजन ने डोंगरगढ़ के लोगों की एकता और भक्ति का अद्भुत संगम दिखाया।

# राजीव नगर बसंतपुर में विकास कार्यो का भूमिपूजन

राजनांदगांव (दावा)। शहर विकास की कड़ी में वार्ड क्रमांक 42 एवं वार्ड क्रमांक 43 राजीव नगर-बसंतपुर में अधोसंरचना मद से 30 लाख रुपए की स्वीकृति राशि का भूमिपूजन किया गया।



**30 लाख की स्वीकृति राशि से नाली व सीमेंटीकरण होगा**

इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि देवशरण सेन, चेयरमेन श्रीमती वर्षा शरद सिन्हा, वार्ड पार्षद श्रीमती अमृता मोहन सिन्हा, वार्ड पार्षद श्रीमती खेमिन राजेश यादव, वरिष्ठ पार्षद रवि सिन्हा तथा पार्षद श्रीमती अपूर्वा समीर श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

सांसद प्रतिनिधि श्री सेन ने कहा कि पिछले पाँच वर्षों में शहर का विकास ठहर गया था किंतु मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की भाजपा सरकार बनने के बाद विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं सांसद संतोष पाण्डेय के मार्गदर्शन तथा महापौर मधुसूदन यादव के नेतृत्व में विकास की गाड़ी पुनः पटरी पर लौटी है।

इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 42 में 10 लाख तथा वार्ड क्रमांक 43 में 20 लाख की राशि स्वीकृत की गई है, जिससे नाली निर्माण और सीमेंटीकरण कार्य होंगे। उन्होंने कहा कि इस स्वीकृति से स्थानीय नागरिकों को राहत मिलेगी और मूलभूत सुविधाओं में सुधार होगा। भूमिपूजन अवसर पर नगर निगम इंजीनियर अनूप पांडे, पार्षद प्रतिनिधि राजेश यादव, पार्षद प्रतिनिधि मोहन सिन्हा, चेतन यादव, नरेश सारथी, माखन यादव, श्रीमती भारती साहू, कीर्ति साहू, ललिता गुप्ता, केवल साहू, विनोद श्रीरंगे, शोभा साहू, कन्हैया लाल खोबरागड़े, श्रीमती रीमन साहू, आशा मेश्राम, किरण यादव समेत वार्डवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष में एक दिवसीय संगोष्ठी विकसित छत्तीसगढ़ का आयोजन

डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय कुंज बिहारी चौबे महाविधालय लाल बहादुर नगर में छत्तीसगढ़ के गौरवशाली 25 वर्ष पूर्ण रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष में एक दिवसीय संगोष्ठी विकसित छत्तीसगढ़ का आयोजन किया गया( यह संगोष्ठी प्राचार्य डॉ. आरके ठाकुर के निर्देशानुसार एवं अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. श्रीमती हेमलता गायकवाड़ सहायक प्राध्यापक के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि छबिधर साहू उपाध्यक्ष नगर पंचायत लालबहादुर नगर एवं अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. आर.के. ठाकुर तथा विशिष्ट अतिथि रमेश यादव सभापति खाद्य नागरिक आपूर्ति स्वास्थ्य एवं चिकित्सा, श्रीमती प्रीति ताम्रकर सभापति शिक्षा विभाग, राजेश देवांगन सभापति लोक निर्माण विभाग, भूपेंद्र खोबरागड़े सभापति पुनर्वास एवं सामान्य प्रशासन, रूपचंद रजक पार्षद, मोरध्वज साहू पार्षद, श्रीमती सरस्वती ढीमर पार्षद , योगेश साहू पार्षद, श्रीमती निकिता ताम्रकर पार्षद , टिकेश्वर साहू पार्षद, मृगलाल साहू पार्षद, रानू भोमेश साहू पार्षद आदि उपस्थित थे।




सर्वप्रथम मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्राचार्य डॉ. आर.के. ठाकुर ने अपने अध्यक्षीय भाषण में छत्तीसगढ़ के निरंतर विकास जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, तकनीकी तथा अधोसंरचना में मूलभूत परिवर्तन परिलक्षित हो रही है और 2047 तक छत्तीसगढ़ एक विकसित राज्य के रूप में उभर कर सामने आएगी। विशिष्ट अतिथि श्रीमती निकिता ताम्रकर, रमेश यादव सभापति, श्रीमती प्रीति ताम्रकर सभापति,संगोष्ठी के मुख्य अतिथि छबिघर साहू ने अपने विचार रखे। अतिथियों को श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रो. बीआर चंद्रवंशी एवं आभार व्यक्त आईक्यूंएसी प्रभारी प्रो मनोहर बोकडे द्वारा किया गया।

### जब देश स्वर्ण जयंती मनाएगा, छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य के रूप में गिना जाएगा - डॉ. ईव्ही रेवती

संगोष्ठी के द्वितीय सत्र में मुख्य अतिथि के रुप में डॉ. कोमल सिंह शार्वा सेवानिवृत प्राचार्य, शासकीय दानवीर तुला स्नातकोत्तर महाविद्यालय उतई, कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रचार्य डॉ. आरके ठाकुर एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. श्रीमती ई.व्ही. रेवती प्राचार्य शासकीय नेहरु स्नाकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ एवं लोक बाबू वरिष्ठ कथाकार दुर्ग उपस्थित थे। प्राचार्य डॉ. आर.के. ठाकुर ने स्वागत भाषण में अतिथियों का स्वागत करते हुए छत्तीसगढ़ का विकास और अधोसंरचना पर विस्तार से जानकारी दी और गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा पर जोर दिया गया। विशिष्ट अतिथि डॉ. श्रीमती ई.व्ही. रेवती प्राचार्य शासकीय नेहरु स्नाकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ ने विकसित छत्तीसगढ़ 2047 के परिप्रेक्ष्य में कहा कि जब भारत देश स्वर्ण जयंती मनाएगा उस समय छत्तीसगढ़ को एक विकसित राज्य के रूप में गिना जाएगा। लोक बाबू वरिष्ठ कथाकार दुर्ग ने भी अपने विचार रखे। मुख्य अतिथि डॉ. कोमल सिंह शार्वा सेवानिवृत प्राचार्य विकसित छत्तीसगढ़ पर अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य का प्रथम बजट लगभग पांच हजार करोड़ था, जो अब 2025 में लगभग एक लाख 62 हजार करोड़ का हो गया। इससे स्पष्ट होता है कि छत्तीसगढ़ विकास के पथ पर अग्रसर है एक दिवसीय संगोष्ठी में छात्र छात्राएं-डेकेश्वर, रितेश पटेल हेमप्रकाश, एवं त्रिवेणी ने पेपर वाचन किया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. श्रीमती हेमलता गायकवाड़ एवं आभार प्रदर्शन प्रो. बीआर चंद्रवंशी ने किया।

उक्त संगोष्ठी को सफल बनाने में बी.आर चंद्रवंशी, मनोहर बोकड़े, अरूण साहू, सुश्री सोनल नागवंशी, सूर्यकांत वर्मा,श्रीमती नम्रता परिचर्चा, डा कविता यदु, राजेश चक्रधारी, सुश्री सीमा एक्का, सुश्री कामिनी वर्मा, सुश्री ज्योति वर्मा, सुश्री प्रीति साहू, रूपेश बंसोड,व्ही.गौतम राव तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# कॉन्फ्लूएंस महाविद्यालय में गणेश विसर्जन कार्यक्रम संपन्न





राजनांदगांव (दावा। )कॉन्फ्लूएंस महाविद्यालय में इस साल भी गणेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कॉलेज के बेस्ट प्रैक्टिस, एन.एस.एस. और आई.क्यू.ए.सी. सेल ने मिलकर गणेश की पूजा, हवन और विसर्जन का आयोजन किया। छात्रों ने सबसे पहले विधि-विधान से हवन-पूजन किया। जिसके बाद सभी ने मिलकर ग्राम पंचायत पारींकला के विसर्जन स्थल पर गणपति जी का विसर्जन किया।

कॉलेज की प्राचार्या डॉ. रचना पांडे ने बताया कि हर साल छात्रों द्वारा गणेश जी की स्थापना, पूजा और विसर्जन का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया जाता है।

बेस्ट प्रैक्टिस सेल की प्रभारी श्रीमती प्रीति इंदोरकर और एन.एस.एस. अधिकारी विजय मानिकपुरी ने इस कार्यक्रम का सफल संचालन किया। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में छात्र पूरी आस्था के साथ हिस्सा लेते हैं और ज्ञान व बुद्धि के देवता श्री गणेश की आरती, भजन-कीर्तन और विसर्जन करते हैं।

# यूरिया नहीं मिलने से नाराज किसानों ने गले में रस्सी का फंदा लगाकर किया अनूठा प्रदर्शन

राजनांदगांव (दावा)। शहर से 7 किमी दूर ग्राम सिंघोला क्षेत्र के किसानों ने यूरिया खाद नहीं मिलने पर कलेक्ट्रेट पहुंचकर जमकर नाराजगी व्यक्त की और गले में रस्सी का फंदा लगाकर अनूठे ढंग से प्रदर्शन किया। किसानों के इस प्रदर्शन से लोग भौंचक रह गए। इस दौरान किसानों द्वारा मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। किसानों के इस प्रदर्शन में एनएसयूआई के पदाधिकारी भी साथ रहे और किसानों को यूरिया खाद नहीं मिलने पर उन्होंने भी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार पर जमकर निशाना साधा।



- भ्रष्ट प्रबंधक तामेश्वर साहू को हटाए जाने की मांग
- सीएम साय पर जमकर साधा निशाना, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

### सोसायटियों में नहीं मिल रहा खाद

सिंघोला क्षेत्र से बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट पहुंचे किसानों ने बताया कि सिंघोला सोसाइटी में समय में खाद नहीं मिल रहा है। जिससे उनकी खेती-किसानी के ऊपर संकट का बादल मंडराने लगे है। वहीं किसानों ने बताया कि सोसाइटी के प्रबंधक तामेश्वर साहू के ऊपर भ्रष्टाचार के कई बार आरोप लग चुके है, लेकिन नेताओ के संरक्षक के कारण उसके खिलाफ आज तक कोई कार्यवाही नही की गई है। जिसका सबूत हम किसानों द्वारा कलेक्टर को दिया जा चुका है। इसके बावजूद भी अब तक उनको हटाया नहीं गया है।

### प्रबंधक व प्राधिकृत अधिकारी कर रहे गबन

किसानों का कहना है कि जब से प्रभारी समिति प्रबंधक के पद पर तामेश्वर साहू आया है। तब से तमेश्वर और समिति प्रबंधक व प्राधिकृत अधिकारी आशोक साहू दोनों मिलकर के समिति के कार्यों को व्यापार समझ के गलत तरीके से चला रहे हैं। समिति प्रबंधक व प्राधिकृत अधिकारी द्वारा बहुत अधिक मात्रा में पैसो को अपने निहित स्वार्थ के लिए गबन किया जा रहा है।

किसानों का कहना है कि उक्त दोनों द्वारा किसानों की बिना अनुमति से उसके क्रेडिट कार्ड से अधिक मात्रा में खाद निकला गया है। जैसे कि एक-एक किसानों के खाता से 40000 (चालीस हजार रुपए) तक के खाद निकाल कर उसे उचित मूल्य से अधिक मूल्य में बेचा गया है। शासन द्वारा किसानों के लिए जो खाद आता है, उसे नगद बेचकर अधिक पैसा कमा कर प्रशासन व किसानों के विरुद्ध काम किया जा रहा है। (जिनके खातों से विना अनुमति से खाद निकाला गया। उनका लिखित बयान संलग्न है। किसानों ने यह भी बताया कि संघोला समिति के खाद गोदाम में खाद होने के बावजूद किसानों को खाद नहीं होने की बात कही जा रही है, जबकि 2 माह से खाद स्टॉक रजिस्टर में डी.ए.पी. (18:46) है, लेकिन आज भी खाद गोदाम में खाद रखा है।

### हड़ताल करेंगे किसान

किसानों के साथी डोमार साहू का कहना है कि शिकायत के बाद भी प्रबंधक तामेश्वर साहू के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। उसके खिलाफ कलेक्टर को सौंपा गये सबूत के बावजूद उसे आज तक हटाया नहीं गया है। इससे हमें लग रहा है कि हम किसानों की किसी प्रकार सुनवाई नहीं हो रही है। किसानों ने कहा कि अगर सोसायटी के भ्रष्ट प्रबंधक तामेश्वर साहू को नहीं हटाया गया तो वे अनिश्चितकालीन हड़ताल करने बाध्य हो जाएंगे। जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# शहर में बेलगाम चाकूबाजी, नवांगांव बापूटोला में 3 की मौत, सड़क में किया प्रदर्शन



राजनांदगांव (दावा)। गणेश विसर्जन के बाद से राजनांदगांव शहर सहित पूरे जिले में चाकूबाजी की घटनाओं में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है, जिससे कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। बीते कुछ दिनों में हुई चाकूबाजी की घटनाओं ने तीन परिवारों को उजाड़ दिया है, जबकि कई अन्य घायल हैं। गणेश विसर्जन के दिन दीवानपारा के गणेश पंडाल से शुरू हुई हिंसा के बाद से बजरंगपुर, नवांगांव, बापूटोला, चिखली और बसंतपुर में लगातार चाकूबाजी हो रही है। बजरंगपुर नवांगांव में हुई अलग-अलग वारदातों में तीन लोग, सचिन दास, राकेश ढीमर और किसन राजपूत, मौत के शिकार हो गए। किसन राजपूत की मौत के बाद आक्रोशित लोगों ने मंगलवार रात को सड़क पर उतरकर चक्का जाम कर दिया। प्रदर्शनकारी इलाके में एक पुलिस चौकी खोलने और अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने की मांग कर रहे थे।

- चार लोगों की हुई मौत, आक्रोश में लोग
- एक्शन में आया पुलिस प्रशासन, चौकी चिखली प्रभारी व सउनि हुए निलंबित

### छात्र पर जानलेवा हमला, अन्य घटनाएं

शहर में हिंसा का सिलसिला यहीं नहीं रुका। मंगलवार सुबह तीन स्कूटी सवार युवकों ने आयुर्वेदिक कॉलेज के छात्र टेक प्रसाद बोईर से पेट्रोल के लिए पैसे मांगे। पैसे न देने पर उन्होंने चाकू से उसके पीठ पर कई वार कर उसे अधमरा कर दिया। गंभीर हालत में टेक प्रसाद को मेकाहारा रायपुर रेफर किया गया है। इसके अलावा, बापूटोला में एक युवक पर हंसिए से हमला किया गया। जबकि डोंगरगढ़ और खैरागढ़ में भी गणेश विसर्जन के दौरान चाकूबाजी हुई। सोमनी थाना क्षेत्र के जोरातराई गांव में रेलवे ट्रैक के पास मिले एक शव की भी धारदार हथियार से हत्या की पुष्टि हुई है।

### पुलिस अधीक्षक ने की कार्रवाई

लगातार हो रही इन घटनाओं और लोगों की नाराजगी के बाद, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने एक्शन लिया है। बजरंगपुर नवांगांव की घटनाओं के मद्देनजर उन्होंने चौकी चिखली प्रभारी अरुण कुमार नामदेव और सहायक उप-निरीक्षक इब्राहिम खान को निलंबित कर दिया है। पुलिस ने इन घटनाओं के संबंध में अब तक कुल 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। शहर के लोग इस बात से हैरान हैं कि इन युवकों के पास चाकू जैसे घातक हथियार इतनी आसानी से कैसे पहुंच रहे हैं। वे सवाल उठा रहे हैं कि क्या ये हथियार ऑनलाइन मंगाए जा रहे हैं और अगर हाँ तो पुलिस की साइबर टीम इस पर नजर क्यों नहीं रख रही है। लोगों का मानना है कि इन हथियारों की उपलब्धता पर रोक लगाकर ही ऐसी वारदातों को रोका जा सकता है।

# रॉयल किड्स कॉन्वेंट के पूर्व छात्र विकास गोलछा केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा हुए सम्मानित



राजनांदगांव (दावा)। रॉयल किड्स कान्वेंट के भूतपूर्व छात्र विकास गोलछा (सीए) को उनके उत्कृष्ट कार्यो के लिए केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में मिला, जहां उनकी उपलब्धियों और प्रतिभा को पहचान मिली। विकास गोलछा की इस उपलब्धि पर शहर व शाला में खुशी की लहर है और उनकी सफलता के लिए उन्हें बधाई दी जा रही है। निर्मला सीतारमण ने अपने हाथों से उन्हें सर्टिफिकेट प्रदान किया, जो उनके लिए एक बड़ा सम्मान है।

विकास गोलछा की उपलब्धि न केवल उनके लिए बल्कि उनके स्कूल के लिए भी गर्व की बात है। यह सम्मान उनकी मेहनत और प्रतिभा का परिणाम है, जो उन्हें आगे भी सफलता की ऊंचाइयों तक ले जाएगा। इस उपलब्धि पर शाला के छात्रों में उत्साह और प्रेरणा का माहौल है, जो उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगा। इस अवसर पर शाला की अध्यक्षा श्रीमती डॉ. सविता जे बी. सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, प्रशासक संजय बहादुर सिंह बोर्ड मेंबर टी.एस. बग्गा, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, श्रीमती मनीषा सिंह, आई.के. वैष्णव, एकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल, श्रीमती एकता खंडेलवाल, श्रीमती ममता मिश्रा, सुश्री सरिता सिंह, श्रीमती अपर्णा वर्मा एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने विकास गोलछा को ढेर सारी शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

# जंगल के रास्ते से कत्लखाना ले जा रहे पशु तस्करों को पुलिस ने रंगे हाथ पकड़ा



- वाहन सहित भागने के फिराक में थे आरोपी
- कब्जे से 2 नग मवेशी एवं पिकअप वाहन जप्त

राजनांदगांव (दावा)। जिले के बागनदी पुलिस ने अपने थाने क्षेत्र से रात को चोरी-छिपे नक्सली वाले जंगल के रास्ते से पिक वाहन में तिरपाल से ढंककर मवैशी ले जा रहे पशु तस्करों को धर दबोचा है। पुलिस ने उनके पास से कृषि योग्य 2 भैंसा मवेशी और उसे ले जाने में प्रयुक्त पिकअप वाहन को जब्त किया है। बताया जाता है कि आरोपियों के विरूद्ध की गई पशु क्रूरता के तहत् अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

बागनदी थाना प्रभारी विजय मिश्रा ने बताया कि मंगलवार 9 सितंबर की रात्रि में थाना बागनदी पुलिस मुखबीर से सूचना मिली कि एक सफेद कलर के बोलेरो पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 08 एए 8239 में अवैध रूप से कृषि योग्य मवेशी को वाहन में भरकर ग्राम कोठीटोला जंगल रास्ता तरफ से कत्लखाना नागपुर महाराष्ट्र की ओर ले जा रहा है। जिस पर जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के दिशा निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के मार्गदर्शन में तथा उनके नेतृत्व में कैम्प कोठीटोला के सामने रोड पर चेकिंग के दौरान सफेद रंग के बोलेरो पिकअप में पीछे चारों तरफ काले रंग के तिरपाल से ढंका हुआ था। वाहन को रोकने पर चालक द्वारा तेजी से भगाने का प्रयास किया गया। जिसे स्टापर लगाकर मार्ग अवरूद्ध कर घेराबंदी कर पकड़ा गया। वाहन के पीछे तरफ चेक करने पर उसके अंदर 2 नग मवेशी (भैंसा) काले कलर को चारों तरफ से बंदकर उठने-बैठने के लिए जगह नहीं और चारा-पानी की व्यवस्था किये बिना मवेशियों को क्रूरता पूर्वक भरकर परिवहन करना पाया गया।

### पुलिस द्वारा धरे गए दोनों पशु तस्कर

आरोपी नेहरू दास मंडले पिता शुधचंद मंडले उम्र 25 वर्ष निवासी सीतागोटा थाना बागनदी, एवं कृष्णा बुधराम तुरकर पिता बुधराम तुरकर उम्र 33 वर्ष निवासी कुलरभट्टी, थाना सालेकसा जिला गोंदिया (महाराष्ट्र) को कड़ाई से पूछताछ करने पर उक्त मवेशी को अपने साथी के साथ गेरूघाट जोब से भरकर कत्लखाना ले जाना बताया। आरोपीगणों के कब्जे से 2 नग मवेशी (भैंसा) कीमती करीबन 50,000 रूपये एवं एक सफेद कलर का बोलेरो पिकअप वाहन कीमत करीबन 5 लाख रूपये जुमला कीमती साढ़े 5 लाख रूपये जप्त किया गया। आरोपियों के खिलाफ थाना बागनदी में अपराध क्रमांक 25/2025 धारा कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 4, 6, 10 पशु क्रूरता अधिनियम धारा 11, मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 66/192 कायम कर उन्हें विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

# चिखली पुलिस चौकी में नए प्रभारी की पदस्थापना, उप निरीक्षक कैलाशचंद मरई को दी जिम्मेदारी

### नांदगांव पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने आदेश जारी कर चिखली चौकी की कमान सौंपी, पहले सायबर सेल में थे पदस्थ



राजनांदगांव (दावा)। जिले में पुलिस प्रशासन को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने आदेश जारी कर उप निरीक्षक कैलाशचंद मरई को चिखली पुलिस चौकी का प्रभारी नियुक्त किया है। उप निरीक्षक कैलाशचंद मरई पहले राजनांदगांव सायबर सेल में अपनी सेवाएँ दे रहे थे। अपने कार्यकाल में उन्होंने साइबर अपराध से संबंधित मामलों में प्रभावी कार्रवाई कर प्रशासन की कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने में योगदान दिया है। उनकी कार्यकुशलता और समर्पण को ध्यान में रखते हुए उन्हें चिखली चौकी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। चिखली क्षेत्र में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करना और आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने आशा जताई है कि उप निरीक्षक मरई की नियुक्ति से क्षेत्र में अपराध नियंत्रण में मदद मिलेगी और पुलिस की छवि और मजबूत होगी।

# राजनांदगांव में उत्पात मचाने वाले 5 असामाजिक तत्व गिरफ्तार, भेजा गया जेल



राजनांदगांव (दावा)। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में लोगों के बीच दहशत फैलाने वाले पाँच असामाजिक तत्वों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इन सभी आरोपियों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेज दिया गया है।

कोतवाली थाना प्रभारी रामेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश पर असामाजिक तत्वों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार 10 सितंबर को पुलिस को बजरंग चौक, संगम चौक तुलसीपुर और अटल आवास केसर नगर में कुछ युवकों द्वारा उत्पात मचाने और राहगीरों के साथ गाली-गलौज करने की सूचना मिली थी। पुलिस टीम जब मौके पर पहुंची और उन्हें समझाने की कोशिश की, तो आरोपी उत्तेजित होकर मारपीट पर उतारू हो गए। इसके बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उन्हें हिरासत में ले लिया।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों में नितेष हुमने (29) निवासी केसर नगर, अजय चंद्रिकापुरे (18) केसर नगर, युवराज सिंह (21) निवासी तुलसीपुर, सिद्धार्थ लहरे (19), निवासी न्यू सिविल लाइन, वैभव सेन (18) निवासी तुलसीपुर आदि है। इन सभी के खिलाफ धारा 170 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की गई। बाद में उन्हें कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया। जहां से जेल वारंट मिलने पर उन्हें जिला जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने साफ किया है कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए असामाजिक तत्वों के खिलाफ उनका अभियान जारी रहेगा।

# डोंगरगांव पुलिस ने दो असामाजिक तत्वों पर की प्रतिबंधात्मक कार्रवाई



डोंगरगांव (दावा)। पुलिस ने क्षेत्र में शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से दो असामाजिक तत्वों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया। जहाँ से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

डोंगरगांव थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश पर उनकी टीम लगातार गश्त कर रही है और अवैध गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है। इसी अभियान के तहत क्षेत्र में उत्पात मचाने वाले दो युवक लिखूराम (24) और धर्मेन्द्र निषाद (30) के खिलाफ धारा 170/126, 135(3) बीएनएसएस के तहत इस्तगासा तैयार कर उन्हें माननीय एसडीएम न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। न्यायालय के आदेश के बाद दोनों को जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

# पितृ पक्ष में अनेक श्रद्धालु अभिलाषा पहुंचकर बच्चों को करा रहे हैं रुचिकर भोजन



राजनांदगांव (दावा)। नगर में संचालित दिव्यांगजनों के कल्याणार्थ शिक्षण प्रशिक्षण सह पुनर्वास संस्थान अभिलाषा राजनांदगांव में इन दिनों अनेक श्रद्धालु अपने प्रियजनों की यादगार तिथि में अभिलाषा पहुंचकर दिव्यांग बच्चों को रुचिकर भोजन करा रहे हैं। यह शिलशिला पितृ पक्ष प्रारंभ तिथि आठ सितंबर से प्रारंभ होकर इक्कीस सितंबर तक चलेगा। अब तक स्व. डीएस चंद्राकर दुर्ग की स्मृति में उनकी धर्मपत्नी श्रीमती राधा बाई एवं उनकी पुत्री श्रीमती हेमा देशमुख पूर्व महापौर राजनांदगांव, स्व. पंडित दीपक बाजपेयी की स्मृति में नीरज बाजपेयी एवं परिवार, स्व. अरुण गुप्ता की स्मृति में गुप्ता परिवार द्वारा भोजन करा गया है। आगे की तिथियों के लिए नगर के श्रद्धावान दिनेश चौरसिया, महेश श्रीवास्तव, हरिकुमार साहू मानव मंदिर, स्व. शरद राठौड़ स्मृति में गीता राठौर सहित राजा मखीजा द्वारा सदाणी सेवा मंडल की ओर से तिथि आरक्षित कराया गया है। अभिलाषा संस्था के अध्यक्ष संतोष कुमार बोद्दून, सचिव श्रीमती रूपम सोनछत्रा, कोषाध्यक्ष नीरज बाजपाई, संयुक्त सचिव आलोक बिंदल, राजेश अग्रवाल, सदस्य संतोष खंडेलवाल, सुदामा मोटलानी, महेश खंडेलवाल, जनसंपर्क प्रभारी सूरज बुद्धदेव ने बताया कि जो भी श्रद्धालु संस्था पहुंचकर बच्चों को भोजन कराने की इच्छा रखते हैं। वे संस्था के प्रशासक दिलीप श्रीवास्तव या प्राचार्य सह अधीक्षक श्रीमती वंदना तुरहाते से संपर्क कर तिथि एवं समय आरक्षित कर फल, नाश्ता आदि वितरण कर सकते हैं। युक्त जानकारी संस्था के प्रशासक दिलीप श्रीवास्तव द्वारा दिया गया।

# संतोष पिल्ले के बयान पर नगर निगम चेयरमेन सावन वर्मा का पलटवार



**कार्यकाल में पुरस्कार वितरण न करने पर उठाए सवाल**

राजनांदगांव (दावा)। लगातार रचनात्मक गतिविधियों में अवरोध पैदा करना कांग्रेस की फितरत में है। यही कारण है कि गणेश पुरस्कार जैसे विषय को लेकर बयान जारी कर यह बताने की चेष्टा की गई कि मुद्दे की राजनीति और सिद्धांत की राजनीति से कांग्रेस विलग हो चुकी है। कांग्रेस पार्षद एवं नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले के विवादित बयान को लेकर भाजपा नेता एवं निगम चेयरमेन सावन वर्मा ने तीखा पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि निगम की चिंता करने वाले पिल्ले जी यह भूल गए हैं कि यह पुरस्कार उनके कार्यकाल का था, जब वे स्वयं निगम के चेयरमैन थे। गौरतलब है कि गणेश पर्व के तुरंत बाद पुरस्कारों की घोषणा की गई थी, लेकिन इसके बावजूद भी पिल्ले जी के कार्यकाल में उन्हें वितरित नहीं किया गया था।

सावन वर्मा ने स्पष्ट किया कि डॉ. रमन सिंह जो विधानसभा अध्यक्ष हैं और राजनांदगांव के विधायक भी हैं, के माध्यम से यह पुरस्कार वितरण किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि आज जब महापौर द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया तो संतोष पिल्ले इस पर बयानबाजी कर रहे हैं। सावन वर्मा ने कहा कि बात हाउस में कार्यक्रम कराने की है, तो महापौर ने डॉ. साहब से निवेदन किया और गणेश पर्व को चलते देख डॉ. साहब की व्यस्तता के कारण और संस्कारधानी के प्राचीन गणेश पर्व एवं गरिमा को देखते हुए उनसे हाउस में पुरस्कार दिलाए। श्री वर्मा ने संतोष पिल्ले को सलाह दी कि वे बयान देने से पहले अपने पिछले कार्यकाल में किए गए कार्यों की समीक्षा अवश्य कर लें। सावन वर्मा ने कहा जो व्यक्ति निगम की चिंता करता है। उसे यह नहीं भूलना चाहिए कि यह पुरस्कार उसी के कार्यकाल के दौरान घोषित हुआ था, लेकिन उन्होंने उसे वितरण नहीं कराया। अब जब वितरण कराया गया है, तो आरोप-प्रत्यारोप करना उचित नहीं है।

# मोदी सरकार के जीएसटी सुधार से भारत जल्द बनेगा तीसरी महाशक्ति - सचिन सिंह बघेल



**कहा- वस्तु एवं सेवा कर में सुधार से आम आदमी खुशहाल होगा**

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल ने केंद्र की मोदी सरकार द्वारा किए गए जीएसटी सुधारों को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से आर्थिक सशक्तिकरण की ओर अग्रसर है और आने वाले कुछ वर्षों में भारत दुनिया की तीसरी महाशक्ति बनकर उभरेगा।

श्री बघेल ने कहा कि जीएसटी सुधार का सबसे बड़ा लाभ आम नागरिक को मिलेगा। अब तक लोगों को अनेक वस्तुओं और सेवाओं पर ज्यादा टैक्स देना पड़ता था, लेकिन नवरात्रि से लागू होने वाले नए प्रावधानों के तहत टैक्स स्लैब को घटाकर केवल दो कर दिया गया है। इससे दैनिक जीवन की आवश्यक वस्तुएं सस्ती होंगी और आम आदमी की बचत में बढ़ोत्तरी होगी। किसानों के लिए यह सुधार सहारा और संबल साबित होंगे। कृषि उपकरणों पर लगने वाला टैक्स कम कर दिया गया है। जिससे खेती की लागत घटेगी और किसानों का बोझ हल्का होगा। उन्होंने कहा कि यह कदम किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में एक ठोस पहल है। सुधारित जीएसटी व्यवस्था से छोटे व्यापारी और उद्योगपति भी लाभान्वित होंगे।

टैक्स संरचना सरल होने से व्यापार करना आसान होगा। इससे मेक इन इंडिया स्टार्टअप इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियानों को गति मिलेगी। छोटे व मध्यम उद्योगों को प्रोत्साहन मिलेगा और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। बीमा सेवाओं सहित कई अन्य आवश्यक सेवाओं पर टैक्स में कटौती की गई है। इससे गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को सुरक्षा कवच प्राप्त होगा और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। मोदी सरकार के सुधार केवल देश की आंतरिक व्यवस्था को ही नहीं बदलेंगे। बल्कि भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को भी नई ऊँचाइयों तक ले जाएंगे। आने वाले समय में भारत अमेरिका और चीन के बाद दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी महाशक्ति के रूप में स्थापित होगा। मोदी सरकार ने हमेशा गरीब, किसान, युवा और व्यापारी वर्ग को ध्यान में रखकर नीतियां बनाई हैं। जीएसटी सुधार उसी श्रृंखला का हिस्सा है जो देश को आर्थिक रूप से सशक्त और विश्व पटल पर अग्रणी बनाने का काम करेगा।


शिव बोरवेल्स एण्ड पंप्स
नंदई चौक, राजनांदगांव
98271-56852
94241-15737
(हेमंत साहू)
सभी प्रकार के सबमर्सिबल पंप के विक्रेता...



किराये से उपलब्ध है
दुकान, मकान, गोदाम, फ्लैट किराए पर उपलब्ध है
पता – 1. गोल बाजार मस्जिद के सामने वीआईपी गली हमाल पारा, राजनांदगांव 2. चांदनी सुहाग भंडार के सामने (नवयुवक गणेश मंडल गली में) हमाल पारा राजनांदगांव। संपर्क करें –
चांदनी सुहाग भंडार
गुड़ाखू लाइन राजनांदगांव
मो. 9302435886, मो. 9827951560

आवश्यकता है
दैनिक दावा अखबार में विज्ञापन/मार्केटिंग कार्य हेतु कुशल एवं अनुभवी लड़के की आवश्यकता हैं। वेतन आकर्षक! संपर्क समय :- दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक।
संपर्क करें - दैनिक दावा कार्यालय
बल्देव बाग, राजनांदगांव, मो.- 93004-14726


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com